आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
कल्की अवतार
पेशवा बाजीराव जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 215 | उज्जैन, मंगलवार 18 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




## देश विदेश

### राहुल-सोनिया पर वंदे मातरम के अपमान का आरोप, जांच शुरू

**बेंगलुरु।** दिल्ली पुलिस ने राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ वंदे मातरम के अपमान से जुड़े मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत 16 अगस्त को आईपी एस्टेट थाने में एक वकील ने दी थी। इसमें दोनों नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वंदे मातरम के शुरूआती हिस्से के बाद सोनिया गांधी ने कुछ इशारे किए, जिन्हें गाना जारी रखने पर आपत्ति के तौर पर देखा गया। शिकायत में एक वीडियो का भी जिक्र है। इसमें राहुल गांधी के कथित तौर पर हम वंदे मातरम नहीं गाएंगे कहने का दावा किया गया है। उधर, भाजपा ने सोनिया गांधी के खिलाफ बेंगलुरु और मंगलुरु में पुलिस शिकायत दर्ज कर वंदे मातरम के अपमान का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की।

### देवेंद्र फडणवीस की दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात

**मुंबई/नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम घोषित होने से पहले बीच सोमवार को नई दिल्ली में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई है। इस मुलाकात की जानकारी आते ही नई दिल्ली से लेकर मुंबई और नागपुर तक राजनीति गरमा गई। चर्चा शुरू हो गई कि क्या देवेंद्र फडणवीस भी केंद्र में आने वाले हैं? पीएम मोदी से मुलाकात के बाद देवेंद्र फडणवीसने खुद सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की हैं। इनमें उन्होंने लिखा है कि देश के सफल प्रधानमंत्री और भारत के ग्लोबल लीडर, नरेंद्र मोदी से आज नई दिल्ली में मुलाकात हुई और अलग-अलग विषयों पर डिटेल में बातचीत हुई।

### सोमी अली ने किया गोविंदा का सपोर्ट



**सुनीता के आधी उम्र की लड़की के साथ घूमने वाले बयान पर कहा- वो रोजी-रोटी कमाने में लगे**

**मुंबई।** गोविंदा इन दिनों पत्नी सुनीता आहूजा के बयानों से सुर्खियों में हैं। गोविंदा के कम उम्र की को-एक्ट्रेस के साथ दिखने पर सुनीता ने अफेयर का हिंट दिया और कहा कि गोविंदा को बेटी की उम्र की लड़की के साथ घूमने पर शर्म आनी चाहिए। गोविंदा ने भी सुनीता को हद में रहने की चेतावनी दी। अब गोविंदा की पूर्व को-एक्ट्रेस सोमी अली उनके बचाव में उतरी हैं। उनका कहना है कि टैलेंट की कोई उम्र नहीं होती। सोमी अली ने गोविंदा के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कर बचाव में लिखा है, चिची (गोविंदा) हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन टैलेंटेड कलाकारों में से एक हैं। अपने इंडस्ट्री के समय में मैंने उन्हें सबसे विनम्र एक्टर्स में से एक पाया है। मेरे मन में चिची और सुनीता, दोनों के लिए बहुत सम्मान है। हालांकि, किसी एक्टर का किसी कम उम्र की एक्ट्रेस के साथ काम करना उम्र को लेकर भेदभाव नहीं है। आगे सोमी ने कहा, टैलेंट की कोई उम्र नहीं होती। ऐसे समय में जब किसी कलाकार के लिए काम मिलना मुश्किल हो, तब भी काम करते रहने का फैसला सम्मान के लायक है, मजाक उड़ाने के नहीं। किसी एक्टर की काबिलियत उसकी उम्र या उसके को-स्टार की उम्र से तय नहीं होती।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली:** बैंकिंग सुधारों के लिए जल्द बनेगी हाई-लेवल कमेटी, वित्त मंत्री ने कहा- बैंकों का एनपीए सबसे निचले स्तर पर, विकसित भारत लक्ष्य पर फोकस।
- **मुंबई:** एलपीजी ई-केवाईसी की डेडलाइन बढ़कर 23 अगस्त हुई, सर्वर और एप डाउन होने से ग्राहक परेशान, गैस एजेंसियों पर लगीं लंबी लाइनें।
- **मुंबई:** सेंसेक्स 280 अंक गिरकर 77,728 पर बंद, निफ्टी भी 78 अंक गिरा, आईटी और एफसीजी शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली।
- **नई दिल्ली:** बॉम्बे हाईकोर्ट क्लर्क भर्ती के टाइपिंग टेस्ट में कम्प्यूटर खराब: 10 मिनट में परीक्षार्थी लॉगआउट, उम्मीदवारों का प्रदर्शन, अभिजीत दीपके ने री-टेस्ट की मांग की।
- **नई दिल्ली:** 'मनमोहन सिंह के परिवार से माफी मांगे कांग्रेस, किरेन रिजिजू ने शेयर किया पूर्व पीएम का 20 साल पुराना बयान।

## त्रि संयोग में भगवान श्री महाकालेश्वर का नगर भ्रमण

### पालकी में चंद्रमौलेश्वर, हाथी पर मनमहेश, गरूड रथ पर शिवतांडव स्वरूप के दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर के मंदिर में त्रि संयोग में लाखों श्रद्धालु का बहाव आया हैं। श्रावण सोमवार, नागपंचमी के साथ मंदिर में श्रावण सवारी में भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालु आतुर रहे हैं। श्रावण सोमवार के तहत अपराह्न 4 बजे मंदिर से निकली सवारी में भगवान के रजत पालकी में चंद्रमौलेश्वर, हाथी पर मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव स्वरूप के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए हैं। सवारी मार्ग पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु इसके लिए जुटे हुए थे।

- भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब
- 2 किलो मीटर से अधिक लंबी कतार रही





मंदिर के सभागृह में भगवान चंद्रमौलेश्वर स्वरूप का पूजन अर्चन करने के उपरांत उन्हें पालकी में सवार किया गया। इसके उपरांत पालकी को कांधा देकर नगर भ्रमण के लिए प्रस्थित किया गया। मंदिर के गेट पर सशस्त्र गारद ने पालकी में सवार भगवान को सलामी दी गई। इसके साथ ही नगर भ्रमण का क्रम शुरू हुआ। भगवान के तीनों स्वरूपों के दर्शन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु मार्ग के दोनों और बेरिकेडस के बाहर जमे हुए थे। सवारी के सामने पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने दोनों हाथ उठाकर जय श्री महाकाल का जय घोष किया। यह क्रम सतत रूप से सवारी के परंपरागत मार्ग पर चलता रहा। शिप्रा तट रामघाट पहुंचने पर पालकी में सवार भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर सहित तीनों स्वरूपों का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद एक बार पुनः सवारी परंपरागत मार्ग से होती हुई श्री सिंधिया देव स्थान ट्रस्ट के श्री द्वारकाधीश गोपाल मंदिर पहुंची यहां पर परंपरागत पूजन अर्चन किया गया। देर शाम सवारी के मंदिर पहुंचने पर एक बार पुनः भगवान को गार्ड आफ आनर पेश किया गया।

नागपंचमी के अवसर पर रविवार-सोमवार दरमियानी मध्यरात्रि को श्री महाकालेश्वर मंदिर के तल पर स्थित भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के पट 24 घंटों के दर्शन के लिए खोले गए। यहां महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत विनित गिरी ने पूजन अर्चन किया। मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक सहित, संभागायुक्त अशीषसिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा ने भी पूजन किया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के अनवरत दर्शन का क्रम शुरू हुआ। नागचंद्रेश्वर दर्शन के लिए 2 किलोमीटर से अधिक लंबी कतार श्रद्धालुओं की देखी गई। देर शाम तक करीब 9 लाख से अधिक लोगों के दर्शन करने की जानकारी सामने आ रही है। मंदिर प्रबंध समिति ने एक घंटे में दर्शन का दावा किया था लेकिन श्रद्धालुओं का कहना था कि 2-3 घंटे उन्हें दर्शन में लगे हैं। नागपंचमी के अवसर पर त्रिकाल पूजा यहां की गई। दोपहर 12 बजे महानिर्वाणी अखाड़ा महंत विनित गिरी ने ध्वज पूजन किया गया। इस ध्वज को श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर लगाया गया। श्रावण सोमवार के तहत श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन के लिए भी जमकर श्रद्धालु उमड़े हैं। यहां भी लंबी कतार दर्शनों के लिए रही है। दर्शनों की कतार का क्रम त्रिवेणी संग्रहालय से शुरू हो रहा था। मंदिर समिति के श्रद्धालुओं को 40 मिनिट में दर्शन का दावा करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय लगा है। यहां भी लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए हैं।

लखीसराय में भगदड़

## 7 महिलाओं की मौत

### मंदिर में जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालु जमा थे, कई गंभीर



एजेंसी ▸▸ लखीसराय

बिहार के लखीसराय में सोमवार 17 अगस्त को भगदड़ मच गई। हादसे में 7 महिलाओं की मौत हो गई। 23 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। 3 की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना अशोकधाम स्टेशन से मंदिर जाने वाले रास्ते पर हुई। लखीसराय डीएम शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पुरुषों की लाइन की तरफ एक खंभा गिर गया। इसके बाद अफवाह फैली कि लोगों पर बिजली की चालू लाइन का तार गिर गया, जबकि वह सिर्फ एक केबल वायर (डिश/इंटरनेट का तार) था। पुरुषों की तरफ से भीड़ का दबाव महिलाओं की लाइन पर पड़ा, जिससे वे एक-दूसरे पर गिर गईं। चार मृतकों की पहचान हुई है। इनमें लखीसराय की मधुबाला देवी, मनमाला देवी, हेमलता देवी और मुंगेर की रिंकू देवी हैं। सीएम सम्राट चौधरी ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है।

बड़ी आपदा की आहट

## नासिक में फिर कांपी धरती

### महाराष्ट्र में एक महीने में 25 से ज्यादा बार लगे भूकंप के झटके

एजेंसी ▸▸ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में सोमवार को दो बार भूकंप आए। पिछले एक महीने में राज्य में 25 से ज्यादा झटके महसूस हुए हैं। एक्सपर्ट्स इसे अर्थक्वेक स्वार्म बता रहे हैं। इसके साथ ही बीते 8 अगस्त को नासिक में 4.3 तीव्रता का सबसे तेज भूकंप दर्ज हुआ था। ऐसे में सवाल उठाता है कि क्या यह भूकंप किसी बड़ी आपदा का आहट है? महाराष्ट्र के नासिक जिले में सोमवार को कुछ हिस्सों में भूकंप के दो हल्के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। उन्होंने कहा कि शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें किसी की जान नहीं गई और न ही कोई संपत्ति का नुकसान हुआ। बता दें कि नासिक राज्य की राजधानी मुंबई से 180 किमी दूर है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, सुबह 5.06 बजे और दोपहर 12.40 बजे 2.5 और 3 तीव्रता के झटके महसूस किए गए। इसकी गहराई पांच किमी नीचे दर्ज किए गए है। जिला प्रशासन के अनुसार, जिले के पेठ, सुरगाणा और डिंडोरी तालुका के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए गए। इससे पहले, नासिक में 25 से 28 जुलाई के साथ-साथ 6, 8, 10 और 14 अगस्त को भी भूकंप के झटके दर्ज किए गए थे। उस समय सुरगाणा तालुका के भादर और डिंडोरी तालुका के नानाशी में घरों की दीवारों में दरारें आ गई थीं।

शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा

## बीरभूम के होटल में आग लगने से 8 की मौत, 9 लोग झुलसे

एजेंसी ▸▸ बीरभूम

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में तारापीठ मंदिर के पास एक होटल में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की आशंका है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है।

बीरभूम के एसपी विदित राज भुंडेश के मुताबिक, होटल के बाहर से धुआं या आग की लपटें दिखाई नहीं दे रही थीं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने सीढ़ियों की मदद से 22 लोगों को बाहर निकाला, जबकि 11 लोगों को अस्पताल भेजा गया। होटल संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। मामले



की जांच के लिए एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंचेगी।

एक अन्य महिला ने बताया कि वो साउथ 24 परगना से रविवार दोपहर पूजा करने आई थी। उनके साथ उनकी मां और बच्चे थे। उनकी मां रूम नंबर एक में थी। अब उनकी मां और दो बच्चे नहीं मिल रहे हैं। हादसे में बची कोलकाता की महिला ने बताया- अचानक पूरी होटल में धुआं भर गया। हम सांस नहीं ले पा रहे थे और बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल था।

## सरकारी नौकरियों में 99 प्रतिशत घोटाला

### सब ठीक कर लो वरना फिर करूंगा आंदोलन : बाबा रामदेव

एजेंसी ▸▸ देहरादून

योग गुरु बाबा रामदेव ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर युवाओं के आंदोलन को लेकर बात की और खुद भी बड़ी चेतावनी दे डाली। उन्होंने सरकारी नौकरियों के इंटरव्यू में 99 फीसदी तक के घोटाले की बात कही। उनका कहना था कि सब कुछ सही से नहीं हो रहा है। इससे युवाओं में गुस्सा है और जगह-जगह आंदोलन हो रहे हैं। बाबा रामदेव ने कहा, 'सरकारी नौकरी में इंटरव्यू के दौरान 90 से 99% घोटाला होता है। अपने-अपने




विचार अपने संगठन अपने संगठन अपने संस्कार अपनी जाति वर्ग समुदाय के लोगों को ठोक लेते हैं और बाकी को बाहर धक्का मार देते हैं। बाबा रामदेव ने कहा कि यह बहुत ही अपमानजनक है और लोकतंत्र के खिलाफ है, यह न्याय के भी खिलाफ है।

### देश में आंदोलन और ज्यादा भी हो सकते हैं

एक तरफ हम कह रहे हैं सत्यमेव जयते तो दूसरी जब किसी को इंटरव्यू की बारी आती है तो 10 में से पहले से तय करके और पैसे लेकर भर्ती की जाती है। रामदेव ने कहा कि ऐसे ही रहा तो हमको आंदोलन करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे देश कैसे चलेगा भाई सुधर जाओ, नहीं तो देश में आंदोलन और ज्यादा भी हो सकते हैं। आंदोलन के नाम पर अराजकता का समर्थक नहीं हूं। लेकिन यह बात तो जरूर है देश में घोटाला भी बहुत है। ये ठीक कर लो नहीं तो कहीं ऐसा ना हो कि बाबा रामदेव को दोबारा आंदोलन करना पड़े।

सरकार के आर्थिक सलाहकार ने कहा

## ई20 से गाड़ियों के इंजन को नुकसान

### ई10 पेट्रोल फिर शुरू हो, फ्यूल में 30% एथेनॉल मिलाया तो खाद्य संकट संभव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन (सीईए) का कहना है कि ई20 पेट्रोल से गाड़ियों में नुकसान हो रहा है। पुराने टू-व्हीलर्स के लिए ई10 पेट्रोल की बिक्री फिर से शुरू की जानी चाहिए। नागेश्वरन ने लिखे अपने आर्टिकल में कहा कि भारत ने पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य समय से पहले हासिल करके अरबों रुपए तो बचा लिए, लेकिन अब नया संकट खड़ा हो रहा है। सरकार का दावा है कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से कच्चे तेल के इम्पोर्ट में कमी आई है। इससे अरबों रुपए की बचत हुई है।


एथेनॉल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गन्ना, मक्का और चावल जैसी खाद्य फसलों को बड़े पैमाने पर एथेनॉल फैक्ट्रियों में भेजा जा रहा है। अगर एथेनॉल बनाने वाली कंपनियां ज्यादा दाम देकर मक्का खरीदने लगेंगी, तो पोल्ट्री और डेयरी इंडस्ट्री के लिए चारा महंगा हो जाएगा। नतीजा यह होगा कि अंडे, चिकन और दूध के दाम बढ़ेंगे, जिससे सीधे तौर पर खाद्य महंगाई को बढ़ावा मिलेगा।

### 8 करोड़ गाड़ियों को ई20 पेट्रोल से खतरा

वी अनंत नागेश्वरन के मुताबिक देश में इस समय करीब 8 करोड़ पुराने बाइक-स्कूटर दौड़ रहे हैं। ये पुरानी 'कार्बोरेटर' तकनीक पर चलते हैं, जो बीएस-आईवी इंजन नियमों के आने से पहले बनती थीं।




- **समस्या क्या है:** सरकार अब पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाकर बेच रही है। लेकिन पुराने कार्बोरेटर वाली गाड़ियां इस ई20 पेट्रोल पर ठीक से चल नहीं पातीं।
- **इंजन का गर्म होना:** एथेनॉल में ऑक्सीजन ज्यादा होती है। पुरानी गाड़ियां हवा और पेट्रोल के इस नए मिक्स को अपने आप एडजस्ट नहीं कर पातीं, जिससे इंजन जल्दी और ज्यादा गर्म होने लगता है।
- **पार्ट्स खराब होना:** ई20 पेट्रोल के इस्तेमाल से गाड़ियों के अंदर लगे रबर के पाइप और पार्ट्स धीरे-धीरे गलने या खराब होने का खतरा रहता है।
- **सलाह क्या दी गई है:** मुख्य आर्थिक सलाहकार का कहना है कि जब तक इन 8 करोड़ पुरानी गाड़ियों में मॉडिफिकेशन नहीं कर लिया जाता, तब तक पेट्रोल पंपों पर पुराने ई10 पेट्रोल की बिक्री भी जारी रखनी चाहिए। इससे पुरानी गाड़ियां खराब होने से बच सकेंगी।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### त्रि संयोग का टीम वर्क

महाआयोजन से पूर्व धर्म नगरी में त्रि संयोग के तहत श्रद्धालुओं का ऐसा बहाव आया कि सभी इस श्रद्धा आस्था के आगे नतमस्तक थे। व्यापक प्रबंध भी छोटे लगने लगे थे। श्रद्धालुओं का रैला पुराने शहर में पूरी तरह से छाया रहा। जिधर देखो उधर श्रद्धालु ही श्रद्धालु देखे गए। भगवान के दर्शनों के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े थे। चौड़ा किया गया सवारी मार्ग भी विकास के नजरिए से देखने पर छोटा लग रहा था, तो दर्शनों के लिए लगी लाईन का अटूट क्रम जारी था। घंटों के बाद भी श्रद्धालु अपने भगवान के दर्शन के लिए डटे रहे। यह सब संभव हुआ व्यापक प्रबंध एवं टीम वर्क से। अफसरों ने एक जूटता के साथ काम करते हुए हर परिस्थिति में श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन करवाने की ठानी थी और उसे संभव कर दिखाया। प्रशासन के मुखिया और मंदिर के प्रमुख के साथ वर्दी कप्तान, मंदिर के प्रमुख, ग्रामीण विकास वाले अफसर सब ने मिलकर एक जूटता के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में अपना अहम योगदान दिया और लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं को बगैर कष्ट दर्शनों में अपना सहयोग देकर उन्हें दर्शन करवाया गया। यूं कहें कि महाआयोजन पूर्व टीम वर्क का पूर्वाभ्यास किया गया तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। इनके इस टीम वर्क के पूर्वाभ्यास में नगर की संस्था के प्रशासन ने भी अपनी अच्छी सेवाओं के साथ पूरा योगदान दिया और उसके प्रशासनिक युवा कप्तान ने सफाई की ऐसी व्यवस्था की थी की लाखों श्रद्धालुओं के होने के बाद भी गंदगी के हाल कहीं नहीं दिखे। अस्पताल प्रशासन ने इनके साथ कदम ताल करते हुए टीम वर्क में बराबर निर्देशों का पालन किया। खुसूर-फुसूर है कि महाआयोजन के दौरान इसी टीम वर्क की महती आवश्यकता पूरी तरह से होगी। त्रिसंयोग का आयोजन तो महाआयोजन के दौरान होने वाले सभी प्रसंगों से बहुत छोटा रहा है। महाआयोजन में तो श्रद्धा का तूफान उठेगा और उसे नियंत्रित करने के लिए भी त्रि स्तरीय तैयारी करना होगी और उस तैयारी के तहत त्रिस्तरीय टीम वर्क भी करना होगा।

## नैनो न्यूज

- चलियां साहिब विशेष पल्लव में गूंजा सिंधी भाषा अमर रहे का संदेश
- नागचंद्रेश्वर मंदिर में नागपंचमी पर हुई महाआरती, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु
- जामा इस्लामिया स्कूल में यौमे आजादी पर जरा याद करो कुर्बानी कार्यक्रम आयोजित
- सवा ग्यारह लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ की सिंहस्थ की सफलता की कामना
- ध्वजा रोहणकर तिरंगा यात्रा निकाली गई, संत श्री गाडगे सेवा समिति सर्व रजक समाज उज्जैन द्वारा 80 वा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया
- महाकाल मंदिर में अव्यवस्था और भगदड़ की हो उच्चस्तरीय जांच
- स्कूली छात्राओं के माध्यम से सैनिकों तक पहुंचाया जाएगा स्नेह व कृतज्ञता का संदेश
- नाकोड़ा भैरव की भक्ति में रमा बड़ा उपाश्रय, 56 भोग से सजा आराधना का दरबार
- नागपंचमी पर निकली वीर तेजाजी महाराज की यात्रा, 10 वर्षों से जारी है परंपरा
- श्री सत्यसाई सेवा समिति द्वारा कांवड़ यात्रियों की फलो की सेवा
- भगवान श्री नेमिनाथ प्रभु का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया
- प्रतिभाओं के सम्मान से बढ़ा राठौर समाज का गौरव, 60 होनहारों को मिला सम्मान
- ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल में मना 80वां स्वतंत्रता दिवस, विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां
- आज से गूंजेगी शिव महापुराण की महिमा, मां बगलामुखी से कथा के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना
- उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन के लिए रेल मंत्री को पत्र

## ट्रेंडिंग




श्रावण के तीसरे सोमवार पर उमड़ा आस्था का सैलाब, दर्शन के दौरान मची अफरा-तफरी से कई श्रद्धालु गिरे

# नागपंचमी पर महाकाल में बेकाबू भीड़ से व्यवस्था चरमराई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नागपंचमी, सावन के तीसरे सोमवार और बाबा महाकाल की सवारी का एक साथ संयोग होने से सोमवार को उज्जैन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महाकाल मंदिर और नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। भीड़ का दबाव बढ़ने से कई स्थानों पर व्यवस्थाएं चरमरा गईं और अफरा-तफरी के हालात बने।



महाकाल मंदिर परिसर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के कपाट वर्ष में केवल एक बार नागपंचमी पर 24 घंटे के लिए खुलते हैं। इस बार नागपंचमी के साथ सावन सोमवार और महाकाल की सवारी होने से श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई। मंदिर प्रशासन के अनुसार लाखों श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे।

- **हरसिद्धि चौराहे पर बढ़ा दबाव-** नागचंद्रेश्वर दर्शन के लिए जा रही भीड़ के बीच हरसिद्धि मंदिर के सामने बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र में अचानक दबाव बढ़ गया। करंट फैलने की अफवाह के बाद कुछ समय के लिए श्रद्धालुओं में घबराहट फैल गई और लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। कुछ श्रद्धालुओं के घायल होने तथा तबीयत बिगड़ने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। श्रद्धालुओं को भीड़ से बाहर निकाला गया तथा जरूरतमंदों को अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि मंदिर प्रबंध समिति ने मंदिर में भगदड़ की खबरों को भ्रामक बताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए व्यवस्थाएं की गई थीं।
- **सड़कों पर भी श्रद्धालुओं का सैलाब-** महाकाल मंदिर क्षेत्र से लेकर हरसिद्धि मंदिर, नीलकंठ द्वार और अन्य मार्गों तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई दीं। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को निर्धारित मार्ग से पैदल चलना पड़ा। नागपंचमी और सोमवार के महासंयोग के कारण शहर में सुबह से ही असाधारण भीड़ बनी रही। श्रद्धालुओं की भारी संख्या ने प्रशासन की भीड़ प्रबंधन व्यवस्था की भी परीक्षा ले ली। एक ओर श्रद्धालु साल में केवल एक बार होने वाले नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए उत्साहित थे, वहीं दूसरी ओर भीड़ का दबाव कई जगह परेशानी का कारण बन गया।

### आस्था के आगे छोटी पड़ गई व्यवस्थाएं

नागपंचमी पर उज्जैन में उमड़ी भीड़ ने यह साफ कर दिया कि ऐसे विशेष पर्वों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान लगाकर व्यवस्थाओं को और मजबूत करने की जरूरत है। प्रवेश और निकास मार्गों पर भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग, मेडिकल सहायता और अफवाहों पर तत्काल नियंत्रण जैसे इंतजामों को लेकर प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती रही।

## 80वें स्वतंत्रता दिवस पर अस्सी यूनिट ब्लड डोनेट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर की सेवाभावी संस्था उज्जयिनी रक्त संचार संस्था ने देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष मे रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय कासमॉस मॉल में किया। शिविर का शुभारंभ शुभेच्छा इन्फ्राबुल्स के हैड लश्करी ने किया। इस अवसर पर शहर की महिला शक्ति ने भी बढ़चढ़कर रक्तदान किया जो एक सराहनीय पहल रही। संस्था के संस्थापक सुनील गुप्ता व रूपेश बिडवान ने बताया कि उज्जैनवाले ग्रुप, कासमॉस मॉल व पुष्पा मिशन अस्पताल की मेडिकल टीम का विशेष सहयोग रहा। कुल



अस्सी यूनिट रक्त एकत्र किया गया जो पुष्पा मिशन अस्पताल को डोनेट किया गया ताकि आपातकालीन स्थिति मे जरूरतमंद मरीज को रक्त उपलब्ध हो सके और जीवन बचाया जा सके।

**रक्त दान करके फख्र महसूस होता है-** इस स्वतंत्रता दिवस पर दसवीं बार रक्तदान किया और आजादी के दिवस को यादगार बनाया। हर बार रक्तदान करके फख्र महसूस होता है कि मेरा रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के काम आया।

**-श्रीमती बबीता सिकरवार।**

**समाजसेवा मे हम पीछे क्यों रहें**

देश मे महिला सशक्तिकरण की बात होती है तो सोचने मे आता है कि हमारा सशक्त होना तभी मायने रखेगा जब हम भी समाजसेवा मे पुरूषों के साथ बराबरी से अपना योगदान दें। रक्तदान से श्रेष्ठ कोई सेवा नहीं है। ब्लड डोनेट करके बहुत अच्छी अनुभूति हो रही है।

**-रेखासिंह राजपूत।**

**नरसेवा ही नारायण सेवा-** बचपन से ही सनातन धर्म मे नरसेवा को नारायण सेवा की सीख मिली जिसको जीवन मे उतारते हुए आज आजादी के जश्नवाले दिन रक्तदान करके बहुत खुशी मिल रही है।

**-नेहा सूर्यवंशी, उज्जैन।**

रक्तदान शिविर मे अलका शर्मा, पीहू मालाकार, राहुल शुक्ल, चेतन सिसौदिया, आमिर खान, पवित्र चौधरी, त्रिलोक मेहता, कीर्ति तोमर, प्रशांत लीडर व फादर एंथोनी आदि उपस्थित रहे। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित कर दिया स्वच्छता का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नागपंचमी पर्व एवं बाबा महाकाल सवारी को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा स्वच्छता, अतिक्रमण, आवारा मवेशियों का नियंत्रण श्रद्धालुओं की सहायता एवं जनजागरूकता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पूर्ण किया गया। श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर नियमित सफाई के साथ कचरे का तत्काल उठाना सुनिश्चित किया गया।

## ध्वजारोहण कर तिरंगा यात्रा निकाली



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत श्री गाडगे सेवा समिति सर्व रजक समाज उज्जैन द्वारा 80 वा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम उद्बोधन नीलेश बिलोदिया द्वारा दिया गया कार्यक्रम का संचालन सचिव हितेश मालवीय द्वारा किया गया रजक समाज की प्रतिभा के रूप में इस वर्ष एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनने पर ऋषिका पिता राजेश अनोठिया का सम्मान किया गया ध्वजारोहण के उपरांत तिरंगा यात्रा निकाली गई एलपी भार्गव नगर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर फ्रीगंज स्थित सहित पार्क पहुंची जहां पर शहीदों को माल्या अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्व रजक समाज अध्यक्ष रामजीलाल खालोटिया, वरिष्ठ समाजसेवी श्यामलाल साकोनिया, उज्जैन पंच अध्यक्ष निलेश बिलोदिया, वरिष्ठ समाज सेवी किशोर पहलवान, हुकुमचंद सोलंकी, नारायण बाथवी, कैलाश सिसोदिया, ग्यारसीलाल सिल्वानिया, पंकज सोलंकी, संजय बिलोदिया, महेश मालवीय महेश डूंगरदा, राजेश अनोठिया, मनोहर साकोनिया, युवा तरुणाई में प्रमुख रूप से कृष्णा माइकल दोवडिया, लक्की लश्करी, अंकित मालवीय उज्जवल गोड सिल्वानिया, योगेश बिंजवा, जितू बिंजवा चेतन सिसोदिया संजू बिंजवा आदि जेस्ट श्रेष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गणउपस्थित थे। यह जानकारी सचिव हितेश मालवीय ने दी।

## नागपंचमी पर नाग को दूध मत पिलाओ का दिया संदेश



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नागपंचमी के अवसर पर प्रकृति और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने वाले सरिसर्पों के संरक्षण का संदेश देने के लिए कोठी रोड पर भगत जी सेवा संस्थान द्वारा पांचवें सरिसर्प रक्षा अभियान-नाग को दूध मत पिलाओ का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके ने पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र की शुरूआत स्वामी मुस्कुराके ने अपने चिर-परिचित हास्य-व्यंग्य अंदाज में की। उन्होंने कहा- बादल गरजे शोर के साथ, बारिश हुई जोर के साथ... हर पल ध्यान रखो खुद की नागिन का, भाग न जाए किसी कोबरा के साथ। इस पर उपस्थित लोगों ने जमकर ठहाके लगाए। प्रातःकालीन व्यायाम प्रेमियों ने नाग-नागिन की विभिन्न धुनों पर थिरकते हुए व्यायाम का प्रदर्शन किया।

## महाराजा महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाराजा महाविद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष, उल्लास और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शांतिलाल जैन ने अध्यक्षीय संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, अनुशासन का पालन करने तथा अपनी शिक्षा और प्रतिभा का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के कल्याण में करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति और उत्साह का वातावरण बना दिया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लड्ढा, संस्था सचिव अनिल मालू, डॉ. चित्रांगद उपाध्याय, महाराजा इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य आर.यू. खान, डॉ. मिताली बजाज, प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र कुमार लड्ढा सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## उठावना



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि विवेक दवे, अंजलि शर्मा, वैभव दवे के पूजनीय पिताजी **श्री अजय जी शर्मा** (नागदा) के ससुरजी श्री भारत सिंह जी दवे शिक्षक सरसाना वाले का श्री जी शरण दिनांक 17/08/2026 को हो गया है। जिनका उठावना दिनांक 19/08/2026 बुधवार को शाम 4 बजे, भाटी राजपूत धर्मशाला, लक्कड़गंज उज्जैन पर रखा गया है।

**शोकाकुल**
**विवेक दवे मो. 9827445519**
**वैभव दवे मो. 9969531266**
















सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार, 18 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री का बड़वानी के उद्यमियों व कृषकों के साथ संवाद

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्यमियों, कृषकों और नवप्रवर्तकों के साथ प्रेरणादायक संवाद किया। इस बैठक में खाद्य प्रसंस्करण, कपास उद्योग, टेक्सटाइल, रिन्यूएबल ऊर्जा और विनिर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव तथा महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र की मुख्य पहचान 'सफेद सोना' की फसल और उससे जुड़े उद्योग है। उन्होंने कहा कि सभी उद्यमियों ने जिनिंग और प्रेसिंग इकाइयों के माध्यम से स्थानीय कपास को बेहतरीन गुणवत्ता के साथ देश और दुनिया की टेक्सटाइल मिलों तक पहुँचाने का जो उत्कृष्ट कार्य किया है। उससे स्थानीय स्तर पर रोजगार का एक बहुत बड़ा सृजन हुआ है। औद्योगिक विकास और कृषि आधारित उद्योगों पर चर्चा करते हुए एक कृषक ने रेडीमेड गारमेंट उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य किए जाने की बात कही।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र तलून का किया निरीक्षण

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के प्रवास के दौरान दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र तलून का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए ग्रामीणों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कम्युनिटी स्वास्थ्य अधिकारी से क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं की संख्या, उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की पहचान और उनके स्वास्थ्य की निगरानी के संबंध में भी जानकारी ली। इसके साथ ही क्षेत्र में सिकलसेल से प्रभावित मरीजों की संख्या तथा उनके उपचार एवं स्वास्थ्य निगरानी की स्थिति के बारे में भी पूछा।

### उत्कृष्ट योगदान के लिए अपर कलेक्टर पवार सम्मानित

**इंदौर।** राज्य एवं केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य तथा जनगणना संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंदौर जिले के अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार को सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने श्री पवार को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों तथा जनगणना कार्यों में बेहतर समन्वय, दक्षता और उत्कृष्ट योगदान दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके उल्लेखनीय कार्यों और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्चुअल चिड़ियाघर का किया लोकार्पण



**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को देश के पहले वर्चुअल चिड़ियाघर का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने इंदौर प्राणी संग्रहालय में स्थापित साढ़े 4 करोड़ रुपये की लागत से पीपीपी मॉडल पर निर्मित 14-डी सिनेमा थियेटर एवं वर्चुअल जंगल सफारी का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इंदौर जो भी करता है, सबसे अच्छा करता है। इंदौर निरंतर नवाचार और विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्चुअल जंगल सफारी आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इससे लोगों को जंगल और वन्यजीवों का आभासी अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से नगर निगम को आमदनी भी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रियों एवं स्कूली बच्चों के साथ 14-डी सिनेमा थियेटर में बैठकर फिल्म का आनंद लिया। फिल्म देखने के बाद उन्होंने कहा कि दोनों फिल्में देखकर उन्हें अद्भुत आनंद की अनुभूति हुई। उन्होंने वर्चुअल जंगल सफारी का भी अवलोकन किया तथा सफारी की व्यवस्थाओं एवं तकनीकी विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की।

## नैनो न्यूज

- **भोपाल मेट्रो की रफ्तार बढ़ी** – 17 अगस्त से नई समय-सारणी लागू, यात्रियों को अब हर 15 मिनट में मेट्रो उपलब्ध होगी।
- **हाईकोर्ट में 1174 पदों पर भर्ती** – मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने असिस्टेंट ग्रेड-3 के 1174 पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू की।
- **भोपाल स्टेशन पर 10 लाख जुमार्ना** – कचरा प्रबंधन में लापरवाही पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने रेलवे पर 10.06 लाख रुपए का पर्यावरणीय जुमार्ना लगाया।
- **इंदौर में हथियार तस्कर गिरफ्तार** – पुलिस ने चार हथियार और कारतूस बरामद कर आरोपी को पकड़ा। हथियारों के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जांच जारी है।
- **पेटलावद हत्याकांड सुलझा** – हरिराम गेहलोत की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया।
- **एमपी में बारिश का दौर जारी** – कई जिलों में तेज बारिश और आंधी का अलर्ट है। नदी-नालों के उफान को लेकर प्रशासन सतर्क है।
- **लाड़ली बहना की 39वीं किस्त जल्द** – रिपोर्टों के अनुसार मुख्यमंत्री मोहन यादव 19 अगस्त को मैहर से किस्त जारी कर सकते हैं।

### रोज होती है आरती, पर जानकारी के अभाव में गुमनाम है ये धरोहर... उज्जैन का 'भारत सेवक मंदिर'

# 84 महादेव की नगरी में बसी है 21 परमवीरों की गाथा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**


महाकाल की नगरी को 84 महादेव, 9 नारायण, 8 भैरव और 108 हनुमान के शहर के रूप में जाना जाता है। लेकिन इसी शहर में एक ऐसा मंदिर भी है जो मंदिर कम और राष्ट्रीय तीर्थ ज्यादा है। लालपूल से नरसिंहघाट रोड पर बना 'भारत सेवक मंदिर' देश के 21 परमवीर चक्रधारियों की गाथा को अपने में समेटे हुए है। यहां रोज इन शहीदों की पूजा, सेवा और आरती होती है।

यहां करीब 2 बीघा जमीन के एक हिस्से में बने 50 बाय 30 के दो मंजिला भवन में आजादी के बाद देश की रक्षा में प्राण देने वाले 21 परमवीर चक्रधारी की 3 बाय 3 फीट की फाइबर प्रतिमाएं क्रम से स्थापित हैं। इस मंदिर की स्थापना 2007 में उज्जैन के महानंदा नगर निवासी पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दानसिंह सुगनचंद चौधरी ने की थी। उन्होंने देशभक्ति की मशाल को जलाते हुए मंदिर की स्थापना की थी। परमवीर चक्रधारियों की हर प्रतिमा के नीचे हिंदी में उनकी शौर्य गाथा लिखी है। महाराष्ट्र से विशेष रूप से बनवाई गईं इन प्रतिमाओं की कीमत उस समय हजारों में थी। 2017 में संस्थापक पूर्व जिला जज दानसिंह चौधरी के निधन के बाद उनके पुत्र संजय चौधरी जो केंद्रीय सेवा में इंजीनियर हैं, वे इसका अन्य प्रांतों में नियुक्ति के बावजूद पूरा ध्यान रखते हुए संचालन देखते हैं। वे वर्ष में यहां 2-4 बार ही आ पाते हैं लेकिन तकरीबन प्रतिदिन ही मंदिर के सेवक के माध्यम से जानकारी लेते हैं। स्वतंत्रता दिवस पर हर साल की तरह इस वर्ष भी यहां काव्य गोष्ठी का आयोजन शहीदों की स्मृति में किया गया।

#### गिनती के लोग आते हैं यहां

मंदिर के सेवक अलीराजपुर निवासी सुरभसिंह जामोद पिछले कई वर्षों से यहां अपने परिवार के साथ निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। सुबह-शाम आरती, सफाई और प्रतिमाओं का रखरखाव उनका काम है। सबसे बड़ी विडंबना ये है कि मंदिरों के शहर में इस मंदिर को लोग जानते ही नहीं। यहां तक की बाहर से नाम पढकर चले जाते हैं और देखते रहते हैं। बकौल सुरभसिंह ₹श्रद्धालुओं में से गिनती के लोग ही यहां आते हैं। जानकारी के अभाव में सेना के जवान कभी गुजरते हैं तो रुककर नमन करते हैं। राष्ट्र दिवसों पर भी कोई जनप्रतिनिधि या राजनेता नहीं आता।

**सिर्फ परमवीर ही नहीं, 22 महापुरुष भी-** भूतल पर 21 परमवीरों के साथ देश के 22 महापुरुषों की प्रतिमाएं भी हैं। मंदिर के बीचोंबीच पीतल का भारत का विशाल नक्शा बना है जिसमें 12 ज्योतिर्लिंग दर्शाए गए हैं। नक्शे के पास जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान₹ का सिंबल भी स्थापित है।



#### 21 परमवीर जिनकी यहां होती है पूजा

1947-48: मेजर सोमनाथ शर्मा, लांस नायक करमसिंह, से.लेफ्टि. राम राघोबा राने, नायक जदुनाथ सिंह, कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह ।1961-62 कैप्टन गुरबचन सिंह, मेजर ध्यान सिंह थापा, सूबेदार जोगिंदर सिंह, मेजर शैतान सिंह ।1965 कंपनी हवलदार मेजर अब्दुल हमीद, ले.कर्नल ए.बी. तारापोरे । 1971लांस नायक अल्बर्ट एक्का, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह, से.लेफ्टि. अरुण खेत्रपाल, मेजर होशियार सिंह ।1987 नायक सूबेदार बाना सिंह, मेजर रामास्वामी परमेश्वरन ।1999 कारगिल कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टि. मनोज कुमार पांडे, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव, राइफलमैन संजय कुमार।

### भाजपा आईटी सेल से मालवीय बाहर, केमिस्ट्री प्रोफेसर म्हस्के संभालेंगे

# नितिन की टीम में राम माधव-स्मृति ईरानी का कमबैक

## बंगाल चुनाव के बाद स्मृति और बिप्लब का कद बढ़ा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पद संभालने के 209 दिन बाद सोमवार को 65 सदस्यों की कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया। राम माधव को उपाध्यक्ष और स्मृति ईरानी को महासचिव बनाकर वापस लाया गया है।



भाजपा आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय को हटा दिया गया है, दीपक म्हस्के उनकी जगह लेंगे। वहीं, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे उपाध्यक्ष बनी रहेंगी। राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष भी पद पर बने रहेंगे।

नितिन नवीन की टीम में 12 महिलाएं हैं। यूपी से दो मुस्लिम चेहरों तारिक मंसूर और बासित अली को शामिल किया गया है। टीम में 13 उपाध्यक्ष, 8 महासचिव, 16 सचिव और 28 सदस्य शामिल हैं। नई टीम की 22 अगस्त को दिल्ली में बैठक होगी।

पीयूष गोयल की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर वापसी अहम है। वे 2014 में भी कोषाध्यक्ष थे, लेकिन मोदी सरकार में मंत्री बनने के बाद यह पद राजेश अग्रवाल को दिया गया था। गोयल फिलहाल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं और पहले रेल, कोयला व बिजली जैसे मंत्रालय संभाल चुके हैं। एक व्यक्ति, एक पद की परंपरा के चलते उनके मंत्री पद छोड़ने की अटकलें हैं, हालांकि पार्टी ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है।

#### नितिन नवीन की टीम में 12 महिलाएं, यूपी से 3

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई राष्ट्रीय टीम में 12 महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें वसुंधरा राजे, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वषार्बेन दोशी, डॉ. भारती पवार और डॉ. मधुचंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं स्मृति ईरानी को महासचिव बनाया गया है। कविता पाटीदार, फांग्नोन कोन्यक और संगीता यादव को मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा अध्यक्ष और प्रीति गांधी को सोशल मीडिया सह-संयोजक की जिम्मेदारी मिली है। सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व उत्तर प्रदेश की 3 महिलाओं का है, जबकि महाराष्ट्र की 2 और बाकी राज्यों की 1-1 महिला हैं।

**छह साल बाद माधव की वापसी-** 26 सितंबर 2020 को जेपी नड्?डा ने नई राष्ट्रीय टीम में राम माधव को महासचिव पद से हटा दिया था। वे अगस्त 2014 से इस पद पर थे। मार्च 2021 में फ्रर में लौटे और अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य बने। अब करीब छह साल बाद भाजपा की राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी हुई है और उन्हें फिर महासचिव बनाया गया है।

### युवाओं के लिए प्रेरणा केंद्र बनेगी

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की 25 फीट ऊंची प्रतिमा होगी स्थापित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर के दशहरा मैदान स्थित उद्यान में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। नगर पालिक निगम, इंदौर द्वारा अन्नपूर्णा रोड दशहरा मैदान में स्थित उद्यान में अटल जी की 25 फीट ऊंची प्रतिमा एवं पेडस्टल का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 197.13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह प्रतिमा अटल जी की स्मृतियों, उनके व्यक्तित्व और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को चिरस्थायी स्वरूप प्रदान करेगी।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दशहरा मैदान जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर अटल जी की प्रतिमा की स्थापना केवल एक स्मारक का निर्माण नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह प्रतिमा नागरिकों, विशेषकर युवाओं को अटल जी के जीवन, राष्ट्रप्रेम, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके समर्पण से परिचित कराएगी। परियोजना की कुल लागत 197.13 लाख रुपये है। प्रस्तावित प्रतिमा की ऊंचाई 25 फीट होगी।

### नलखेड़ा बगलामुखी मंदिर में बढ़ीं चोरी और ठगी की घटनाएं

# ऑनलाइन ठग बना रहे आस्था को हथियार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा**

आगर मालवा में विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर इन दिनों केवल दान संग्रह के विवाद को लेकर ही नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवालों के घेरे में है। मंदिर परिसर में अशासकीय समिति द्वारा रजत सौंदर्यीकरण के नाम पर दान संग्रह की जांच के बीच अब महिलाओं के जेवर चोरी और सोशल मीडिया के जरिए हवन-पूजन के नाम पर हो रही ठगी के मामले भी सामने आने लगे हैं।



ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर मंदिर में आने वाले श्रद्धालु कितने सुरक्षित हैं। मंदिर में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। विशेषकर चैत्र और शारदीय नवरात्र में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त उमड़ते हैं। इसी भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व महिलाओं के गले से चेन और मंगलसूत्र चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं। पिछले एक वर्ष में ऐसी करीब एक दर्जन शिकायतें सामने आई हैं। अधिकांश पीड़ित बाहर के जिलों और राज्यों से आने वाले श्रद्धालु होते हैं, जो शिकायत दर्ज कराने के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया में नहीं पड़ते। मंदिर प्रबंध समिति ने जून माह में आगर मालवा पुलिस अधीक्षक और नलखेड़ा थाना प्रभारी को पत्र भेजकर सोशल मीडिया पर चल रही फर्जी आईडी बंद कराने तथा श्रद्धालुओं से हो रही ऑनलाइन धोखाधड़ी रोकने की मांग की थी।

#### चप्पल चोरी का मामला भी बना था चर्चा का विषय

मार्च माह में मंदिर पहुंचे बड़ागांव के नायब तहसीलदार वरुण चंद्रवंशी की चप्पल चोरी हो गई थी। उन्होंने इस मामले में पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। घटना के बाद लोगों के बीच यह चर्चा रही कि श्रद्धालुओं के कीमती जेवर चोरी होने की घटनाओं पर जितनी गंभीरता नहीं दिखाई गई, उससे अधिक चर्चा एक अधिकारी की चप्पल चोरी पर हुई। मंदिर के नाम और तस्वीरों का उपयोग कर फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम सहित कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी आईडी संचालित की जा रही हैं। इन प्लेटफॉर्मों पर गारंटी से मिर्ची हवन, वशीकरण, सरकारी नौकरी में सफलता और विशेष तांत्रिक अनुष्ठान जैसे दावे कर श्रद्धालुओं से मोटी रकम वसूली जा रही है। जबकि मंदिर प्रबंधन स्पष्ट कर चुका है कि मंदिर परिसर में मिर्ची हवन पूरी तरह प्रतिबंधित है और इस प्रकार की ऑनलाइन सेवाओं से मंदिर का कोई संबंध नहीं है।

## डेली कॉलेज का दीपावली अवकाश बना विवाद का मुद्दा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर। डेली कॉलेज में दीपावली अवकाश को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कॉलेज प्रबंधन ने दीपावली की छुट्टियां 6 दिन से बढ़ाकर 16 दिन कर दी हैं। इस फैसले पर कुछ ओल्ड डेलियंस और एक सीनियर एडवोकेट ने आपत्ति जताई है। आपत्ति दर्ज कराने वालों का आरोप है कि अवकाश बढ़ाने का निर्णय कॉलेज परिसर में प्रस्तावित आरएसएस के कार्यक्रम को देखते हुए लिया गया है। उनका कहना है कि किसी संगठन के कार्यक्रम के लिए देश की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था में इतनी लंबी छुट्टी करना और इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होना उचित नहीं है।

# लोक शिक्षण आयुक्त ने ऑफिस पहुंचकर लगाई ई-अटेंडेंस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने सोमवार सुबह 9:33 बजे दफ्तर पहुंचकर ई-अटेंडेंस लगाई। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश के 3 लाख से अधिक शिक्षकों और अतिथि शिक्षकों से विभाग की ई-अटेंडेंस व्यवस्था का पालन करने की अपील की है। अब शिक्षकों को 'हमारे शिक्षक' ऐप पर हाजिरी दर्ज करने के दौरान कैप्चा प्रक्रिया पूरी करनी होगी, जिससे सर्वर पर एक साथ लोड नहीं पड़ेगा और समय पर अटेंडेंस दर्ज हो सकेगी।

आयुक्त अभिषेक सिंह ने अपनी पहली ई-अटेंडेंस लगाने के बाद कहा कि वे विभाग में रहने तक नियमित रूप से इस व्यवस्था का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगाने से व्यवस्था में सुधार हो रहा है। जब शिक्षक पूरे समय स्कूल में रहेंगे तो पढ़ाई का स्तर बेहतर होगा, जिसका असर आगामी परीक्षाओं के परिणामों में देखने को मिलेगा। पिछले दिनों 1.74 लाख शिक्षकों के एक साथ 'हमारे शिक्षक' ऐप से लॉगआउट करने के कारण ई-अटेंडेंस व्यवस्था प्रभावित हुई थी। इसे सुधारने के लिए कमिश्नर के निर्देश पर सर्वर की क्षमता बढ़ाई गई है। अब ऐप में ई-अटेंडेंस दर्ज करते समय साधारण जोड़-घटाव का कैप्चा कोड भरना होगा। इससे सर्वर पर एक साथ अत्यधिक लोड नहीं आएगा और तकनीकी समस्या से बचा जा सकेगा। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि सुबह 10:30 बजे और दूसरी पाली में शाम 4:15 बजे तक अटेंडेंस दर्ज कराने पर 15 मिनट का ग्रेस पीरियड मिलेगा।

### सोशल मीडिया बना सियासत का नया मंच

# नेताओं को अब जनता तक पहुंचने के लिए जरूरी नहीं मंच और माइक

## विधायक गोलू शुक्ला समर्थक अभी सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा ट्रेंड पर वायरल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

आज के दौर में अपनी बात जनता तक पहुंचाने के लिए किसी बड़े मंच, प्रेस कॉन्फ्रेंस या सार्वजनिक सभा का इंतजार जरूरी नहीं रह गया है। सोशल मीडिया अब पक्ष, विपक्ष, जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और आम नागरिक-सभी के लिए अपनी बात सीधे जनता तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है।

इंदौर की मौजूदा राजनीतिक तस्वीर भी इसका उदाहरण बनती दिखाई दे रही है। सड़क, पानी, सफाई, यातायात और रोजमर्रा की जनसमस्याओं को लेकर अब आम नागरिक ही नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ता और समर्थक भी फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खुलकर अपनी बात रख रहे हैं।

यही वजह है कि किसी कार्यकर्ता या समर्थक का एक वीडियो कुछ ही घंटों में हजारों लोगों तक पहुंच जाता है और स्थानीय समस्या देखते ही देखते राजनीतिक चर्चा का विषय बन जाती है।

विधायक गोलू शुक्ला के समर्थक आशु व्यास का मामला भी इसी बदलती राजनीतिक शैली की एक मिसाल है। भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के कट्टर समर्थक के रूप में पहचाने जाने वाले व्यास ने सड़क पर गाड़ी स्लिप होने के बाद वीडियो के माध्यम से अपनी बात जनता तक पहुंचाई। वीडियो में उन्होंने सड़क की स्थिति, नगर निगम की कार्यशैली और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर बेहद तीखे सवाल उठाए। यहां महत्वपूर्ण बात सिर्फ यह नहीं है कि उन्होंने क्या कहा, बल्कि यह भी है कि उन्होंने अपनी बात कहां कही- सीधे जनता के बीच, सोशल मीडिया के माध्यम से।

पहले राजनीतिक नाराजगी किसी बैठक, संगठन के मंच या पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक सीमित रह जाती थी। आज वही नाराजगी सोशल मीडिया पोस्ट और वीडियो के जरिए सार्वजनिक हो जाती है। इसी तरह विपक्ष भी सरकार की कमियां जनता तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहा है और सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता भी स्थानीय समस्याओं को सामने रख रहे हैं। आम नागरिक भी किसी सड़क की बदहाली, पानी की समस्या या प्रशासनिक लापरवाही का वीडियो बनाकर सीधे हजारों लोगों तक पहुंचा सकता है। यानी सोशल मीडिया ने राजनीति में संवाद की दिशा बदल दी है-अब संदेश ऊपर से नीचे नहीं, नीचे से ऊपर भी उतनी ही तेजी से जा रहा है।

#### भाजपा के समर्थकों की सोशल मीडिया पर नाराजगी चर्चा में

इंदौर में पिछले कुछ समय से भाजपा से जुड़े कई कार्यकर्ता और समर्थक दैनिक जनजीवन से जुड़े मुद्दों को सोशल मीडिया पर लगातार उठा रहे हैं। पानी, सड़क और अन्य जनहित के सवालों को लेकर सामने आ रही ऐसी पोस्ट और वीडियो इस बात का संकेत हैं कि जमीनी कार्यकर्ता अब केवल पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि अपने क्षेत्र की समस्याओं को भी सार्वजनिक मंच पर रखना चाहते हैं। महावर नगर में पानी की समस्या को लेकर भाजपा के बूथ अध्यक्ष द्वारा चक्काजाम किया जाना हो या चन्द्रभागा की रोड हो या लोहा मंडी के गड्ढे जैसे कई मुद्दे सोशल मीडिया पर जनहित के मुद्दों को लगातार उठाया जाना बदलती राजनीतिक प्रवृत्ति की ओर इशारा करती हैं।

#### राजनीति में वायरल भी एक ताकत



आज किसी नेता या कार्यकर्ता की राजनीतिक पहुंच का आकलन केवल उसके पद, समर्थकों की संख्या या सार्वजनिक कार्यक्रमों से नहीं होता। उसकी एक पोस्ट कितने लोगों तक पहुंची, कितनी प्रतिक्रिया मिली और कितनी तेजी से मुद्दा चर्चा में आया-यह भी राजनीतिक प्रभाव का नया पैमाना बन चुका है। इसीलिए सोशल मीडिया अब केवल प्रचार का माध्यम नहीं रहा। यह शिकायत का मंच भी है, विरोध का माध्यम भी, समर्थन की ताकत भी और जनमत बनाने का नया रास्ता भी। इंदौर की राजनीति में आने वाले समय में यह भूमिका और बढ़ने की संभावना है। क्योंकि अब जनता सिर्फ नेताओं को सुन नहीं रही- जनता खुद बोल रही है और सोशल मीडिया उसकी आवाज को मंच दे रहा है।

## न्यूज कालम



## उड़न खटोला ग्रुप ने किया पौधारोपण

**खंडवा।** स्थानीय खंडवा शहर की शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला जिसे वर्तमान में रायचंद नागदा उत्कृष्ट विद्यालय के नाम से जाना जाता है वहां के सन 1980-81 बैच के सहपाठीयों द्वारा पौधारोपण किया गया। ग्रुप के आनंद जोशी ने बताया कि उड़न खटोला ग्रुप जिला अस्पताल के पूर्व अधिक्षक संतोष मोखले एवं तरुण झवर के नेतृत्व में प्रतिवर्ष विगत कई वर्षों से वर्षा ऋतु में पौधारोपण करता आया है इस वर्ष ग्रुप के गजराज व्यास एवं पीनेंद्र गुप्ता ने इच्छा जाहिर की इस वर्ष हम क्यों ना अपनी बचपन की यादों को ताजा करें और अपनी शाला के बगीचे में जाकर पौधारोपण करें, मित्रों को उनका प्रस्ताव अच्छा लगा और हम सब विद्यार्थी शाला प्रांगण पहुंचे । शाला के बगीचे में आम, जाम, नींबू एवं नीम के पौधे लगाए गए । इस अवसर पर सर्वश्री संजय पाराशर रजनीश जैन, राजेश गुलाटी प्रमोद बरोले, अशोक नावानी, विजय अग्रवाल, मुकेश जैन एवं विनय डोंगरे उपस्थित रहे।

## इनरव्हील क्लब ने नेत्रहीन संस्था में मनाया स्वतंत्रता दिवस




**खंडवा।** क्लब अध्यक्ष सरोज जैन एवं सदस्यों ने झंडा वंदन किया, फिर सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। नेत्रहीन संस्था की ओर से नंदराम जी आवचे द्वारा एवं क्लब की ओर से अध्यक्ष द्वारा सभी का स्वागत किया गया। बच्चों की देशभक्ति गीत प्रतियोगिता हुई । क्लब सदस्य दंत चिकित्सक डॉ. प्रियंका माहेश्वरी द्वारा बच्चों को दाँतों की देखभाल एवं जाँच के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, साथ ही आपने बच्चों की निःशुल्क जाँच व इलाज की भी घोषणा की। सीमा शाह एवं मंजू जैन की ओर से बच्चों को नाश्ता कराया गया। संस्था में हो रहे मरम्मत कार्य हेतु अध्यक्ष द्वारा जरूरी सामान एवं शशि अग्रवाल द्वारा राशि देने की घोषणा की गई। अंजली जैन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## जिला अनाज व्यापारी महासंघ का हुआ गठन

**राजेश चौधरी बने अध्यक्ष, ओमप्रकाश राठौड़ और गजेन्द्र राठौड़ बने सचिव**

**आलीराजपुर।** मण्डी प्रांगण आलीराजपुर में 15 अगस्त को आलीराजपुर जिले के समस्त अनाज व्यापारीयों की बैठक गरिमामायी समारोह में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला अनाज व्यापारी महासंघ का गठन किया गया। बैठक में सवार्नुमति से जिलाध्यक्ष पद पर राजेश चौधरी, उपाध्यक्ष महेन्द्र वाणी नानपुर, रामेश्वर चौधरी,आलीराजपुर, मुफला भाई बोहरा आम्बुआ, बसंतीलाल वाणी जोबट, अनिल भाई भाबरा, जयंतीलाल कटारिया बोरी तथा सचिव पद के लिए ओमप्रकाश राठौड़ वालपुर व गजेन्द्र राठौड़ जोबट, सह-सचिव पद पर राहुल पंजाबी आलीराजपुर, धर्मेन्द्र परवाल खट्टाली, अशोक टवली जोबट, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश कोठारी आलीराजपुर, सह कोषाध्यक्ष दीपेश वाणी जोबट, मीडिया प्रभारी सुनिल थेपड़िया आलीराजपुर, नरेन्द्र जैन जोबट, संरक्षक के लिए समरथ गुप्ता बोरझाड़, रमेशचन्द्र अग्रवाल जोबट, रविन्द्र वाणी नानपुर, प्रदीप जैन जोबट, रमेश मेहता खट्टाली, कार्यकारिणी के लिए नंदकिशोर गुप्ता आलीराजपुर, राजेन्द्र थेपड़िया आलीराजपुर, आदित्य कोठारी आलीराजपुर, देवेन्द्र राठौड़ फुलमाल, राकेश सिताराम राठौड़ आलीराजपुर, मुकेश शाह आलीराजपुर, महेश राठौड़ उदयगढ़, राजेन्द्र कटारिया बोरी, विरेन्द्र वाणी जोबट, कीर्तिश राठौड़ खट्टाली, सुनिल अग्रवाल जोबट, बालकृष्ण राठौड़ जोबट को नियुक्त किया गया।

## अवैध रूप से रखा पीडीएस खाद्यान मिला, तहसीलदार ने की कार्रवाई



**टांडा (धार)।** बाग ब्लॉक की ग्राम पंचायत बडकच्छ की शासकीय उचित मूल्य दुकान से संबंधित पीडीएस खाद्यान्न दूसरी पंचायत के ग्राम बांकी(टाण्डा) स्थित एक निजी मकान में पाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद नायब तहसीलदार कैलाश डामोर मौके पर पहुंचे और संबंधित मकान का निरीक्षण किया। जिसमे अवैध रूप से पीडीएस खाद्यान्न पाया गया। मौके की स्थिति दर्ज करते हुए प्रशासन द्वारा मौका पंचनामा तैयार किया गया। शिकायत के अनुसार बड़कछ की शासकीय उचित मूल्य दुकान का गेहूं महेंद्र सिंह पिता भुवान के निजी मकान, ग्राम बांकी(टाण्डा) में रखा गया था। मामला सामने आने के बाद यह सवाल उठ रहा है कि बडकच्छ की उचित मूल्य दुकान का शासकीय खाद्यान्न दूसरी पंचायत के निजी मकान तक किस प्रक्रिया के तहत पहुंचा और वहां रखने के लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति या लिखित आदेश नहीं था। मौके पर प्रशासन द्वारा संबंधित गंगा स्वयं सहायता समूह से खाद्यान्न को बांकी में रखने संबंधी दस्तावेज, परिवहन संबंधी रिकॉर्ड तथा सक्षम अधिकारी की अनुमति के बारे में जानकारी मांगी गई। लेकिन समूह के संबंधित के पास किसी भी प्रकार के विधिक दस्तावेज का आदेश उक्त स्थान बांकी का नहीं होना बताया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित स्थान पर उचित मूल्य दुकान का कोई बोर्ड भी नहीं पाया गया। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि शासकीय खाद्यान्न का भंडारण किस व्यवस्था के तहत किया जा रहा था और खाद्यान्न रखने के लिए संबंधित स्थान अधिकृत नहीं था।

### सांसद गजेंद्र सिंह पटेल व क्षेत्रीय विधायक बाला बच्चन के करकमलों से

# 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन का लोकार्पण हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अंजड



बहुप्रतीक्षित 50 बिस्तरिय दो मंजिला सिविल अस्पताल भवन का लोकार्पण समारोह रविवार सुबह 11 बजे खरगौन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल व क्षेत्रीय विधायक बाला बच्चन के करकमलों से सम्पन्न हुआ। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नए सिविल अस्पताल भवन का लोकार्पण किया।

उक्त कार्यक्रम नगर परिषद अध्यक्ष मांगीलाल मुकाती, मण्डल अध्यक्ष ऋतुराज सिंह तोमर, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नानेश चौधरी, ठीकरी जनपद अध्यक्ष मनोहर अवास्या सहित अनेक भाजपा एवं कांग्रेस नेता की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियो ने माँ सरस्वती के चित्र की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभराम्भ किया।

शुभारम्भ के अवसर पर लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर आगमन पर सिविल अस्पताल की घोषणा करि थी।

वही हमारे प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार ने जमीन से लेकर के अस्पताल भवन के निर्माण हेतु करीब 7.50 करोड़ की लागत से अस्पताल भवन का निर्माण करवाकर नगर व क्षेत्रवासियों को नई सौगात दी। आगे उन्होंने कहा कि दोनों प्रमुख राजनीति दलों में प्रतिस्पर्धा चलती रहती है, पर असली सरकार वही है जो जनता के विकास के लिए तुरंत फैसला लेकर जनहितैषी काम करे।आगे उन्होंने बताया कि नगर में बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होने तथा नगर के घर एवं दुकानें नही टूटे इस हेतु बायपास का एक प्रस्ताव बनाकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को सौपा गया ताकि नगर को जनता को सुविधा मिल सके।

आगे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश सरकार की स्वास्थ से जुड़ी जनहेतैषी योजनाओं जिसमे आयुष्मान योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से पूरे देश एवं प्रदेश के करोड़ो जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ लाभ मिल रहा है।

उन्होंने सिविल अस्पताल में स्टॉफ एवं संसाधनों की कमी को लेकर कहा कि यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों, स्टॉफ एवं संसाधनों की कमी को शीघ्र दूर करने का प्रयास किया जाएगा। वही क्षेत्रीय विधायक बाला बच्चन ने लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्र की इस बड़ी उपलब्धि को राजनीति से परे बताते हुए आगे भी संयुक्त रूप से काम करने का वादा किया।

**नवीन दो मंजिला अस्पताल भवन एक नजर में:-**

उक्त नवीन भवन के लिए 8 करोड़ 84 लाख की राशि स्वीकृत हुई थी जो 7 करोड़ 50 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ। इसमे दो ऑपरेशन थियेटर कक्ष, आईसीयू कक्ष, एक लेबर रूम, आपातकालीन कक्ष, प्रयोगशाला, दवा वितरण कक्ष, ड्रेसिंग रूम, एक्सरे कक्ष, टीबी कक्ष व लेब, ब्लड बैंक सहित अनेक सहित अन्य सुविधाएं मिलने लगेगी।




## नगर में आयोजित होने वाले शिव डोले को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

पवित्र श्रावण माह के अवसर पर 23 अगस्त को नगर में आयोजित होने वाले भव्य शिव डोले को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, पुलिस, नगर पालिका, राजस्व एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ शिव डोला समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में एडिशनल एसपी शकुंतला रूहल, एसडीओपी अर्चना रावत एवं तहसीलदार केसिया सोलंकी के निर्देशन में तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समिति के सदस्यों से चर्चा की। शिव डोला समिति के सदस्य नीलेश वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष कुछ अव्यवस्थाओं के कारण शिव डोला करीब एक घंटे देरी से निकला था। इस बार जुलूस के संचालन को सुगम बनाने के लिए रूट में परिवर्तन किया जा रहा है, जिससे डोला निर्धारित समय पर निकले और प्रशासन को भी व्यवस्था बनाने में सुविधा हो। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन से विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। समिति ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि शिव डोले के दौरान किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक भजन या गीत नहीं बजाए जाएंगे। साथ ही डोले को निर्धारित समय पर निकाला जाएगा।



## नगर निगम प्रांगण में महापौर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, उडाये गुब्बारे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना के साथ नगर निगम कार्यालय प्रांगण में मनाया गया, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़े गए। इस अवसर पर महापौर अमृता यादव ने देशभक्ति के संदेश के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर अमृता अमर यादव ने राष्ट्रीय पर्व की शुभकामना देते हुए कहा की हमारे देश की आजादी असंख्य वीरों के त्याग और बलिदान से प्राप्त हुई है, देश के वीरों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर हमें स्वतंत्र भारत दिया, भारत ने सदैव दुनिया के सामने मानवता की मिसाल पेश की है।

## स्वतंत्रता दिवस पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को किया सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर



स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर जिला मुख्यालय अलीराजपुर में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, अपराधियों की धरपकड़, उत्कृष्ट अनुसंधान, महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम, सामुदायिक पुलिसिंग, साइबर जागरूकता, पुलिस प्रशासन एवं बल प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी कर्मचारी को प्रशंसी पत्र देकर सम्मानित किया है।

पुलिस अधीक्षक जिला अलीराजपुर श्री रघुवंश सिंह द्वारा जिले में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनके मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से कुल 24 अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने हेतु अनुशंसा की गई थी। उक्त अधिकारी-कर्मचारियों को 15 अगस्त के मुख्य समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित किए गए अधिकारी-कर्मचारियों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति उमठ बघेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अलीराजपुर श्री शक्तिसिंह एवं सहायक उप निरीक्षक-अ राकेश बामनिया, स्थापना प्रभारी द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।एसडीओपी जोबट श्री आशुतोष एवं थाना प्रभारी बोरी निरीक्षक नेपालसिंह चौहान द्वारा ग्राम बड़ी सूड़ी सामूहिक दुष्कर्म एवं डकैती प्रकरण में आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी तथा वारंट तामीली में उल्लेखनीय कार्य किया गया।

## एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 19 को

**बड़वानी ।** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई विकास कार्यालय, इंदौर द्वारा जिला प्रशासन बड़वानी के सहयोग से पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिनांक 19 अगस्त 2026 (बुधवार) को शासकीय आईटीआई, बड़वानी के सभागृह में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। इस जागरूकता कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकृत लाभार्थी सीधे शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लाभार्थियों को अपना पीएम विश्वकर्मा आईडी कार्ड लाना अनिवार्य होगा।



## कलेक्टर ने दिए समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में समयावधि बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाइन, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों एवं लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित कोई भी प्रकरण तीन माह से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने अविवादित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित प्रकरणों में न्यायालय के आदेश के उपरांत आवश्यक प्रविष्टियां राजस्व अभिलेखों में तत्काल दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिले के कृषकों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर एवं अनुपयोगी शासकीय भवनों को तत्काल जमीनदोज करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी राजस्व अधिकारियों को दिए।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थी अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी में आज विद्यार्थी नेतृत्व, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विद्यार्थी अलंकरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थी परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदन प्रभारियों को उनके दायित्वों से परिचित कराते हुए उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि श्री कुंदन राठौड़ द्वारा विद्यार्थी परिषद को संबोधित करने के साथ हुआ। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि च्चिविद्यार्थी परिषद केवल पद और सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और जिम्मेदारी का मंच है।

आप सभी विद्यालय के प्रतिनिधि हैं, इसलिए आपके आचरण में विद्यालय की संस्कृति और संस्कार दिखाई देने चाहिए। एक अच्छे नेता की पहचान अपने अधिकारों से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के ईमानदारीपूर्वक निर्वहन से होती है। आप अपने साथियों के लिए प्रेरणा बनें, उनकी समस्याओं को समझें और विद्यालय को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।ज्ज उन्होंने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए नेतृत्व के इस अवसर का सकारात्मक उपयोग करने का आह्वान किया।






## सांसद श्री पटेल भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बने

**बड़वानी।** क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद गजेन्द्र पटेल को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति पर राम चौक पर ढोल ढमाकों के साथ कार्यकर्ताओं ने जश्म मनाया।

## नागपंचमी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़

**सनावद।** नागपंचमी का पर्व सोमवार को शहर सहित आसपास के गांवों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही शिवालयों एवं नाग मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। भक्तों ने भगवान शिव एवं नागदेवता का दूध और जल से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की तथा श्रीफल सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। मंदिरों में दिनभर पूजन, अभिषेक, शृंगार, हवन, महाआरती एवं भजन संध्या सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए।शहर के बस स्टैंड, थाना परिसर, कृषि उपज मंडी, चांदनीपुरा, नर्मदा विहार, बाहेती धर्मशाला के पास स्थित चैतन्य नागराज मंदिर, श्री अंजन टेकड़ी भीलटदेव धाम, कोर्ट के पास स्थित नाग मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिरों को फूलों एवं विद्युत सज्जा से आकर्षक रूप से सजाया गया था।नागपंचमी के अवसर पर समीपस्थ ग्राम जूनापानी स्थित प्राचीन नाग मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 6 बजे से पहले ही आसपास के गांवों एवं क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे।

## बैंक का शटर और तिजोरी तोड़ने की कोशिश, नकदी नहीं ले जा सके बदमाश

**बुरहानपुर।** नवल नगर झिरी स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा में 15-16 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया। बदमाशों ने बैंक का शटर तोड़कर अंदर घुसने के बाद तिजोरी खोलने की भी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। बैंक से कोई नकदी चोरी नहीं हुई है।बैंक मैनेजर लखन बट्टी, निवासी जसवाड़ी खंडवा, ने बताया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर झंडावंदन के बाद सुबह करीब 9 बजे बैंक बंद कर वे चले गए थे। अगले दिन 16 अगस्त की रात करीब 3.30 बजे नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना के सुरक्षा इंचार्ज हरी चौधरी ने उन्हें फोन कर बैंक के ताले टूटे होने और सामान बिखरा होने की जानकारी दी।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-टेंडरिंग नोटिस**

**निविदा सूचना: M247GLR SHITACHITM 262728, Date: 14.08.2026. कार्य का नाम:** इलेक्ट्रीक लोको के हिटाची ट्रेक्शन मोटर (Type-HS15250A) का रिपेयर / रिकंडीशनिंग। **स्थान:** मु. का. प्र. / दाहोद पश्चिमी रेलवे कार्यालय। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 92,03,886/-. **बयाना राशि:** रु. 1,84,100/-. **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय:** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 04.09.2026 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। **निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता:** www.ireps.gov.in/ E-Tenders / Works / IR Electrical AK/17/1/206

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-टेंडरिंग नोटिस**

**निविदा सूचना: M247GLR SHITACHITM 262728, Date: 14.08.2026. कार्य का नाम:** इलेक्ट्रीक लोको के हिटाची ट्रेक्शन मोटर (Type-HS15250A) का रिपेयर / रिकंडीशनिंग। **स्थान:** मु. का. प्र. / दाहोद पश्चिमी रेलवे कार्यालय। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 92,03,886/-. **बयाना राशि:** रु. 1,84,100/-. **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय:** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 04.09.2026 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। **निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता:** www.ireps.gov.in/ E-Tenders / Works / IR Electrical AK/17/1/206

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

निर्माण कार्य

उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पश्चिमी रेलवे, चर्चगेट, मुंबई- 40020, ई-निविदा सूचना संख्या आमंत्रित करता हैः उप.सी.ई(सी)सीसीजी/362, दिनांकः 12.08.2026 (दो पैकेट प्रणाली)। कार्य का नामः अतिरिक्त प्लेटफार्म, पिट का निर्माण अस्तबल का निर्माण/विस्तार लाइनें, स्काई-वॉक, अप्रोच रोड और परिसंचारी क्षेत्र का विकास जोगेश्वरी स्टेशन एवं निर्माण नग 3 परत निरीक्षण प्लेटफार्म मुंबई का बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पश्चिमी रेलवे प्रभाग। एनआईटी मूल्यः 93,44,91, 639.12.ईएमडीः 1,86,89,800/- ई-बोली जमा करने की अंतिम तिथिः 07.09.2026, दोपहर 3.00 बजे तक ई-बोली खोलने की तिथिः 07.09.2026 दोपहर 3.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in 0489 0489

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**In The Court of Principal Judge, Family Court, Ujjain (M.P.)**

**Presiding Officer श्री संजीव कुमार गुप्ता**

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु (RCS HM/72/2025)**

श्रीमती राधा उर्फ राधिका -आवेदक

**विरुद्ध**

मितेन्द्र कुमार जैन -अनावेदक

Process Id/2026

पेशी दिनांक 06.10.2026

**प्रेषिती** – मितेन्द्र कुमार जैन पिता श्री दिनेश कुमार जैन, निवासी- 02 गौराकुंड प्रणामी मंदिर वाली गली एम. जी. रोड, इन्दौर (म.प्र.) मोबाईल नं. 90980-28314

यह कि प्रार्थी श्रीमती राधा उर्फ राधिका पति मितेन्द्र कुमार जैन, आयु ३० वर्ष, निवासी राजीव नगर कॉलोनी, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) ने आपके विरूद्ध धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये ही और जो इस वाद सबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का मितेन्द्र कुमार जैन पिता श्री दिनेश कुमार जैन लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे यह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जान वाली सूची में प्रविष्टि करे।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे।

यह आज तारीख 12.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(संजीव कुमार गुप्ता)**

**प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय उज्जैन (म.प्र.)**

## न्यूज -कॉलम

### मकान के पीछे से भंगार हटाने पर 2 भाईयों में विवाद

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के रामद्वारा कालोनी में रहने वाले दिनेश पिता अमृतलाल शर्मा 50 साल का बड़े भाई मिश्रीलाल पिता अमृतलाल शर्मा 60 साल से घर के पीछे रखा भंगार और अटाला हटाने की बात पर बात पर विवाद हो गया। दोनों के परिवार आमने-सामने हो गये और मामला मारपीट में बदल गया। दिनेश के साथ उसके परिवार में शामिल पुत्र श्रेयांश घायल हो गया। दूसरी ओर से मिश्रीलाला उसका पुत्र सुशील घायल हुये है। दोनों परिवार विवाद के बाद थाने पहुंचे। जहां मिश्रीलाल ने आरोप लगाया कि घर के पीछे कबाड और भंगार डाल दिया गया था माना करने पर छोटे भाई ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं दिनेश का कहना था कि कबाड और भंगार रखा होने पर बडे भाई ने विवाद कर मारपीट की है। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज जांच में लिया है।

### तबीयत बिगड़ने के बाद राजगढ़ के युवक की मौत

**उज्जैन।** राजगढ़ का रहने वाला जीवन पित हरीसिंह चावडा टीबी की बीमारी से पीडित था। वह दवा लेने के लिये धामनोद गया था, जहां से रविवार रात बस से उज्जैन भानेज अरूण के लिये पहुंचा था, देवासगेट बस स्टेंड पर उतरने के बाद उसकी अचानक तबीयत बिगड गई। वह बेहोश हो गया, कुछ लोगों ने उसे देखा, इस दौरान एक व्यक्ति ने उसके पास मिले मोबाइल से कॉल डिटेल निकाली और ऊपर दिखाई दिये नम्बर पर कॉल कर दिया। कॉल विजय को लगा था, वह बस स्टेंड पहुंचा लेकिन उसे कॉल करने वाला नहीं मिला, जीवन बेहोश दिखाई दिया। जिसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। विजय ने बताया कि वह जीवन को पहचनता था। बस स्टेंड पहुंचने पर जीवन का मोबइल और पर्स नहीं मिला। संभवत कॉल करने वाला मोबाइल और पर्स ले गया है। मामले की सूचना देवासगेट थाना पुलिस को मिली तो परिजनों को अवगत कराया गया। सोमवार को परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों का कहना कि राजगढ़ से टीबी की दवा लेने का बोलकर निकला था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी।

### बिरला अस्पताल के सामने कार-बुलेट में भिड़ंत

**उज्जैन।** नानाखेडा थाना क्षेत्र के बिरला अस्पताल के सामने टर्निंग पर बीती शाम कार और बुलेट में आमने-सामने की भिडत हो गई। गनीमत रही कि बडी घटना नहीं हुई लेकिन दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। दोनों के चालकों ने एक-दूसरे पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाकर विवाद शुरू कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस पहुंची और मामला शांत कराकर दोनों वाहन चालकों को थाने लेकर आई। कार चालक कमल पिता टिकमदास केलवानी निवासी बसंत विहार ने बुलेट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। बुलेट चालक अजय प्रताप पिता गजराजसिंह पंवार निवासी रामवासा ने कार चालक पर तेजगति से चलाने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। दोनों वाहन चालकों की गलती का पता लगाने के लिये टर्निंग पर लगे कैमरे देखे जायेगें।

### पति के लापता होने पर पत्नी ने जताई अपहरण की शंका

**उज्जैन।** दानीगेट स्थित मोड धर्मशाला के पीछे रहने वाला शिवनारायण पिता पंडरीनाथ भावसार 64 साल 12 अगस्त की दोपहर घर से निकला था वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। 4 दिनों तक कुछ पता नहीं चला तो पत्नी विजया भावसार ने महाकाल थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये पति का अपहरण होने की शंका जताई है। महाकाल थाना ने कार्तिक मेला ग्राउंड से श्रीराम पिता पन्नालाल गुप्ता 50 साल निवासी सिविल लाइन आजमगढ़ उत्तर प्रदेश के लापता होने के मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार श्रीराम गुप्ता 15 अगस्त से लापता है। वह परिचित रामधनी विश्वकर्मा 66 साल के साथ उज्जैन आये थे। जिसके बाद से लापता है।

### बदमाशों ने चाय का ठेला लगाने पर मांगा हफ्ता

**उज्जैन।** केडी गेट पर रहने वाला शाकिर उर्फ आलू पिता सलीम खान जीवाजीगंज क्षेत्र के पत्ती बाजार में चाय का ठेला लगाता है। शाम को 2 बदमाश उसके ठेले पर पहुंचे और क्षेत्र में चाय बेचने पर हफ्ता देने की बात कहने लगे। शाकिर ने हफ्ता देने से मना किया तो दोनों ने मारपीट कर सामान अस्त-व्यस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। विवाद देख आसपास के लोग एकत्रित हुये तो दोनों बदमाश भाग निकले। जीवाजीगंज पुलिस ने शाकिर की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। शाकिर का कहना था कि वह दोनों बदमाशों को चेहरे से पहचानता है, जो क्षेत्र के रहने वाले हो सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 157-3 | 689-3 |
| मेन बाजार | 123-6 | 449-7 |
| कल्याण नाइट | 119-1 | 580-3 |
| मिलन डे | 125-8 | 170-8 |
| मिलन नाइट | 378-8 | 167-4 |
| मधुर डे | 689-3 | 288-8 |
| मधुर नाइट | 560-1 | 460-0 |
| शुभांक | 6 2 | 7 |

# इंदौरी बदमाशों ने झपटी थी देवास-उज्जैन में चेन

## 3 महिलाओं को बनाया था निशाना, उज्जैन की 2 वारदातों का खुलासा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

फव्वारा चौक पर 12 दिन पहले हुई चेन स्नेचिंग की वारदात में इंदौर के बदमाश शामिल होना सामने आये है। बदमाशों ने चंद घंटो में देवास-उज्जैन में 3 वारदात को अंजाम दिया था। देवास पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर 3 स्नेचिंग का खुलासा किया है।

डाबरी पीठा में रहने वाले मुकेश नीमा फव्वारा चौक पर ड्रायफ्रूट की दुकान संचालित करते है। 5 अगस्त की रात वह पत्नी मनीषा के साथ पैदल टहलने निकले थे, उसी दौरान रात 11 बजे के लगभग बाइक सवार 2 बदमाशों ने फव्वारा चौक पर उनकी पत्नी के गले से ढाई तोला वजनी चेन झपट ली थी। बदमाश वारदात के बाद भाग निकले थे। कोतवाली थाना पुलिस सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों का पता लगाने में जुटी थी। 11 दिन बाद देवास सिविल लाइन पुलिस ने 5 अगस्त को उनके थाना क्षेत्र में हुई संतोषबाई पति सतीश सोनी 52 साल के साथ हुई मंगलसूत्र स्नेचिंग में



शामिल इंदौर के रहने वाले 2 बदमाशों मोहम्मद जाबीर हुसैन उर्फ सत्तारिया उर्फ अठारिया पिता जाकीर 28 साल और रेहान पिता हनीफ शेख 20 साल को गिरफ्तार किया। दोनों बदमाशों से पूछताछ में देवास पुलिस के सामने आया कि देवास में वारदात करने के बाद उज्जैन गये थे, जहां उन्होने कोठीरोड पर दूसरी वारदात को अंजाम दिया और फिर फव्वारा चौक पर तीसरी वारदात करने के बाद इंदौर भाग निकले थे। देवास सिविल लाइन थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि बदमाशों को रिमांड पर लेने के बाद तीनों वारदातों में शामिल मंगलसूत्र और 2 चेन के साथ वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई है। उज्जैन पुलिस को वारदातों का खुलासा होने की सूचना दी गई है। कोतवाली और माधवनगर थाना पुलिस बदमाशों को पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर जायेगी।


**एक बदमाश पर इंदौर में दर्ज 13 मामले**

देवास पुलिस के खुलासे में सामने आया कि स्नेचिंग की वारदात में शामिल बदमाश मोहम्मद जाबीर हुसैन आदतन बदमाश है, उसके खिलाफ इंदौर में अलग-अलग थानों में 13 मामले दर्ज है। वह 2014 से वारदातों में शामिल है। पूर्व में भी स्नेचिंग और लूट की आधा दर्जन वारदातें कर चुका है। मारपीट, हफ्ता वसूली और आर्म्स एक्ट के प्रकरण भी दर्ज है। उसका साथी रेहान शेख मूलरूप से बुरहानपुर का रहने वाला है, लेकिन काफी समय से इंदौर में किराये का मकान लेकर रह रहा है।

**रात में महिलाओं को बनाते है निशाना**

बताया जा रहा है कि बदमाश मोहम्मद जाबीर अपने अलग-अलग साथियों के साथ मिलकर चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देता है। वह रात के समय बाइक से निकलता है और सूनसान रास्तों पर महिलाओं को अकेला पाकर उनके गले से चेन-मंगलसूत्र झपट लेता है। देवास से उज्जैन के बीच करीब 3 घंटे में 3 वारदातों को अंजाम दिया था। बदमाशों की निशानदेही पर बरामद मंगलसूत्र और दो चेन 3 लाख कीमत की होना पाई गई है।

### रात 12 बजे 364 दिन के लिये बंद हुये नागचंद्रेश्वर के पट



**उज्जैन।** नागपंचमी पर वर्ष में एक बार 24 घंटे के लिये खुलने वाले भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट सोमवार रात 12 बजे 364 दिन के लिये पुन बंद कर दिये गये। मंदिर के पट बंद होने से पहले लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर देश का एकमात्र ऐसा नागचंद्रेश्वर मंदिर है, जिसे वर्ष में एक बार नागपंचमी के दिन 24 घंटे के लिये खोला जाता है। मंदिर में 11 वीं शताब्दी की अद्भुत प्रतिमा है, जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय शेषनाग के फन पर विराजमान है। रविवार रात 12 बजे त्रिकाल पूजा के साथ मंदिर के पट खोले गये थे। जिसके बाद आम श्रद्धालुओं को दर्शन प्रवेश दिया गया था, सोमवार दिनभर दर्शनों का क्रम बना रहा। रात 12 बजे मंदिर के पट बंद होने का समय करीब आते ही विशेष पूजा अर्चना की तैयारी शुरू कर दी गई थी। श्रद्धालुओं की दर्शन संख्या को भी सीमित किया जाने लगा था। 12 बजते ही पूजा अर्चना की शुरूआत की गई और 364 दिनों के लिये मंदिर के पट पुन बंद कर दिये गये। बताया जा रहा है कि 24 घंटे में 11 लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर चुके थे।

### स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित कर दिया स्वच्छता का संदेश

**उज्जैन।** सोमवार को नाग पंचमी पर्व उज्जैन शहर में लाखों की तादात में आये श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम का संपूर्ण अमला सक्रिय रहा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर निगम से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की गई तथा दर्शन व्यवस्था रात्रि 12 बजे से प्रारंभ होने के साथ कर्क राज मंदिर पार्किंग स्थल से त्रिवेणी संग्रहालय, जयसिंह पूरा,शेर चौराहा, हरसिध्दि पाल, रामघाट, गणगौर दरवाजा,कार्तिक चौक गोपाल मंदिर, गुदरी चौराहा, चौबीस खंभा, कहार वाडी आदि मार्गों पर 3 शिफ्ट में 350 से अधिक सफाई मित्रों के द्वारा स्वच्छता सुनिश्चित कर स्वच्छता का संदेश दिया। नागपंचमी पर्व एवं बाबा महाकाल सवारी को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा स्वच्छता, अतिक्रमण, आवारा मवेशियों का नियंत्रण श्रद्धालुओं की सहायता एवं जनजागरूकता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पूर्ण किया गया श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर नियमित सफाई के साथ कचरे का तत्काल उठाना सुनिश्चित किया गया नगर निगम की आईईसी एजेंसी के सदस्य भी विभिन्न स्थानों पर सक्रिय रहे।

# नागपंचमी पर सुरक्षा में तैनात वर्दी की दिखाई दी हमदर्दी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

नागपंचमी पर लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात वर्दी की हमदर्दी और मानवता भी सामने आई। जहां एक दिव्यांग को गोद में उठाकर दर्शन कराये गये, वहीं निगमकर्मी के सीने में दर्द होने पर तत्काल भी? के बीच से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। यहीं नहीं श्रद्धालुओं को भूख लगाने पर एसपी ने खाना मंगवाया और खुद भी साथ बैठकर खाया।

धार्मिक नगरी में नागपंचमी के साथ सावन माह का सोमवार होने पर शाम को निकली बाबा महाकाल की तीसरी सवारी में सुरक्षा व्यवस्था के लिये 36 घंटे के लिये 24 सौ से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। तैनाती से पहले ही एसपी प्रदीप शर्मा ने सभी को कर्तव्य निष्ठा के साथ श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो सके इसके निर्देश जारी किये थे। खुद एसपी भी व्यवस्था में लगातार मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिये भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस की मानवीयता चेहरा उस वक्त सामने आया जब ड्युटी पर तैनात नगर निगम कर्मचारी की अचानक तबीयत बिग? गई और सीने में दर्द होने लगा। पुलिसकर्मियों ने तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई और भी? को हटाते हुये एम्बुलेंस को अस्पताल तक पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से निगमकर्मी को स्वास्थ्य लाभ मिल सका। यहीं नहीं महाकाल मंदिर के शिखर पर बने नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन की कतार में दिव्यांग को देख एसआई चंद्रभानसिंह ने देखा तो तत्काल उसे श्रद्धालुओं की कतार से गोद में उठा लिया और नागचंद्रेश्वर मंदिर तक लेकर पहुंचे। दिव्यांग श्रद्धालु को दर्शन करने के बाद उसे ऊपरी तल से नीचे उतारा। इस बीच एसपी खुद श्रद्धालुओं से चर्चा कर व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। उन्होने कुछ श्रद्धालुओं से बातचीत की तो उन्होने बातों-बातों में भूख लगने की बात कहीं। एसपी ने तत्काल श्रद्धालुओं के लिये भोजन की व्यवस्था कराई और खुद उनके



साथ मंदिर परिसर में जमीन पर बैठ भोजन किया। लगातार ड्युटी कर रहे पुलिसकर्मियों ने कई श्रद्धालुओं को भी? के बीच से सुरक्षित निकालने में मदद की मानवीयता का परिचय दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं का कहा कि दर्शन में समय लगा लेकिन व्यवस्था अच्छी होने आसानी से दर्शन हो सके।

# चलती ट्रेन में चढने का प्रयास कर रही महिला गिरी

## जीआरपी आरक्षक की तत्परता से बची जान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय महिला यात्री के गिरने का एक ओर मामला सामने आया है। गनीमत रही कि मौके पर जीआरपी आरक्षक मौजूद था, जिसने तत्परता दिखाते हुये आरपीएफ जवान और यात्रियों की मदद से महिला यात्री की जान बचा ली।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि घटनाक्रम रविवार का है। प्लेटफार्म नम्बर 1 पर बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस आई थी। जिसके रवाना होते ही एक महिला यात्री ने चलती ट्रेन में चढने का प्रयास किया, लेकिन पैर फिसलने से गिर गई। उसी दौरान ड्युटी पर तैनात आरक्षक दिलीप लोधी ने तत्परता दिखाई और आरपीएफ एएसआई शिवसिंह बघेल के साथ महिला यात्री को प्लेटफार्म और रेलवे ट्रेक पर जाने से बचा लिया। दोनों ने कुछ यात्रियों की मदद से महिला को बाहर खींचा और सुरक्षित बचा लिया। महिला यात्री उत्तरप्रदेश के मथुरा की रहने वाली कमला पति लक्ष्मण सैनी 68 साल सामने आई। कुछ देर बाद महिला यात्री का पुत्र राजकुमार वहां आ गया, उसने बताया कि वह टिकीट लेने गया था। वापस लौटा तो पता चला कि कोई महिला यात्री ट्रेन में चढ़ते वक्त गिरने से बची है। जिसे देखने आया तो माता



जी सामने आई। जीआरपी थाना प्रभारी के अनुसार आरक्षक दिलीप लोधी की कर्तव्यनिष्ठा और तत्परता को देखते हुये जीवन रक्षा के सहासिक कार्य के लिये उचित स्तर पर सम्मानित किये जाने की अनुशंसा वरिष्ठ अधिकारियों से की जायेगी।

**15 अगस्त पर भी हुआ था हादसा**

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को भी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर रात 10.30 बजे सूबेदारगंज स्पेशन ट्रेन में चलते समय चढ़ने का प्रयास कर रही महिला यात्री पैर फिसलने पर गिर गई थी। उस दौरान आरपीएफ आरक्षक अरविंद कुमार ने दौ?कर महिला यात्री को बचाने में अपनी भूमिका निभाई थी।

उक्त महिला यात्री उर्मिला देवी पति श्रवण कुमार 35 साल निवासी प्रयागराज उत्तरप्रदेश होना सामने आई थी। जिसने जान बचाने वाले आरक्षक का आभार माना था। 2 दिन में हुई दो घटना प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

### पुत्र को देखने अस्पताल आये पिता की बाइक चोरी



**उज्जैन।** दुर्घटना में घायल पुत्र को देखने अस्पताल आये पिता की बाइक बदमाशों ने चोरी कर ली। अस्पताल परिसर गेट से बाइक चोरी होने पर मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई है।

माकडोन के ग्राम उमरिया रोड झुमकी में रहने वाले ईश्वर प्रजापत के पुत्र विशाल सडक दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल तेजनकर में भर्ती कराया गया है। रविवार दोपहर ईश्वर अपने पुत्र को देखने बाइक क्रमांक एमपी 70 एमई 6066 से आया था। उसने बाइक अस्पताल परिसर के गेट पर खडी की। करीब डेढ़ घंटे बाद वापस आया तो बाइक दिखाई नहीं दी। आसपास सभी जगह तलाश करने पर बदमाशों द्वारा चोरी की जाने सामने आने पर नीलगंगा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। बताया जा रहा है कि इससे पहले अस्पताल परिसर के गेट से रवि पिता महेन्द्र लिम्बावत निवासी पाटीदार ब्रिज के पास फ्रीगंज की बाइक बदमाश चुराकर ले गये थे। यहीं नहीं 2 दिन पहले अस्पताल से कुछ दूरी पर स्थित आईसीआईसीआई बैंक परिसर से जसमीतसिंह छाबडा की बाइक बदमाशों ने चोरी कर ली थी। एक सप्ताह में 3 बाइक चोरी होना सामने आ चुका है। पुलिस की माने तो अस्पताल के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे है। जिसके चलते बाइक चोरी करने वालो का सुराग नहीं मिल पा रहा है। संभावना है कि तीनों बाइक एक ही गिरोह के बदमाशों ने चुराई है। पुलिस आसपास क्षेत्रों में लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# नितिन नवीन की नई टीम में मध्यप्रदेश का दबदबा, छह नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को अपनी बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी। नई टीम में संगठनात्मक अनुभव, सामाजिक समीकरण, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और युवा चेहरों के बीच संतुलन साधने की कोशिश दिखाई देती है। खास बात यह है कि मध्यप्रदेश के छह नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। इससे प्रदेश भाजपा का राष्ट्रीय संगठन में प्रभाव और बढ़ने के संकेत मिले हैं।

नई टीम में मध्यप्रदेश के लालसिंह आर्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री, कविता पाटीदार को राष्ट्रीय



मंत्री, विष्णुदत्त शर्मा को प्रकोष्ठ संकुल संयोजक, बंशीलाल गुर्जर को किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा आशीष ऊषा अग्रवाल को मीडिया सह-संयोजक बनाया गया है। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं।

**लालसिंह आर्य का बढ़ा कद**

ग्वालियर-चंबल अंचल के वरिष्ठ भाजपा नेता लालसिंह आर्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वे लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय रहे हैं और अनुसूचित जाति समाज के बीच पार्टी के प्रमुख चेहरों में शामिल रहे हैं। वे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति को पार्टी के सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र को राष्ट्रीय संगठन में मजबूत प्रतिनिधित्व मिलने से आने वाले समय में इस अंचल की राजनीतिक भूमिका भी महत्वपूर्ण रह सकती है।

**निमाड़ के गजेंद्र पटेल राष्ट्रीय महामंत्री**

खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र से सांसद गजेंद्र सिंह पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी मिली है। आदिवासी समाज से आने वाले पटेल को राष्ट्रीय संगठन में इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना मध्यप्रदेश के साथ-साथ आदिवासी राजनीति के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। निमाड़ क्षेत्र में संगठन और आदिवासी समाज के बीच उनकी सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी भूमिका दी है। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में अब उनके सामने संगठन विस्तार और पार्टी की रणनीति को विभिन्न राज्यों में मजबूत करने की जिम्मेदारी होगी। राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार को राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया है।

प्रदेश भाजपा संगठन में महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुकीं पाटीदार को संगठन और संसदीय राजनीति दोनों का अनुभव है। उनकी नियुक्ति में महिला प्रतिनिधित्व के साथ-साथ ओबीसी सामाजिक समीकरण को भी महत्व दिया गया है। मध्यप्रदेश की राजनीति में संगठनात्मक भूमिका निभाने के बाद अब उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का अवसर मिलेगा। खजुराहो सांसद और मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा (वीडी शर्मा) को प्रकोष्ठ संकुल संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। वे लंबे समय तक प्रदेश भाजपा संगठन के शीर्ष पद पर रहे हैं और बूथ स्तर के संगठन से लेकर चुनावी प्रबंधन तक का अनुभव रखते हैं। नई जिम्मेदारी के तहत पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के बीच समन्वय और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

# अहोभाव से देखना



सावन के महीने में मन भी हरा-हरा हो जाता है। इस महीने में इतने अधिक व्रत रखने के पीछे धार्मिक आस्था, आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का एक गहरा तालमेल है। हमारे पूर्वजों ने स्वास्थ्य और धर्म को एक साथ जोड़कर इन नियमों को बनाया था। लोग पूजा-प्रार्थना तो करते हैं, लेकिन उनके दिल में अहोभाव खो गया है। कोई भी व्रत हो, कुछ पाने के लिए किया जाता है। जो लोग मंदिरों में जाते हैं, उनके भीतर कोई न कोई मांग होती है। एक एक हकीकत है कि जो मिला है, उसके लिए अहोभाव प्रगट करने कोई मंदिर में नहीं जाता। यह कोई भक्ति नहीं हुई। भक्ति में तो हृदय कृतज्ञता से भरा होता है। भारतवर्ष की एक बहुत बड़ी खासियत रही है कि यहां के गरीब लोगों के चेहरे पर संतोष की मुस्कान दिखाई देती है। किसी सब्जी वाले या रिक्शा चलाने वाले से पूछो कि हाल कैसा है, तो वे आपको कहते मिलेंगे, भगवान की दया से सब अच्छा चल रहा है, सब ठीक है।

आखिर ये किस बात पर मुस्कराते हैं? इनके सब ठीक का दायरा क्या होता है? कोई जाकर इनका घर और सामान-असबाब देखे, तो अचंभित होगा कि इस हालत में यह मुस्कान कहां से आती है? इससे उलट धनवानों को देखो, तो उनके पास सब कुछ है, लेकिन मुस्कान बहुत महंगी हो गई है। वे हमेशा तनाव में, हमेशा परेशान मिलते हैं। इसका क्या गणित होगा? यह विपरीत गणित है। जो भी संपन्न होते हैं, उनमें अहोभाव नहीं होता। आदमी जितना अधिक पढ़ा-लिखा, जितना काम में कुशल होता है, उतना ही उसका अहोभाव कम होता जाता है। उसके भीतर अहंकार बढ़ता जाता है। लालच और महत्वाकांक्षा बढ़ती जाती है। यह जो असंतुष्टि की आग सी लगी रहती है, इसी कारण से अहोभाव खो गया है। शायद अब यह शब्द भी लोग भूल गए होंगे। साधारणतः वासना वही देखती है, जो आपके पास नहीं है। भक्ति उल्टी स्थिति है; वह जो आपके पास है, उसे देखती है। जो आपके पास नहीं है, उसी को देखते रहो, तो आप सदा दुखी रहेंगे। लाख रुपये आपके पास हैं, वह आप नहीं देखते; अरबों-खरबों जो आपके पास नहीं हैं, उसे ही आप देखते हैं, इसलिए मन बेचैन रहता है। जो है अगर उसे देखें, तो अहोभाव पैदा होता है। जरा आंख खोलकर देखें, तो इतना दिया है अस्तित्व ने कि आप सिवाय धन्यवाद के और क्या कर सकते हैं! अपने हृदय से पूछें, तो वह हमेशा अहोभाव में डूबा रहता है। वह कभी और की मांग नहीं करता। थोड़ा दिल के रास्ते भी चलकर देखें। शिवसूत्र में एक सुंदर सूत्र है: आसनस्थः सुखम् हृदे निमज्जति। शांत बैठा हुआ व्यक्ति आराम से भीतर के सरोवर में डूबता है। इस सरोवर का पता चलना ही अहोभाव है।



सम्पादकीय

## जरदारी के जहरीले बोल

पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अखंड भारत की अवधारणा के संदर्भ में जो कुछ कहा है, वह उनके बड़बोलेपन का तो प्रमाण है ही, पाकिस्तानी नेताओं की भारत को लेकर जो कुंठाएं हैं, उसका प्रकटीकरण भी है। जरदारी ने फरमाया है कि भारतीयों की अपनी सोच, अपना नजरिया है। वे अखंड भारत में यकीन रखते हैं, लेकिन हम मुसलमान हैं, वे नहीं हैं। हम सहन करना जानते हैं।... पाकिस्तान में चार प्रतिशत हिंदू हैं और वे यहां उतने ही आजाद हैं, जितने कहीं और। वे भारत के बजाय पाकिस्तान में रहना पसंद करते हैं। राष्ट्रपति जरदारी की इस तकरीर से साफ पता चलता है कि उनका इतिहास-बोध बेहद कमजोर है, वरना वह अपने मुल्क में हिंदुओं के चार फीसदी होने को फख्र से नहीं, शर्म से याद करते, क्योंकि सन 1947 में जब पाकिस्तान वजूद में आया था, तब वहां 14.6 फीसदी हिंदू बसते थे और उसकी सबसे ताजा जनगणना, जो 2023 में मुकम्मल हुई है, बता रही है कि अब वे महज 2.17 फीसदी रह बचे हैं। यानी, राष्ट्रपति जरदारी को यह भी ठीक-ठीक मालूम नहीं कि उनके मुल्क में कितने फीसदी हिंदू रह गए हैं? कहां गए वे बाकी हिंदू? वे किस सहन के शिकार हुए? हिंदू आबादी तो बांग्लादेश में भी घटती चली गई है!

पाकिस्तान में पहले दिन से आज तक न सिर्फ हिंदुओं, बल्कि अन्य अल्पसंख्यक समुदायों- ईसाइयों और सिखों -के साथ भी ज्यादतियां होती रही हैं और वहां ईश निंदा कानून की आड़ में जबरिया धर्मांतरण और विवाह पर एमनेस्टी इंटरनेशनल तक अपनी गहरी चिंता जता चुका है। इसके बरक्स भारत दुनिया भर में इस बात की एक मिसाल है कि जहां का बहुसंख्यक समाज सहिष्णु होता है, वहां की अकलीयत आबादी किस तेजी से तरक्की की सीढ़ियां चढ़ती है। ऐसा नहीं कि भारत में प्रतिक्रियावादी नहीं हैं या यहां सांप्रदायिक दंगे नहीं होते, मगर भारतीय समाज का पूरा ताना-बाना सहिष्णुता और सह-अस्तित्व के दर्शन पर आधारित है, इसीलिए प्रतिक्रियावादी यहां जल्द ही अलग-थलग पड़ जाते हैं। जरदारी को पता होना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हिंदुओं के साथ इसके मुसलमानों ने भी शाना-ब-शाना दुश्मन से मोर्चा लिया था।

### संदर्भः- जेपीसी में एफसीआरए संशोधन विधेयक

## विदेशी अंशदान विधेयक ईसाई मिशनरियों के दबाव में



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

विदेशी अंशदान विनिमय अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक-2026 में बाधा विपक्ष के साथ विदेशी ताकतें भी बन रही हैं। इसलिए इसके पक्ष में कांग्रेस, सपा और द्रमुक के साथ मतांतरण में लगी ईसाई मिशनरियां भी नहीं हैं। जबकि इस कानून में देशहित से जुड़े संशोधन होना जरूरी है, जिससे देश में विदेशी धन से जनसंख्यात्क घनत्व बिगाड़ने और सुरक्षा को ठेंगा दिखाने वाली संस्थाओं पर अंकुश लगे। अतएव सरकार ने विधेयक के प्रारूप को समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति के सुपुर्द कर दिया। इस विधेयक को द्रमुक अल्पसंख्यकों के विरुद्ध करार दे रही थी। हालांकि सरकार ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए प्रारूप में अल्पसंख्यकों की खिलाफत से जुड़ा एक भी बिंदु बताने की चुनौती दी हुई है, लेकिन सत्ता का लालची विपक्ष की आंखों पर चष्मा चढ़ा हुआ है।

अमेरिकी सांसद राइली मूर भी विधेयक के संशोधन पर आपात्ति जता चुके हैं। उनका कहना है कि भारत गैर-सरकारी संगठनों, ट्रस्टों, शैक्षिण्क संस्थानों और धार्मिक संगठनों को विदेश से मिलने वाले चंदे पर प्रतिबंध लगाता हैं तो भारत और अमेरिका के बीच बने चले आ रहे द्विपक्षीय संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। मूर ने ऐसा इसलिए कहा है, क्योंकि अमेरिका के अलावा अन्य यूरोपीय देश भी भारत में एनजीओ के माध्यम से ईसाईकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। इस्लामिक देशों से मतांतरण के लिए आ रहा धन आतंकी साजिशों में भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जो सुरक्षा से जुड़ा बड़ा मसला है। ऐसी साजिशों के चलते हम जम्मू-कश्मीर में अपने हजारों सैनिक गंवा चुके हैं। बावजूद विपक्ष की आंखें महज सत्ता के लालच में मूंदी हुई हैं। हालांकि केंद्र सरकार को समीक्षा के लिए इस विधेयक को जेपीसी को सौंपने से पूर्व संसद में चर्चा कराने की जरूरत थी, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता। क्योंकि इस धन का मतांतरण के अलावा पर्यावरण संरक्षण के बहाने विकास विरोधी गतिविधियों में भी उपयोग किया जाता रहा है।

याद रहे कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में निमार्णाधीन है। इसके मूल समझौते पर हस्ताक्षर 20 नवंबर 1988 को राजीव गांधी और तत्कालीन सोवियत संघ के अस्तित्व में रहते हुए प्रधानमंत्री राजीव गांधी और मिखाइल गोर्बचेव ने किए थे। इस परियोजना का विरोध उन एनजीओ ने बढ़-चढ़कर किया जिन्हें अमेरिका से पर्यावरण संरक्षण की आड़ में धन मिल रहा था। उस समय कांग्रेस नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस विरोध के कारण यह परियोजना पूर्ण रूप से आज तक पूरी नहीं हो पाई है। इसकी जब सभी छह इकाइयां परमाणु बिजली उत्पादन करने लग जाएंगी तब इस संयंत्र की ऊर्जा उत्पादन क्षमता छह हजार मेगावाट होगी और यह संयंत्र भारत का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की श्रेणी में आ जाएगा। अमेरिका इसका विरोध दो कारणों से करा रहा था। एक तो रूस इसे बना रहा है, दूसरे इसके निर्माण के बाद भारत परमाणु ऊर्जा उत्पादन में लगभग आत्मनिर्भर हो जाएगा। इस संदर्भ में कांग्रेस और विपक्ष को देश हित में सोचना चाहिए कि क्या एफसीआरए में ऐसे संशोधन जरूरी नहीं हैं, जिसके चलते भविष्य में विदेशी धन और उसकी इच्छा के अनुसार चलने वाला एनजीओ देश की विकास परियोजनाओं में बाधा नहीं डालने पाएं ? एक नहीं ऐसे अनेक एनजीओ संदिग्ध चरित्र के हैं, जो देश के हितों से खिलवाड़ करने में कोई संकोच नहीं बरतते हैं ?

केंद्र सरकार ने विदेशी चंदा नियमन कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले करीब 20,000 स्वयंसेवी संगठनों को अयोग्य करार देते हुए इनके लाइसेंस पहले ही खरिज कर दिए हैं। यह कार्यवाही तब की गई थी, जब इनके बही-खातों की जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गईं थीं। इससे साफ होता है कि सेवा के बहाने ये एनजीओ गोरखधंधे में लगे हुए थे। इनके इतर गृह मंत्रालय ने 13000 संगठनों को विदेशी चंदा लेने के योग्य ठहराया हुआ है। इस कार्यवाही से यह सवाल खड़ा होता है कि आखिरकार देश में इतने गैरसरकारी संगठन क्यों हैं और इनके बने रहने का औचित्य क्या है ? इन संगठनों के विधान में यह मूल भावना निहित रहती है कि ये संगठन लोगों में जागरुकता लाकर उनके जीवन में उल्लेखनीय बदलाव के वाहक बनेंगे, लेकिन इस उद्देश्य से भटकर अपवादस्वरूप कुछ एनजीओ को छोड़ दें तो ज्यादातर एनजीओ देशी व विदेशी अनुदान पाकर निजी हित साधने और मतांतरण जैसे गोरखधंधे में लगे हैं।

जिन एनजीओ को फॉरेन कांट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (एफसीआरए) के तहत चंदा मिलता है, वे अनाथालय, शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता अभियान चलाने के लिए विदेशों से बेहिसाब चंदा लेते हैं, किंतु इस्लाम व ईसाई धर्म से जुड़े एनजीओ धर्मांतरण में लगे हैं। आधुनिक अथवा नवीन स्वयंसेवी संगठनों को सरकार की जटिल शासन प्रणाली के ठोस विकल्प के रूप में देखा गया था। उनसे उम्मीद थी कि ये एक उदार और सरल कार्यप्रणाली के रूप में सामने आएंगे। चूंकि सरकार के पास ऐसी कोई जादू की छड़ी नहीं होती कि वह हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान कर सके। इस परिप्रेक्ष्य में विकास संबंधी कार्यक्रमों में आम लोगों की सहभागिता की अपेक्षा की जाने लगी और उनके स्थानीयता से जुड़े महत्व व ज्ञान परंपरा को भी स्वीकारा जाने लगा। वैसे भी सरकार और संगठन दोनों के लक्ष्य मानव के सामुदायिक सरोकारों से जुड़े हैं। समावेशी विकास की अवधारणा भी खासतौर से स्वैच्छिक संगठनों के मूल में अंतर्निहित है। बावजूद प्रशासनिक तंत्र की भूमिका कायदे-कानूनों की संहिताओं से बंधी है। लिहाजा उनके लिए मर्यादा का उल्लंघन आसान नहीं होता। जबकि स्वैच्छिक संगठन किसी आचार संहिता के पालन की बाध्यता से स्वतंत्र हैं। इसलिए वे धर्म और सामाजिक कार्यों के अलावा समाज के भीतर मथ रहे उन ज्वलंत मुद्दों को भी हवा देने लग जाते हैं, जो उज्जवल भविष्य की संभावनाओं और तथाकथित परियोजनाओं के संभावित खतरों से जुड़े होते हैं।

एफसीआरए कनून बनने से पहले गैर सरकारी संगठनों का जो मौजूदा स्वरूप था, वह देशी अथवा विदेशी सहायता नियम अधिनियम के चलते राजनीति से जुड़े दल विदेशी आर्थिक मदद नहीं ले सकते थे। लेकिन स्वैच्छिक संगठनों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं था। इसलिए खासतौर से पश्चिमी व इस्लामिक देश अपने प्रच्छन्न मंसूबे साधने के लिए उदारता से भारतीय एनजीओ को अनुदान देने में लगे हैं। आठवें दशक में इन संगठनों को समर्थ व आर्थिक रूप से संपन्न बनाने का काम काउंसिल फॉर एडवांसमेंट ऑफ पीपुल्स एक्शन (कपार्ट) ने भी किया। अपने मूल उद्देष्य से भटके इनमें से ज्यादातर एनजीओ अब सर्वोच्च व उच्च न्यायालयों में पर्यावरण तथा सामाजिक विसंगतियों से जुड़े मुद्दों की जनहित याचिकाएं लगाकर अपना अस्तित्व बचाए हुए हैं। कई एनजीओ आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद न केवल उनकी जमानत का इंतजाम करते हैं, बल्कि उनके मुकदमें लड़ने के लिए कई-कई बड़े वकील भी खड़े करके शीर्ष न्यायालय का दरवाजा भी आधी रात को खुलवा लेते हैं। भूमण्डलीय परिप्रेक्ष्य में नव उदारवादी नीतियां लागू होने और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आगमन का सिलसिला परवान चढ़ने के बाद तो जैसे एनजीओ के दोनों हाथों में लड्डू आ गए थे।

## सूखा हैंडपंप

तहसील परिसर के बीचोंबीच बरगद के पेड़ तले गड़ा वह लोहे का जंग लगा हैंडपंप पूरे इलाके के लिए कौतूहल और रहस्य का केंद्र बना हुआ था क्योंकि हमारे लोकतंत्र में गड़ी हुई चीजें अक्सर ऊपर दिखती नहीं और जो दिखती हैं वे कभी चलती नहीं। उसकी हत्थी हवा में अधर में लटकी रहती थी मानो किसी बेबस नागरिक की अर्जी हो जिसे न जमीन नसीब हो और न आसमान पर उसके नल के मुँह पर सूखी मिट्टी की परत चढ़ी हुई थी जो इस बात का सुबूत थी कि विभाग ने यहाँ ईमानदारी का उपवास रखा है। हर सुबह दफ्तर खुलते ही बदरी काका आकर उसी हैंडपंप की पक्की हंडी पर अपनी पुरानी चटाई बिछाकर बैठ जाते थे जैसे कोई ईमानदार आदमी भ्रष्टाचार के समंदर में एक टापू ढूँढ रहा हो। सफेद खद्दर की धोती-कुर्ता पहने और हाथों में पीतल का एक जग थामे बदरी काका दिन भर उस सूखी हत्थी को टकटकी लगाकर ताकते रहते थे क्योंकि इस देश में प्रतीक्षा ही वह एकमात्र निवेश है जिसका कोई रिटर्न नहीं मिलता। तहसील में रोज सैकड़ों फरियादी जमीन-जायदाद के मुकदमों की पैरवी करने आते और मुंशी जी की मेजों पर स्टाम्प पन्नों का अंबार लगता जहाँ न्याय की स्याही से ज्यादा लालच का पानी खर्च होता था। वकीलों की काली पोशाकों का हुजूम उमड़ता जो कानून की आँखों पर बँधी पट्टी को और कसने का हुनर जानते थे पर बदरी काका को दुनिया के किसी मुकदमे से कोई सरोकार नहीं था क्योंकि उन्हें पता था कि कागजों का पेट भरने से आदमी का हक अक्सर कुपोषित हो जाता है। जब भी कोई नया फरियादी उस कड़कती धूप में प्यास से व्याकुल होकर हैंडपंप की तरफ बढ़ता तो बदरी काका बहुत ही सहज भाव से अपना हाथ उठाकर उसे रोक देते थे जैसे कोई सयाना देशभक्त किसी नौजवान को राजनीति में जाने से रोकता हो। काका हाथ में थामे उस खाली जग को दिखाते हुए कहते बेटा इस नल की हत्थी को मत चलाना क्योंकि इसमें से पानी नहीं बल्कि इस पूरे कसबे की बेबसी का वह हिसाब-किताब निकलने वाला है जिसे सरकारी फाइलें डकार चुकी हैं।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18 अगस्त 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:08 सूर्यास्त 18:53
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - षष्ठी 17:51 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - स्वाति दिन पूर्ण उपरांत स्वाति
योग - शुक्ल 03:23 उपरांत ब्रह्म
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 04 तारिख

**मेष-** पार्टनर के साथ अच्छा तालमेल रहेगा। कर्जों से मुक्ति का मार्ग निकलेगा। सेहत अच्छी रहेगी।

**वृषभ-** कारोबारी हैं तो निवेश का योग बनेगा या नए सौदे की संभावना है।

**मिथुन-** कार्यस्थल पर काम में मन कम लगेगा। आपके संचार कौशल से आपको बड़े सौदे मिल सकते हैं।

**कर्क-** संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। धन लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। समस्या परेशान कर सकती है।

**सिंह-** नौकरी में कार्य को लेकर सराहना मिलेगी। व्यावसायिकखर्च संभव है।

**कन्या-** परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बनेगी। आर्थिक स्थिति सामान्य। दिनभर ऊजार्वान रहेंगे।

**तुला-** कार्यस्थल पर क्रिएटिविटी बढ़ेगी और सम्मान मिलेगा। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं।

**वृश्चिक-** पार्टनर के साथ विश्वास और मजबूत होगा। फंसा हुआ पैसा मिलने की संभावना है।

**धनु-** नई नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अवसर मिलेंगे। आपकी सेहत सामान्य रहेगी।

**मकर-** कारोबारियों को पुराने निवेश से फायदा हो सकता है। लव लाइफ खुशहाल रहेगी। धन लाभ के अच्छे योग हैं।

**कुंभ-** कार्यस्थल पर नए आइडिया से समाधान निकालेंगे। नए व्यावसायिक संबंध बनेंगे।

**मीन-** वैवाहिक जीवन में मधुरता रहेगी। अचानक धन लाभ का योग बन रहा है। अचानक आए बदलावों से तनाव हो सकता है।

समसामयिक

## पहचान का प्रश्न



ओमप्रकाश चोरम
(दैनिक अवन्तिका)

भूलना मनुष्य का स्वभाव है। आदमी बहुत कुछ भूल जाता है-पुरानी तारीखें, पुराने वादे, पुराने हिसाब और कभी-कभी पुराने परिचित भी। रिश्ते और जान-पहचान जितनी पुरानी होती जाती है, स्मृति की अलमारी में उनका सामान उतना ही नीचे दबता जाता है। फिर अचानक वही परिचित सामने आ जाए तो दिमाग की अलमारी खुलती है, धूल उड़ती है, कुछ पुराने चेहरे दिखाई देते हैं, लेकिन सामने वाले का चेहरा किस खाने में रखा था, यह याद नहीं आता।

सामने वाला बड़े उत्साह से पूछता है-

पहचाना मुझे?

यह प्रश्न अपने आप में बड़ा खतरनाक है। इसमें अपनापन कम और परीक्षा की संभावना ज्यादा होती है।

चेहरा देखकर दिमाग पूरी ताकत लगाता है। स्मृति के घोड़े दौड़ते हैं। दस-पंद्रह साल पुरानी यादों की फाइलें खुलती हैं। अंततः बुद्धि हारकर कहती है-

हाँ-हाँ, पहचानता हूँ!

यह हाँ-हाँ वास्तव में पहचान की स्वीकृति नहीं होती, बल्कि पहचान न पाने की असफलता को छिपाने का सबसे सुरक्षित सरकारी बयान होता है।

सामने वाला यहीं नहीं रुकता। वह अगला सवाल कर देता है-

मेरा नाम बताइए?

अब हालत ऐसी हो जाती है जैसे परीक्षा में वह प्रश्न आ गया हो जिसे पाठ्यक्रम में देखकर भी कभी पढ़ा नहीं था।

नाम तो याद है... बस अभी जुबान पर नहीं आ रहा।

यह वाक्य भी बड़ा सुविधाजनक है। नाम दिमाग में हो या न हो, जुबान पर आने का बहाना हमेशा उपलब्ध रहता है।

कुछ लोग तो पूरी मौखिक परीक्षा लेकर ही मानते हैं।

मैं कहाँ मिला था आपसे?

आपके साथ कौन था?

मुझे याद है, मैंने आपको एक बार फोन किया था।

अब आदमी मन ही मन सोचता है-भाई, मिलना था तो मिल लेते, सीआईडी की पूछताछ क्यों कर रहे हो?

और यदि सामने वाला सीधे कह दे-

आप हमें भूल गए।

तो सारे बचाव के रास्ते बंद हो जाते हैं। फिर उत्तर आता है-

नहीं-नहीं, ऐसी बात नहीं है। बस बहुत समय हो गया।

अर्थात भूल तो गए हैं, लेकिन भूलने की जिम्मेदारी समय पर डाल दी गई है।

मोबाइल ने इस भूलने की बीमारी में काफी राहत दी है। अनजान नंबर से फोन आया और दूसरी तरफ से आवाज आई- पहचाना?

पहले आदमी को अपनी स्मृति पर भरोसा करना पड़ता था, अब कॉलर आईडी पर भरोसा कर लेता है। स्क्रीन पर नाम आया नहीं कि तुरंत आवाज में अपनापन उतर आता है-

अरे अमुक जी! आप! बहुत दिनों बाद!

सामने वाला शायद यह समझ रहा होता है कि हमारी स्मृति विलक्षण है। उसे क्या पता कि पहचानने वाला हम नहीं, मोबाइल है।

लेकिन पहचानने की कला में हमारे नेता सबसे आगे हैं। सामान्य आदमी किसी को पहचानने के लिए चेहरा देखता है, नेता आदमी का चेहरा देखकर ही पहचान लेता है कि इससे चुनाव में कितना काम लिया जा सकता है।

नेता जी को दस हजार कार्यकताओं की भीड़ में कोई एक कार्यकर्ता दिखाई दे जाए तो वे तुरंत मुस्कुराकर उसके कंधे पर हाथ रख देते हैं।

अरे! आप!

## वजन कम करने के साथ कैंसर से बचाने में मददगार है मैथी का पानी

मैथीदाना लगभग हर बीमारी को खत्म करने की दवा है। आमतौर पर इसका इस्तेमाल भोजन को सुपाच्य बनाने के लिए किया जाता है। मैथीदाने को सब्जियों या कढ़ी में लगाएं जाने वाले छोंक के प्रमुख मसालें के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। यह खाने के स्वाद को बढ़ाता है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायी है, मैथी के बीज विटामिन और खनिज लवण से भरपूर होते हैं। मैथी के दाने त्वचा और बालों के लिए लाभकारी है। मैथी की सब्जी के अतिरिक्त आप मैथी के पानी का भी सेवन कर सकते हैं ।

### मैथी का पानी तैयार करने की विधि

एक पैन में मैथी दाना डालें। इन बीजों को भूनकर आंच से उतार लें। एक ब्लेंडर में इन बीजों को डालकर बारीक पाउडर बना लें। एक गिलास गर्म पानी में 1 चम्मच मैथी पाउडर डालें और मिलाएं। ऐसे तैयार हो जाएंगा मैथी का पानी। अधिकतम लाभों का आनंद लेने के लिए आप इसे सुबह पी सकते हैं।

### मैथी का पानी पीने के लाभ

- वजन कम करने में है सहायक



- यदि आप एक महीने तक मैथी के पानी का सेवन करते हैं तो यह आपके वजन को कम करने में सहायक होता है।
- मैथी में गेलेक्टोमेनन नामक कंपाउंड और पोटैशियम पाया जाता है जो कि हमारे ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में काफी सहायक होता है।

### गठिया रोग के दर्द को करें कम

इसके पानी में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट और एंटी इन्फ्लामेट्री गुण होने की वजह से यह गठिया रोग में होने वाले दर्द को कम करता है।

### कैंसर से बचाव

मैथी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर पाएं जाते है, जो हमारे शरीर से विषैले तत्वों को निकालने में सहायक है। इससे पेट के कैंसर से बचाव होता है।

### बालों की समस्याओं से मिलती है निजात

मैथी के बीज में पोषक तत्व होते हैं जो बालों के बढ़ने में मदद करते हैं। ये बालों को घना बनाने और बालों की समस्याओं जैसे रूसी को दूर करने में मदद करता है।

### पाचन समस्या करें दूर

मैथी का पानी आपके शरीर से हानिकारक टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करता है। ये आपको पाचन संबंधी समस्याओं से लड़ने में मदद करता है। ये अन्य पाचन समस्याओं जैसे कब्ज और अपच को रोकता है।

### मधुमेह से मिलता है छुटकारा

डायबिटीज रोगियों के लिए मैथी के बीज बहुत उपयोगी है। मैथी ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है। मैथी के बीज में अमीनो एसिड होता है जो शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद करता है।

### पथरी के इलाज में करता है मदद

मैथी का सेवन किडनी की पथरी के इलाज में मदद करता है। मैथी के बीज किडनी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

धर्म-आस्था

## पूजा से परंपरा तक, संस्कारों की विरासत को सहेजता परिवार

आज के तेजी से बदलते जीवन में जब समय की कमी ने परिवारों के बीच संवाद और सामूहिकता के अवसर कम कर दिए हैं, ऐसे में धार्मिक आयोजन केवल पूजा की औपचारिकता नहीं रह जाते। वे परिवार को एक साथ बैठने, एक-दूसरे से मिलने, अपनी जड़ों को याद करने और आने वाली पीढ़ी को भारतीय संस्कारों से परिचित कराने का अवसर बनते हैं। संलग्न चित्र में भी इसी भाव की आत्मीय झलक दिखाई देती है, जहां श्रद्धा, परंपरा और पारिवारिक सहभागिता एक साथ दिखाई दे रही है। भारतीय संस्कृति में पूजा का अर्थ केवल देवी-देवताओं के सामने दीप प्रज्वलित करना या मंत्रों का उच्चारण करना नहीं है। पूजा मनुष्य को स्वयं के भीतर झांकने का अवसर देती है। कुछ समय के लिए व्यक्ति अपनी व्यस्तताओं, चिंताओं और भागदौड़ से दूर होकर मन को एकाग्र करता है। यही एकाग्रता आगे चलकर परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती है।

हमारे यहां धार्मिक अनुष्ठानों की परंपरा सदियों पुरानी है। घर में कोई शुभ कार्य हो, पर्व हो, विशेष पूजा हो या पारिवारिक मंगल अवसर, सभी सदस्य अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। कोई पूजन सामग्री जुटाता है, कोई प्रसाद की व्यवस्था करता है, कोई अतिथियों का स्वागत करता है और कोई विधि-विधान से पूजा संपन्न कराने में सहयोग करता है। देखने में यह सामान्य प्रक्रिया लग सकती है, लेकिन इसके पीछे परिवार को जोड़ने वाली एक गहरी भावना होती है।

आज की पीढ़ी का जीवन पहले की तुलना में काफी अलग है। बच्चे पढ़ाई और विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त हैं, युवा अपने कार्य और व्यवसाय में समय दे रहे हैं तथा बुजुर्ग अपनी दिनचर्या में लगे रहते हैं। एक ही घर में रहने वाले लोगों के पास भी कई बार साथ बैठने का पर्याप्त समय नहीं होता। ऐसे में धार्मिक और पारिवारिक आयोजन उस दूरी को कम करने का माध्यम बन सकते हैं।

इन अवसरों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां उम्र का अंतर समाप्त हो जाता है। बुजुर्ग अपने अनुभव साझा करते हैं, युवा व्यवस्थाओं में सहयोग करते हैं और बच्चे उत्सुकता के साथ पूजा की विधियों को देखते तथा समझते हैं। यही वह सहज प्रक्रिया है जिसके माध्यम से संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचते हैं। किताबों में पढ़े गए संस्कारों की तुलना में परिवार के साथ जीए गए संस्कार बच्चों के मन पर कहीं अधिक गहरा प्रभाव छोड़ते हैं।

धार्मिक आयोजन परिवार को यह भी सिखाते हैं कि जीवन केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों का नाम नहीं है। सुख तभी सार्थक होता है जब उसे परिवार और समाज के साथ साझा किया जाए। पूजा में साथ बैठना, प्रसाद ग्रहण करना, बड़ों का आशीर्वाद लेना और छोटों को स्नेह देना रिश्तों में अपनापन बढ़ाता है।

भारतीय परंपरा में भोजन और प्रसाद का भी विशेष महत्व है। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण केवल धार्मिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समानता और साझेदारी का संदेश भी देता है। इसमें कोई बड़ा-छोटा नहीं होता। सभी एक ही भाव से प्रसाद ग्रहण करते हैं। यही भावना सामाजिक जीवन में भी आवश्यक है।

धार्मिक आयोजनों का एक महत्वपूर्ण पक्ष सेवा और परोपकार भी है। पूजा के अवसर पर यदि जरूरतमंदों की सहायता, अन्नदान, वस्त्रदान, गौसेवा या किसी अन्य सामाजिक कार्य को जोड़ा जाए तो धार्मिक आस्था का प्रभाव और व्यापक हो जाता है। ईश्वर की आराधना तभी अधिक सार्थक लगती है जब उसके साथ मनुष्य के प्रति संवेदना भी जुड़ी हो।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी परंपराओं को केवल दिखावे तक सीमित न रखें। बड़े आयोजन, सजावट और बाहरी प्रदर्शन अपनी जगह हैं, लेकिन पूजा का वास्तविक उद्देश्य मन में विनम्रता, संयम, करुणा और सद्भाव पैदा करना है। यदि पूजा के बाद भी हमारा व्यवहार दूसरों के प्रति कठोर रहता है, तो हमें अपनी आस्था के अर्थ पर विचार करना चाहिए। परंपराएं तभी जीवित रहती हैं जब उनमें समय के साथ सार्थक परिवर्तन भी आता रहे। नई पीढ़ी को केवल यह बताना पर्याप्त नहीं कि पूजा कैसे करनी है, बल्कि यह समझाना भी जरूरी है कि पूजा क्यों की जाती है। उन्हें मंत्रों के साथ उनके अर्थ, रीति के साथ उसकी भावना और परंपरा के साथ उसके सामाजिक महत्व से परिचित कराया जाना चाहिए। जब बच्चे किसी धार्मिक आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं तो उनके भीतर अपनी संस्कृति के प्रति स्वाभाविक जुड़ाव पैदा होता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,300 रवा- 1,51,000 चांदी- टंच- 2,34,500 पाट- 2,33,500।

### उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## राहुल और सोनिया पर देश द्रोह का केस दर्ज करने की मांग

**देवास।** देवास कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम गायन को लेकर हुए विवाद के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार शाम प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सयाजी द्वार पर एकत्रित हुए और कैंडल मार्च निकाला। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता इंदिरा गांधी की प्रतिमा के सामने पहुंचे। यहां कांग्रेस को सद्बुद्धि देने के उद्देश्य से आवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यकर्ताओं ने आवेदन पढ़कर भी सुनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय में वंदे मातरम के पूर्ण गायन के दौरान गीत रोकने का इशारा किया गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत के इस कथित अपमान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। सेंधव ने मांग की कि इस मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ देशद्रोह का प्रकरण दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम देश की स्वतंत्रता और राष्ट्रभावना से जुड़ा गीत है।

## घर के सामने खड़ी कार के दो पहिए चोरी, बदमाशों ने ईंटों के सहारे छोड़ा वाहन



**आगर-मालवा।** शहर की विवेकानंद कॉलोनी में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाश घर के सामने खड़ी कार के दो पहिए खोलकर ले गए। बदमाश कार को पहिए निकालने के बाद ईंटों के सहारे छोड़ गए। रविवार सुबह कार मालिक रमेश कुंभकार ने वाहन देखा तो घटना की जानकारी हुई। उन्होंने डायल-112 और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। विवेकानंद कॉलोनी में सोमेश्वर महादेव मंदिर के सामने रहने वाले रमेश कुंभकार ने शनिवार रात रोजाना की तरह कार घर के सामने खड़ी की थी। रात में किसी समय अज्ञात बदमाशों ने कार के दो पहिए खोल लिए और उन्हें लेकर फरार हो गए। सुबह कार के दोनों पहिए गायब मिले और वाहन ईंटों के सहारे खड़ा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर बदमाशों की पहचान का प्रयास कर रही है।

## आगर मालवा में कांग्रेस ने भाजपा का पुतला फूंका

**आगर-मालवा।** आगर मालवा में सोमवार को अजा मोर्चा कांग्रेस ने भाजपा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण स्थल के शुद्धिकरण के विरोध में किया गया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और पुतला छीनने का प्रयास भी किया। छावनी नाका चौराहा पर हुए इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस की कार्रवाई से पहले ही कार्यकताओं ने पुतले को आग लगा दी थी, जिसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन से पानी छोड़ा। अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर सूर्यवंशी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मल्लिकार्जुन खड़गे के मंच का कथित रूप से हवन-यज्ञ कर शुद्धिकरण किया गया था।

### स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर ली सलामी

# स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर





जिले में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 हर्षोल्लास के साथ आकर्षक एवं भव्य रूप से मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में आयोजित हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋजु बाफना ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के आगमन के साथ राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का गान हुआ। इसके उपरांत ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर बाफना ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला भी साथ थी। परेड निरीक्षण के बाद सशस्त्र बल द्वारा हर्ष फायर किए गए। हर्ष फायर के बाद परेड ने मार्च पास्ट किया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि कलेक्टर बाफना ने परेड की सलामी ली और परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम दिए जा रहे संदेश वाचन का एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री के संदेश प्रसारण के बाद कलेक्टर ने जिले की उपलब्धियों से संबंधित संदेश का वाचन किया और हर्षोल्लास के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़ा। साथ ही लोकतंत्र के सेनानी नारायण पाण्डेय का मुख्य अतिथि ने शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान इटरनल स्कूल ऑफ स्टडीज शाजापुर द्वारा मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सामुहिक रूप से आकर्षक पीटी एवं योग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एमजी कान्वेंट शाजापुर द्वारा जमीनी-जमीनी लघू-लघू, उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 01 शाजापुर द्वारा सप्तकोटी कंध कल-कल निदाद कराले, एमएलबी कन्या उमावि शाजापुर ने आदि अग्नी उन्नत अग्नी, सहज पब्लिक स्कूल शाजापुर द्वारा झांसी की रानी आई हैं, सांदीपनि विद्यालय शाजापुर ने यह भारत ऋषियों की तपो भूमि संस्कृति की जन्मभूमि थीम पर सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही खेल एवं युवा कल्याण शाजापुर के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने रोमांचक मलखम्ब का प्रदर्शन किया, जिसका अतिथियों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। समारोह में परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह एवं सहायक परेड कमाण्डर सुबेदार दीपिका डावर के नेतृत्व में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन (होमगार्ड), महिला पुलिस बल एनसीसी सीनियर छात्र एवं छात्रा, एनसीसी जूनियर छात्र एवं छात्रा, एनएसएस सीनियर महिला एवं पुलिस प्लाटून, रेडक्रास सीनियर एवं जूनियर छात्रा, स्काउट-गाईड छात्रा, शौर्य दल एवं अन्य ने परेड का प्रदर्शन किया।

### पुरस्कारों का वितरण

स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋतु बाफना, पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला एवं विधायक अरूण भीमावद ने परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया। मुख्य समारोह में कदमताल करते हुए शानदार परेड प्रदर्शन पर समूह अ में महिला पुलिस बल कमाण्डर सूबेदार नेहा पंवार को प्रथम एवं जिला पुलिस बल के लिए कमाण्डर उनि. हेमंत पटेल को द्वितीय, समूह ब में एनसीसी सीनियर छात्र के लिए प्लाटून कमाण्डर लोकेश राजपूत को प्रथम एवं एनसीसी सीनियर छात्रा के लिए प्लाटून कमाण्डर बुलबुल राजपूत को द्वितीय, समूह स में मां उमिया ज्ञानपीठ विद्यालय दुपाड़ा रोड शाजापुर महिला प्लाटून कमाण्डर जीविका गोठी को प्रथम एवं महिला प्लाटून महिला बाल विकास शौर्य दल प्लाटून कमाण्डर छाया मैन्या को द्वितीय पुरस्कार में प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 01 शाजापुर को प्रथम, एमजी कान्वेंट स्कूल को द्वितीय एवं सांदीपनि सीएम राईज स्कूल शाजापुर को तृतीय पुरस्कार दिया गया। समारोह के दौरान शाजापुर जिले की विकास पुस्तिका का वितरण भी किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## क्षेत्र में स्वाधीनता दिवस पर ध्वजारोहण

**चन्देसरा** स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर क्षेत्र के शासकीय/माध्य. माध्यमिक स्कूल एवं पंचायत एवं सामुदायिक संस्थाओं द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय शाला स्कूल चन्देसरी के सरपंच संतोष मण्डलोई ने ध्वजारोहण किया, शासकीय चन्देसरा में तथा शा.प्रा./मा. स्कूल में सरपंच पदम सिंह पटेल ने ध्वजारोहण किया। शासकीय प्राथमिक नागझीरी में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुगन बाई बाबू लाल बाघेला ने ध्वजा फहराया, दीप्ति मेमोरियल स्कूल नागझीरी में मण्डल उपाध्यक्ष श्री अरुण आवड़ ने ध्वजारोहण किया। समीप प्रेमनगर निर्मल अस्पताल में फादर जोसेफ ने ध्वजा फहराया।

स्थानीय प्रशासन द्वारा स्वाधीनता दिवस के महत्व को समझाते हुए राष्ट्रभक्ति देशभक्ति गीतों की विस्तृत चर्चा करते हुए स्कूलों में चल रही विभिन्न गतिविधियों का आयोजन, बच्चों को पुरस्कृत किया। बच्चों ने राष्ट्रगीत एवं आकर्षक प्रस्तुति की। अन्त में बच्चों में मिठाइयाँ वितरित की गई।

## भाजयुमो ने निकाली तिरंगा बाइक यात्रा

**शाजापुर।** भारत की आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बाइक तिरंगा यात्रा निकाली। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर और भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा में सैकड़ों युवा ने हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। तिरंगा यात्रा टंकी चौराहा मंडी परिसर से शुरू हुई जो धोबी चौराहा, महूपुरा, किला रोड, छोटा चौक, आजाद चौक और नई सड़क होते हुए बस स्टैंड पहुंची। पूरे रास्ते युवा भारत माता की जय के नारे लगाते रहे, जिससे पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। बस स्टैंड पर भारत माता की आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। समापन पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने खून से खेलेंगे होली, गर वतन मुश्किल में है लिखकर देश के प्रति समर्पण जताया, वहीं रवि पांडे ने विकसित भारत 2047 का संदेश लिखा।

# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर रविवार को मक्सी में लोधी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं एवं युवा शामिल हुए। पूरे नगर में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के जयकारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल सिंह राजपूत, देवास के रमेश कौशल, महेंद्र सिंह लोधी सहित समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

चल समारोह लोधी धर्मशाला से प्रारंभ होकर एबी रोड, नई आबादी, मक्सी बस स्टैंड, नया बाजार और गंगा घाट होते हुए वापस लोधी धर्मशाला पहुंचा, जहां समारोह का समापन हुआ। रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा को आकर्षक रथ में विराजित किया गया था। नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समितियों द्वारा जगह-जगह चल समारोह का स्वागत किया गया।

मक्सी बस स्टैंड पर समाजजनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल सिंह राजपूत ने कहा कि आज लोधी समाज जाग उठा है। समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने चंदेरी में रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा को प्रशासन द्वारा हटाए जाने तथा समाज की एकजुटता के बाद प्रतिमा पुनः स्थापित किए जाने का उल्लेख करते हुए इसे समाज की एकता की बड़ी मिसाल बताया। उन्होंने आयोजन में शामिल सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

### महिलाओं ने निकाली 20 किमी लंबी कलश यात्रा

# बाबा बैजनाथ महादेव का पवित्र जल से किया जलाभिषेक

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

सावन माह के दौरान रविवार को ढाबला पिपलोन और आसपास के गांवों की महिलाओं ने एक कलश यात्रा निकाली। लगभग 20 किलोमीटर पैदल चलकर, सिर पर कलश धारण किए ये महिलाएं आगर स्थित बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचीं। यहां श्रद्धालुओं ने पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ पुरुष श्रद्धालुओं और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान युवा धार्मिक गीतों और भजनों पर नाचते-झूमते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रास्ते में कई स्थानों पर धर्मप्रेमियों और ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। लगभग 20 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी करने के बाद जब कलश यात्रा बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंची, तो श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

### कई गांवों के श्रद्धालु पैदल पहुंचे

सावन माह में बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था का यह सिलसिला लगातार जारी है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन महिलाएं कलश यात्राएं लेकर मंदिर पहुंच रही हैं। कई गांवों से आने वाले श्रद्धालु पैदल यात्रा कर बाबा का जलाभिषेक कर रहे हैं। सावन के कारण मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन, पूजन और अभिषेक का दौर भी चल रहा है।

# पुष्पदंत सागरजी ने शिष्य को दी 'व्रत चक्रवर्ती' उपाधि

### पुष्पगिरी तीर्थ में रामदेव बोले- चक्रवर्ती साधु पहली बार देखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सोनकच्छ

सोनकच्छ स्थित पुष्पगिरी तीर्थ में पट्ट विभूषण संस्कार महोत्सव के दूसरे दिन देशभर से संत पहुंचे। रविवार को गणाधिपति गणाचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज ने अपने शिष्य अंतर्मना प्रसन्न सागर जी महाराज को व्रत चक्रवर्ती की उपाधि से विभूषित किया। इसके बाद उन्हें व्रत चक्रवर्ती पट्टभूषण अंतर्मना प्रसन्न सागर जी महाराज के नाम से संबोधित किया गया। यह घोषणा देश के प्रख्यात संतों की मौजूदगी में हुई। महोत्सव में योग गुरु रामदेव, आचार्य बालकृष्ण स्वामी पतंजलि योग पीठ हरिद्वार, शिवकथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा, महेश गुरु और बाबा सत्यनारायण मौर्य सहित कई संत पहुंचे। भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन (आईएएस) एनपी सिंह और मोटिवेशनल स्पीकर उज्ज्वल पाटनी भी मौजूद रहे।

गणाधिपति गणाचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रियाएं अलग हो सकती हैं, लेकिन निर्वाण एक ही है।

उन्होंने प्रसन्न सागर जी की प्रशंसा करते हुए कहा, अपने में लीन प्रसन्न सागर, मुझे तुम्हारी तारीफ से गम नहीं होता। अगर तुम्हें नहीं बनाता तो मेरा पुण्य कम होता। आज मैं आपको व्रत चक्रवर्ती की उपाधि से विभूषित करता हूं। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि देह के आवरण हमने ओढ़े हैं, लेकिन भीतर आत्म तत्व एक ही है। धर्म तत्व भी एक है। जिसने इस एक को समझ लिया, वह सही रास्ते पर चल सकता है। उन्होंने कहा कि यह अनुष्ठान धन्य है। पूज्य गुरुदेव ने जिन्हें अपने उत्तराधिकारी के रूप में चुना है, उनका यह सम्मान खास है।

## स्वतंत्रता दिवस पर छात्राओं को भेंट की नि:शुल्क साइकिलें

**सारंगपुर।** ग्राम निपान्यातुला में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सामाजिक सरोकार और परोपकार की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। स्थानीय समाजसेवी रामबाबू राठौर ने स्वयं के व्यय पर कक्षा 10वीं उत्तीर्ण 4 छात्राओं को निश्शुल्क साइकिलें भेंट की। उल्लेखनीय है कि ग्राम निपान्याबुला में हायर सेकंडरी स्कूल न होने के कारण इन छात्राओं को पढाई के लिए प्रतिदिन लगभग 5 किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पडता था।

# बोल बम के जयकारों के साथ निकली 26वीं जय शिव कावड़ यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

बोल बम के जयकारों के साथ शहर से जय शिव कावड़ यात्रा संघ के बैनरतले हजारों शिव भक्तों का जत्था नैनावद स्थित बाबा महाकाल के पूजन के लिए रवाना हुआ। जय शिव कावड़ यात्रा संघ के तत्वावधान में संस्थापक पंडित संतोष जोशी के नेतृत्व में 26वीं कावड़ यात्रा निकाली गई। सुबह करीब 10 बजे कावड़ यात्री बालवीर हनुमान मंदिर से रवाना हुए। यह यात्रा शहर के किला रोड, छोटा चौक, आजाद चौक, सोमवारिया बाजार और मगरिया चौराहा होते हुए बस स्टैंड पहुंची। शहर में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। बस स्टैंड से सभी श्रद्धालु नैनावद के लिए रवाना हुए। दोपहर लगभग 2 बजे यात्रा नैनावद स्थित महाकाल मंदिर पहुंची, जहां कावड़ यात्रियों ने कतारबद्ध होकर बाबा महाकाल को जल अर्पित किया। कावड़ यात्रा में सिर पर कलश धारण कर महिलाएं भी शामिल हुईं और नैनावद पहुंचकर शिवजी का विशेष पूजन किया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जितेन्द्रसिंह पिता प्रहलादसिंह राठौर, निवासी 125 सी, ट्रेजर फेंटेसी, केट रोड़ इन्दौर, जिला इन्दौर (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 85 रकबा 2.100 हेक्टेअर स्थित ग्राम खण्डवाबीबी, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को कय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा एक विक्रय अनुबंध लेख उपरोक्त भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित किया है तथा शीघ्र ही भूमि का विकय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक 17/08/2026

**राजेन्द्रसिंह सोलंकी, एडव्होकेट**
**बड़नगर जिला उज्जैन मोबा. 98268-61512**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक डब्ल्यु.बी. 118 (पुराना न. 228/बी.बी.) सेक्टर -बी इन्दौर विकास प्राधिकरण योजना क्रं. 94 ग्राम पिपल्याकुमार तहसील व जिला इन्दौर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 135.75 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- भूखण्ड क्रं. डब्ल्यु.बी. 86, योजना न. 94 रिंग रोड़, पश्चिम में- 18.00 मीटर चैडा रोड़, उत्तर में- 18.00 मीटर चौडा रोड़, दक्षिण में- भूखण्ड क्रं. 118-ए योजना न. 94 रिंग रोड़ स्थित है। उक्त संपत्ति भारत फुलवानी पिता सुंदरदास फुलवानी ने इसके पूर्व स्वामी प्रेमलता गुप्ता पति रमेशचन्द्र गुप्ता से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 7 आईजीआर 17532025 ए 101093297 दिनांक 01/12/2025 के माध्यम से क्रय की तथा भारत फुलवानी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का मूल लीज पत्र क्रमांक 5039 दिनांक 26/02/2001 का कही गुम हो गया है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### प्रसिद्ध कलाकार दवे को मिला भारत सेवारत्न पुरस्कार

## संगीत एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नई दिल्ली में हुआ सम्मान



**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के प्रतिष्ठित कलाकार एवं संगीत साधक राजेश दवे को संगीत एवं कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सेवा रत्न पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान 15 अगस्त 2026 को नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। करीब 30 वर्षों की संगीत साधना के दौरान राजेश दवे ने संगीत एवं कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, समर्पण और रचनात्मक कार्यों से विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने संगीत एवं कला के संरक्षण और संवर्धन के साथ युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी विभिन्न सांगीतिक एवं कलात्मक गतिविधियों ने समाज में सकारात्मक सांस्कृतिक वातावरण के निर्माण में योगदान दिया है। संगीत एवं कला के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए चयन समिति ने उन्हें इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना। सम्मान मिलने पर राजेश दवे ने कहा कि 30 वर्षों की संगीत साधना के सफ र में यह उनके लिए गौरव और भावुकता से भरा क्षण है। उन्होंने वाय एस एस इंडिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि वर्षों की साधना का सम्मान और भविष्य में संगीत की सेवा करते रहने की प्रेरणा है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों के आशीर्वाद, परिवार के निरंतर सहयोग और संगीत प्रेमियों के स्नेह को दिया। चयन समिति के अनुसार भारत सेवा रत्न पुरस्कार ऐसे विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने के साथ राष्ट्र एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। राजेश दवे के सम्मान पर शाजापुर सहित मध्य प्रदेश के कला प्रेमियों, सांस्कृतिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## बायपास पर केलों से भरा वाहन अनियंत्रित होकर पलटा



**शाजापुर।** बायपास पर कैले से भरा लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार खलघाट से शाजापुर की ओर जा रहा कैले से भरा लोडिंग वाहन शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे मक्सी बायपास पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में किसी को कोई चोंट तो नही आई, लेकिन कैले हाईवे किनारे बिखर गए। वहीं कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हुआ। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम हरकत में आई और पायलट अजय सिसोदिया, आरक्षक राहुल मालवीय ने बिना देरी किए मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। पुलिसकर्मियों ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन के कारण बाधित हुए यातायात को व्यवस्थित कराया और मार्ग पर सुचारू आवागमन बहाल किया, जिससे राहगीरों को किसी प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

## अतिथि शिक्षकों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, एक महीने में मांगें न मानी तो होगा बड़ा आंदोलन




**शाजापुर।** अपनी मांगों को लेकर अतिथि शिक्षकों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही मांगें पूरी नही होने पर भोपाल में आंदोलन की चेतावनी दी। लंबित मांगों और शासकीय उपेक्षा के विरोध में अतिथि शिक्षक संघ शाजापुर के बैनरतले रविवार को शहर के ट्रैफिक पॉइंट पर अतिथि शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे अतिथि शिक्षकों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन के बाद आक्रोशित शिक्षकों ने जिला पंचायत सीईओ मनीषा वास्कले को ज्ञापन सौंपा। धरना स्थल पर मौजूद अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मीडिया और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार पिछले 18 वर्षों से लगातार अतिथि शिक्षकों का सिर्फ शोषण कर रही है। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे और आश्वासन तो दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर शिक्षकों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। कम मानदेय और बिना किसी नौकरी की सुरक्षा के कारण शिक्षकों का परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा ने शासन और प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि अतिथि शिक्षकों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। यदि आगामी एक महीने के भीतर सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए उचित कदम नहीं उठाए, तो शाजापुर सहित पूरे प्रदेश के अतिथि शिक्षक राजधानी भोपाल में एक बड़ा और उग्र आंदोलन करेंगे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के द्वारा श्री जगदीश आर्य पिता श्री हीरालाल जी, आयु 59 वर्ष, एवं श्रीमती पूनम आर्य पति श्री जगदीश आर्य, आयु 44 वर्ष, निवासीगण वर्तमान पता- बी-8/6, अलखनंदा नगर, उज्जैन के भवन के सम्बन्ध में उसकी चर्तुदिशा इस प्रकार है, पूर्व में कॉलोनी, की सड़क है दक्षिण-पश्चिम में भवन क्र. बी-8/13, पश्चिम-उत्तर में भवन क्रमांक बी-8/7, पूर्व-दक्षिण में, भवन क्रमांक बी-8/5 को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी गई है एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो, उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, शाासकीय, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में मय प्रमाण लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतित होने के पश्चात, मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। अतः सर्वसाधारण सूचित हो।

**नितेश कुमार (एडवोकेट) नायक**
**निवासी-अलकापुरी, उदयन मार्ग, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा.नं. 99260-59533**

# नबीन की नई टीम में मप्र के चेहरों को अहम जिम्मेदारी, मोहन यादव के बढ़ते कद की दिल्ली में पहले से थी चर्चा

## दैनिक अवन्तिका की खबर सही दिशा में...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की नई राष्ट्रीय टीम के गठन के बाद मध्यप्रदेश की राजनीति को लेकर दिल्ली के सियासी गलियारों में चर्चाएं फिर तेज हो गई हैं। खास तौर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भूमिका और उनके राजनीतिक कद को लेकर नए सिरे से मंथन शुरू हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि दैनिक अवंतिका ने कुछ समय पूर्व ही दिल्ली के राजनीतिक सूत्रों के हवाले से मोहन यादव के बढ़ते कद को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में मध्यप्रदेश के नेताओं को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के बाद उस खबर को राजनीतिक घटनाक्रम के संदर्भ में देखा जा रहा है।



दैनिक अवंतिका ने 14 अगस्त 2026 के उज्जैन संस्करण में भाजपा में बढ़ा मोहन यादव का कद शीर्षक से खबर प्रकाशित करते हुए दिल्ली में चल रही राजनीतिक चर्चाओं को प्रमुखता दी थी। उस समय राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश और मुख्यमंत्री मोहन यादव को लेकर बन रहे समीकरणों को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। अब नितिन नबीन की नई टीम में मध्यप्रदेश को मिला प्रतिनिधित्व इन चर्चाओं को और महत्वपूर्ण बना रहा है।

**राष्ट्रीय टीम में एमपी के कई चेहरे**

भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में मध्यप्रदेश के कई नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। लालसिंह आर्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री, कविता पाटीदार को राष्ट्रीय मंत्री और वीडी शर्मा को प्रकोष्ठ संकुल संयोजक जैसी जिम्मेदारियां मिली हैं। इसके अलावा बंशीलाल गुर्जर को किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष और आशीष ऊषा अग्रवाल को राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक बनाया गया है। इससे मध्यप्रदेश का संगठनात्मक प्रभाव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। राजनीतिक जानकारों की नजर अब इस बात पर है कि राष्ट्रीय संगठन में बढ़ी मध्यप्रदेश की भागीदारी का प्रदेश की सरकार और मुख्यमंत्री मोहन यादव की राजनीति पर क्या असर पड़ता है।

**मोहन यादव की भूमिका क्यों महत्वपूर्ण-** मुख्यमंत्री मोहन यादव फिलहाल राष्ट्रीय संगठन की टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन प्रदेश सरकार के मुखिया होने के कारण उनका राष्ट्रीय नेतृत्व से सीधा संवाद महत्वपूर्ण रहेगा। नई राष्ट्रीय टीम में मध्यप्रदेश के कई नेताओं को जिम्मेदारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री की भूमिका सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने वाले प्रमुख नेता के रूप में और महत्वपूर्ण हो सकती है। राजनीतिक रूप से यह स्थिति मोहन यादव के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय संगठन में पहुंचने वाले प्रदेश के नेता अलग-अलग क्षेत्रों और सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के लिए इन नेताओं के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखना संगठनात्मक और राजनीतिक दोनों दृष्टि से अहम होगा।

**दिल्ली में पहले से चल रही थी चर्चा**

मोहन यादव के राजनीतिक कद को लेकर दिल्ली में चर्चाएं नई नहीं हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही उनका नाम भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में तेजी से उभरते नेताओं में लिया जाने लगा है। विशेष रूप से यादव समाज के राष्ट्रीय स्तर पर बड़े राजनीतिक प्रभाव और उत्तर भारत की राजनीति में भाजपा की सामाजिक रणनीति के संदर्भ में मोहन यादव की भूमिका पर लगातार चर्चा होती रही है। दैनिक अवंतिका ने इसी राजनीतिक हलचल को राष्ट्रीय राजधानी के सूत्रों के हवाले से समय रहते प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अब भाजपा के केंद्रीय संगठन में मध्यप्रदेश के नेताओं की बढ़ी भूमिका ने इस चर्चा को एक नया आधार दिया है। खजुराहो सांसद और मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी मिलना भी प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शर्मा लंबे समय तक प्रदेश संगठन के प्रमुख पद पर रहे हैं और संगठन विस्तार तथा चुनावी प्रबंधन का अनुभव रखते हैं। उनके राष्ट्रीय स्तर पर जाने से प्रदेश संगठन में जिम्मेदारियों का नया संतुलन बनना स्वाभाविक है। इसका सीधा असर मुख्यमंत्री और प्रदेश संगठन के बीच समन्वय पर भी देखा जाएगा। नई टीम में मध्यप्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व मिला है। लालसिंह आर्य का ग्वालियर-चंबल क्षेत्र, गजेंद्र सिंह पटेल का निमाड़, बंशीलाल गुर्जर का मालवा क्षेत्र और कविता पाटीदार का संगठनात्मक अनुभव पार्टी के सामाजिक एवं क्षेत्रीय समीकरणों को मजबूत करता है।

## ईरान-अमेरिका के बीच 60 दिन की डेडलाइन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच जून में हुआ 60 दिन का समझौता सोमवार को खत्म हो गया। इसका मकसद दोनों देशों के बीच युद्ध रोकना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर विवाद का समाधान निकालना था। डेडलाइन खत्म होने के बावजूद न तो कोई फाइनल समझौता हुआ, न ही अमेरिका ने ईरान पर बड़ा हमला शुरू किया। 60 दिनों के दौरान ट्रम्प ने कई बार कहा कि अगर बातचीत नाकाम रही तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। माना जा रहा था कि डेडलाइन खत्म होते ही अमेरिका फिर बड़ा हमला कर सकता है। समयसीमा खत्म होने से ठीक पहले ट्रम्प का रुख बदलता दिखा। एक्सियोस को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा, हम पहले के मुकाबले हल्का रुख अपना रहे हैं। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक अमेरिका, ईरान को तीन तरीके से घेर रहा है। ट्रम्प के इस बयान का मतलब अभी अमेरिका सीधे बड़ा हमला करने की बजाय ईरान की अर्थव्यवस्था पर दबाव बना रहा है, समुद्र के रास्ते उसका व्यापार रोक रहा है और बातचीत से समझौते की कोशिश भी कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि युद्ध जारी रहने पर ईरानी सरकार अपनी आर्थिक परेशानियों के लिए जंग को जिम्मेदार ठहरा सकती है। जब युद्ध नहीं होगा, तब जनता और सरकार को आर्थिक संकट का सामना सीधे करना पड़ेगा।

## उन्नाव में गंगा एक्सप्रेस-वे 10 मीटर धंसा, 4 फीट पानी भरा

**लखनऊ/वाराणसी।** मानसून ने एक बार फिर पूरे यूपी को कवर कर लिया है। सोमवार को लखनऊ, गाजियाबाद, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज समेत 65 शहरों में रुक-रुककर बारिश हुई। प्रयागराज में रविवार देर रात से हो रही बारिश से हालात बिगड़ गए। करेली इलाके की कॉलोनियों और गलियों में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया। कारें और बाइकें डूब गईं। लोग पहली मंजिल पर रहने को मजबूर हैं। पुलिस और की टीम ने कई लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। लखनऊ में सुबह 5 बजे से करीब 4 घंटे तक जोरदार बारिश हुई। कई इलाकों की सड़कें और गलियां जलमग्न हो गई। यहां रविवार को इस सीजन में एक दिन में सबसे ज्यादा 40.9 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। उन्नाव में गंगा एक्सप्रेस-वे पर सोनिक के पास किलोमीटर 421 पर मेरठ-प्रयागराज लेन में करीब 10 मीटर लंबा गहरा गड्ढा हो गया। साइड रेलिंग के पास भी जमीन धंस गई। इधर, यूपी में गंगा-यमुना समेत 10 से ज्यादा नदियां उफान पर हैं। कानपुर और उन्नाव में गंगा किनारे बसे इलाके जलमग्न हो गए हैं। 500 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया है। सड़कों और गलियों में नावें चल रही हैं। लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं।

## बिहार में डूबने से 7 बच्चों की मौत, 7 बहनें गंगा में डूबी

**पटना।** सावन के तीसरे सोमवार पर पटना और कटिहार में डूबने से 7 बच्चों की मौत हो गई। इनमें 4 लड़कियां और 3 लड़के हैं। 3 लड़कियों के शव मिले हैं, जबकि एक लापता हैं। पटना में सोमवार सुबह गंगा स्नान के लिए गई 7 बच्चियां डूब गईं। 3 बहनों के शव मिले हैं। 3 को स्थानीय लोगों ने बचाया लिया है। वहीं एक लापता है। घटना बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रानीसराय गांव के पास हुई। सभी सावन की सोमवारी पर सुबह करीब 5 बजे नहाने गई थीं। इधर, कटिहार में कमला नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब तीनों बच्चे नदी में डुबकी लगाने गए थे। चार बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया है।

## ट्रक ने शख्स को कुचला, टुकड़ों में बंटा सिर

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में सोमवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार शख्स को कुचल दिया। ट्रक का पहिया सिर के ऊपर से गुजरने से भेजा बाहर आ गया। सिर के टुकड़े सड़क पर बिखर गए, जिन्हें हाथों से उठाना पड़ा। हादसा खुड़ैल के ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास हुआ। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान सिंगापुर टाउनशिप निवासी कांशीराम दोहरे (55) के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि उनके शरीर के टुकड़े करीब 20 फीट दूर तक बिखर गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सड़क पर भी खून बिखर गया। स्थानीय लोगों ने बताया- शाम करीब 5 बजे कांशीराम दोहरे ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर से कांशीराम सड़क पर गिर गए। इसी दौरान ट्रक का पिछला पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक को रोक लिया, लेकिन ड्राइवर फरार हो गया। सूचना मिलने पर खुड़ैल पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया।

## नागपंचमी पर सांप की पूजा करती महिला को डसा

**देवास।** देवास के विकास नगर में नागपंचमी के अवसर पर पूजा के दौरान एक महिला को सांप ने डस लिया। घटना के बाद महिला को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। ऋषिका चौहान नामक महिला नागपंचमी की पूजा कर रही थीं। इसी दौरान कालबेलिया समुदाय का युवक बबलू एक सांप लेकर वहां पहुंचा था। पूजा के दौरान ऋषिका सांप के दर्शन कर रही थीं, तभी सांप ने उनकी उंगली में डस लिया। अचानक हुई इस घटना से मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन बिना देर किए ऋषिका को देवास जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर लिया। इधर, घटना के बाद सांप लेकर आए युवक बबलू को पुलिस अपने साथ ले गई। बबलू ने बताया कि उसने करीब दो दिन पहले सांप पकड़ा था और नागपंचमी के दिन पूजा के लिए उसे लेकर आया था। उसका दावा था कि सांप के डसने के बाद उसने जहर निकाल दिया था।

## एनएफ रेलवे ने मालीगांव स्थित नेताजी विद्यापीठ रेलवे एचएस स्कूल को किया अपग्रेड

**मालीगांव ।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे एनएफआर ने मालीगांव स्थित नेताजी विद्यापीठ रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड किया है। इसका उद्देश्य छात्रों को आधुनिक सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करना है। इस पहल के तहतए 20 क्लासरूम और आधुनिक क्लासरूम फर्नीचर के साथ एक नयाजी प्लस 1 आरसीसीभवन बनाया गया है। जिससे स्कूल काशैक्षणिक अवसंरचना काफी उन्नत हुआ है।

इस अपग्रेडेशन के कार्यों में एक कवर्ड प्रार्थना शेड का निर्माण और सुबीर राहा मेमोरियल ऑडिटोरियम का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण भी शामिल है। स्कूल भवन के बाहरी हिस्से को भी बेहतर बनाया गया है। इसमें एक नई कैनोपी और एक्सटेरियर पेंटिंग शामिल है। जिससे संस्थान को एक आधुनिक और बेहतर स्वरूप मिला है। इसके अलावा अप्रोच रोड मौजूदा कार्यालय और क्लासरूमएजल निकासी प्रणाली इत्यादि में भी सुधार किए गए हैं।

नेताजी विद्यापीठ रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थापना 23 जनवरी 1948 को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सम्मान में की गई थी। इस संस्थान ने समय-समय पर कई जाने-माने पूर्व छात्र दिए हैं। जिनमें एनआईटी सिलचर के पूर्व निदेशक डॉ. परितोष कंसा बनिकयवर्द्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नई दिल्ली की पूर्व प्राचार्य डॉ. जयश्री भट्टाचाजी 'और एफआईडीई रेटेड शतरंज खिलाड़ी श्री राजीव धर शामिल हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा संचालित यह संस्थान छात्रों को सफल और उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने तथा सशक्त बनाने की अपनीविरासत को बरकरार रखे हुए है। 15 अगस्त 2026को एनएफ रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने नवीनीकृत सुबीर राहा मेमोरियल ऑडिटोरियम नव निर्मित क्लासरूम प्रार्थना शेड और अपग्रेडेड अग्रभाग का उद्घाटन किया। यह व्यापक सुधार एनएफ आरकी उस निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता हैए जिसके तहत शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और छात्रों के लिए शिक्षण का बेहतर माहौल बनाने का कार्यकिया जा रहा है।

### झाड़ियों में घायल मिला 52 वर्षीय व्यक्ति इंदौर रेफर

**शाजापुर।** कलवा गांव की झाड़ियों में 52 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसे इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार घायल की पहचान दुपाड़ा निवासी मोहन पिता पूरालाल 52 वर्ष के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह मोहन को घायल अवस्था में कलवा गांव की झाड़ियों में पड़ा देखा गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी डायल 112 को दी। सूचना मिलने पर डायल-112 के आरक्षक 31 देवांग ठाकुर और पायलट समीर खान मौके पर पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया। व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

## रामघाट के शौचालय में लंबी कतार, श्रद्धालु परेशान

**उज्जैन।** नागपंचमी और श्रावण सोमवार के चलते उज्जैन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी बीच रामघाट क्षेत्र स्थित सार्वजनिक शौचालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें शौचालय के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतार दिखाई दे रही है। भीड़ के कारण यात्रियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है। पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में मूलभूत सुविधाओं को लेकर भीड़ का दबाव बढ़ गया है। वायरल वीडियो में शौचालय के बाहर महिलाओं और पुरुषों की लंबी कतार नजर आ रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि धार्मिक नगरी में बाहर से आने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए सार्वजनिक शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था और बेहतर प्रबंधन होना चाहिए। श्रद्धालुओं का कहना है कि पर्व के दौरान घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त अस्थायी शौचालय, नियमित सफाई तथा कर्मचारियों की तैनाती की जानी चाहिए, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को लंबी कतार में खड़े रहने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के बाद अब सवाल उठ रहा है कि जब प्रशासन को पहले से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का अनुमान था, तो सार्वजनिक सुविधाओं को लेकर अतिरिक्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि रामघाट सहित प्रमुख घाटों पर शौचालयों की संख्या और क्षमता बढ़ाने के साथ ही साफ-सफाई एवं संचालन व्यवस्था की तत्काल समीक्षा की जाए।

## रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले ओंकारेश्वर महादेव

**शाजापुर।** शहर के शिवालयों में सावन मास के तीसरे सोमवार पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। धानमंडी स्थित प्राचीन ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में सुबह विशेष पूजा-अर्चना व अभिषेक के बाद शाम को भोलेनाथ की सवारी निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह सवारी का स्वागत कर आरती उतारी। सोमवार सुबह पट खुलते ही ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में दर्शनार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। मंदिर के पुजारी पं. ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक संपन्न कराया गया। इसके पश्चात भगवान शिव का नाग मुकुट पहनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया और पूरे गर्भ गृह को दूध से भर दिया गया। दिनभर चले दर्शन-पूजन के बाद शाम को ओंकारेश्वर महादेव की सवारी निकाली गई। सवारी धानमंडी स्थित मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी। भगवान के नगर भ्रमण के दौरान मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर सवारी का स्वागत किया। शहरवासियों ने अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने भगवान को रोककर आरती उतारी व पूजन किया।

### जाहिर सूचना

मैं अपने पक्षकारगण सर्व श्री हरिसिंह पिता रामसिंह कनौजिया एवं स्व. श्रीमती पुष्पासिंह पति हरिसिंह कनौजिया द्वारा वैधानिक उत्तराधिकारीगण कमशः सौरभसिंह, सामर्थ्य सिंह व पुत्री श्रीमती सुरभि सिंह पिता श्री हरिसिंह कनौजिया कृषक ग्राम रातड़िया तह घट्टिया जिला उज्जैन निवासीगण 33 रामप्रसाद भार्गव मार्ग उज्जैन की ओर से सर्व साधारण के लिए यह जाहिर सूचना प्रकाशित व प्रसारित करता हूं कि मेरे पक्षकारगण ने अपने आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम आजमपुरा तह. घट्टिया जिला उज्जैन की भूमि सर्वे क्र. 149 रकबा 2. 926 हेक्टेयर जिसका नया बंदोबस्त के बाद नम्बर 500 रकबा 3.00 हे. एवं ग्राम बड़ोदिया काजी तह. घट्टिया व जिला उज्जैन की कृषि भूमि सर्वे क. 624, 625 रकबा 2.947 हेक्टेयर नया बंदोबस्त नम्बर 734 रकबा 3.15 हेक्टेयर के संबंध में स्थाई निषेधाज्ञा व अनुबंध दिनांक 15.03.2008 के विनिर्दिष्ट पालन हेतु एक वाद माननीय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2 उज्जैन के न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो प्रकरण क्र. 331/2020 पर दर्ज होकर इस प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा अपने आदेश दिनांक 18.02.2021 के द्वारा श्री वैभव कुमार पिता सुभाषचंद्र कटियार निवासी 165 शिवाजी पार्क कालोनी उज्जैन को निर्देशित किया है कि वह या उनके द्वारा निर्देशित किसी भी व्यक्ति के द्वारा प्रकरण के अंतिम निराकरण पर्यन्त उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि ग्राम आजमपुरा तह. घट्टिया जिला उज्जैन की भूमि सर्वे क्र. 149 रकबा 2.926 हेक्टेयर जिसका नया बंदोबस्त के बाद नम्बर 500 रकबा 3.00 हे. एवं ग्राम बड़ोदिया काजी तह. घट्टिया व जिला उज्जैन की कृषि भूमि सर्वे क. 624, 625 रकबा 2.947 हेक्टेयर नया बंदोबस्त नम्बर 734 रकबा 3.15 हेक्टेयर का अंतरण किसी भी प्रकार से किसी अन्य को नहीं करेंगे और न ही विधि की सम्यक् प्रकिया से अन्यथा ऐसा कार्य करेंगे जिससे की वादीगण का वादग्रस्त भूमि पर आधिपत्य में हस्तक्षेप हो। इस आदेश से असंतुष्ट होकर वैभव कुमार पिता सुभाषचंद्र कटियार ने एक अपील माननीय तृतीय जिला जज महोदय उज्जैन के न्यायालय में प्रस्तुत की थी जो क्रमांक 16/21 पर दर्ज होकर इसमें माननीय न्यायालय द्वारा चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड उज्जैन द्वारा प्रकरण कमांक 1 ए/2020 में पारित आदेश दिनांक 18.02.2021 को अपील न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 04.09.2021 के द्वारा वैभव कुमार की अपील निरस्त कर अधीनस्थ न्यायालय के आदेश को स्थिर रखा था। यह कि, वैभव कटियार ने उक्त वर्णित प्रकरण में एक आवेदन पत्र वादपत्र निरस्त करने हेतु प्रसतुत किया था जो माननीय न्यायालय द्वारा निरस्त किया गया था इससे असंतुष्ट होकर वैभव कुमार ने माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में एक दीवानी पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की थी जो प्रकरण कमांक सीआर 63/2021 पर दर्ज हुई। यह पुनरीक्षण याचिका प्रचलन योग्य नहीं होने से वैभव कुमार ने न्यायालय की अनुमति ने वापस ली इस पर यह प्रकरण माननीय न्यायालय के द्वारा वापस लेने के आधार पर दिनांक 12.08. 2026 को निरस्त की गई। मेरे पक्षकारगण को ऐसा ज्ञात हुआ है कि वैभव कुमार पिता सुभाषचंद्र कटियार उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को विक्रय करने के लिए दलालों को दिखा रहे हैं जिसका कि उन्हें प्रकरण के निराकरण पर्यन्त कोई अधिकार नहीं है। इसके अतिरिक्त उक्त वर्णित भूमि के एक भाग को म. प्र. शासन द्वारा अधिग्रहित किया गया है इसकी क्षतिपूर्ति की राशि भी वैभव कुमार प्राप्त करने की कोशिश में है जबकि माननीय न्यायालय से स्थगन होने के कारण वे राशि प्राप्त नहीं कर सकते हैं क्योंकि अधिग्रहण के आधार पर भूमि म. प्र. शासन के पक्ष में अंतरित हो जायेगी। मेरे पक्षकार के द्वारा भू-अर्जन अधिकारी को व अन्य संबंधित विभागों को एक सूचना पत्र धारा 80 सी.पी.सी. का दिनांक 19.06.2026 को वैभव कुमार को क्षतिधन अदा करने से रोकने हेतु प्रेषित किया है जो कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला उज्जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घट्टिया जिला उज्जैन, म. प्र. सड़क विकास निगम व वैभव कुमार कटियार को प्राप्त भी हो गया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति श्री वैभव कुमार पिता सुभाषचंद्र कटियार निवासी 165 शिवाजी पार्क कालोनी उज्जैन से उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि ग्राम आजमपुरा तह. घट्टिया जिला उज्जैन की भूमि सर्वे क. 149 रकबा 2.926 हेक्टेयर जिसका नया बंदोबस्त के बाद नम्बर 500 रकबा 3.00 हे. एवं ग्राम बड़ोदिया काजी तह. घट्टिया व जिला उज्जैन की कृषि भूमि सर्वे क. 624, 625 रकबा 2.947 हेक्टेयर नया बंदोबस्त नम्बर 734 रकबा 3.15 हेक्टेयर के संबंध में किसी भी प्रकार का अंतरण संबंधी न तो संव्यवहार करे और न ही इस भूमि को किसी प्रकार से भारग्रस्त या आसेधित ही करें। इसके अतिरिक्त भू-अर्जन अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व) घट्टिया जिला उज्जैन से भू-अर्जन के क्षतिधन को प्राप्त करने की कोशिश करेंगे जो कि विधिक नहीं है। इसके उपरांत उपरोक्त भूमि के संबंध में भू-अर्जन अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व) घट्टिया जिला उज्जैन से भू-अर्जन का क्षतिधन प्राप्त किया जाता है तो वह माननीय न्यायालय के आदेश के अवमानना की श्रेणी में आकर दण्डनीय होगा। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित व प्रसारित की जा रही है। दिनांक-17/08/2026

**सत्यनारायण ए. व्यास एडवोकेट**
**कार्यालय-39/1, सनराईज प्लाजा कमला नेहरू मार्ग, फीगंज उज्जैन 456001 फोम 0734-2525631**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन विक्रेता श्रीमती रेखा उमठ पति श्री केलाश उमठ निवासी 01, कालियादेह महल मार्ग भैरवगढ उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य का भवन स्थित भवन क्रमांक बी-74 जो भूमि सर्वे क्रमांक 98/1 में का भाग अमन परिसर, ग्राम भदेडमयचक तह. उज्जैन नगर जिला उज्जैन में स्थित है जिसकी पैमाईश लम्बाई पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण दोनों और 12.19 मीटर, चौडाई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम दोनों और 4.57 मीटर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 55.70 वर्गमीटर है विक्रीत भवन एक मंजिल पक्का आर.सी.सी की छत का निर्मित है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व दिशा में भूखंड क्रमांक बी-1, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में भूखंड क्रमांक ए-3 व ए-2, दक्षिण में भूखंड क्रमांक बी-73, को क्रय करते हुए मेरे पक्षकार के द्वारा बयाना राशि भुगतान कर दी गई है और निकट भविष्य में मेरे पक्षकार अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहुकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो । इति दिनांक 17/08/2026

**पीयुष शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**पता-51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन**
**मो.9009438990**

### In The Court Of I Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain Tehsil Badnagar
### Presiding Officer: श्रीमती भावना जाटवा

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

**(RCS A/0000104/2021)**

महेश.................................वादी

VS

गोपाल.............................. प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक :- 17/08/2026

प्रेषिती-

**(1) विक्रमसिंह पिता गोपालसिंह यादव पता- निवासी 589, कालानी नगर, एरोड्रम रोड, इंदौर**

यह कि प्रार्थी महेश ने आपके विरूद्ध आरसीएसए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख **31 July 2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड
बड़नगर, जि. उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें -
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुधवारिया, उज्जैन (म.प्र.) के समक्ष श्रीमती शारदा पति श्री रायसिंह निवासी-17, अजनोटी, सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) ने भवन क्रमांक 72, जिसका कुल क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट अर्थात 130.11 वर्गमीटर स्थित डिवाईन सिटी, ग्राम शक्करवासा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 71, पश्चिम में रास्ता कॉलोनी का, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 73 एवं दक्षिण में-भूमि अन्य की है, को क्रय करने हेतु ऋण सुविधा प्रदान की गयी है, श्रीमती शारदा पति श्री रायसिंह द्वारा उक्त भवन को श्री नलिन सिंह पंवार पिता श्री चैन सिंह पंवार निवासी-बी-5, कदवाली हाउस मॉडल टाउन देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से दस्तावेज क्रमांक17 एमपी 18842026ए100971619 दिनांक 06.08.2026 के द्वारा क्रय किया गया है, नलिन सिंह पंवार पिता श्री चैन सिंह पंवार द्वारा भूखण्ड को श्रीमती मेघा अग्रवाल पति श्री संदीप अग्रवाल से दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022016ए1111538 दिनांक 29.02.2016 के द्वारा क्रय किया गया था, श्रीमती मेघा अग्रवाल पति श्री संदीप अग्रवाल द्वारा उक्त भूखण्ड को डिवाईन सिटी प्रायवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर्स बलबीर साहनी पिता स्व. जसवीरसिंह जी साहनी आदि निवासी उज्जैन (म.प्र.) से दस्तावेज क्रमांक 500 दिनांक 05.05.2009 के द्वारा क्रय किया गया है, नलिन सिंह पंवार पिता श्री चैन सिंह पंवार द्वारा उपरोक्त दस्तावेज में विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 500 दिनांक 05.05. 2009 कहीं गुम होना बताया है जो काफी ढूढने के पश्चात् भी प्राप्त नहीं हो रहा है, उक्त दस्तावेज की प्रमाणित प्रति प्रदान की गई है तथा पुलिस थाना नागझिरी उज्जैन में एक आवेदन भी दस्तावेज गुम होने के संबंध में दिया है, उक्त दस्तावेज का कहीं दुरूपयोग नहीं किया जाना अथवा उक्त दस्तावेज कहीं बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक नहीं किया जाना शपथ पर कथन किया है । उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुधवारिया, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा बधक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो ।

दिनांक- 17.08.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827228461**

# राजसी पालकी में विराजमान होकर प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले भगवान पशुपतिनाथ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

सावन के तीसरे सोमवार पर मंदसौर शहर पूरी तरह शिवमय नजर आया। शयनकालीन आरती युवा पालकी मंडल के तत्वावधान में विश्वप्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ महादेव की भव्य राजसी पालकी यात्रा निकाली गई। भगवान पशुपतिनाथ रजत प्रतिमा के रूप में राजसी पालकी में विराजमान होकर प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले।



दोपहर में पशुपतिनाथ मंदिर परिसर से शुरू हुई यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु, कावड़ यात्री और शहरवासी शामिल हुए। पूरे मार्ग में च्हर-हर महादेवज और च्बम-बम भोलेज के जयघोष गूंजते रहे। धार्मिक और सामाजिक संदेशों से जुड़ी झांकियां, खाटू श्यामजी, राधा-कृष्ण रास, महाकाल-रावण और अघोरी ग्रुप के प्रदर्शन यात्रा का मुख्य आकर्षण रहे।

बैंड-बाजे, नासिक ढोल और शहनाई की धुन पर कलाकारों और युवतियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। वीर सावरकर पुलिया, धान मंडी, शुक्ला चौक, गोल चौराहा, गांधी चौराहा और घंटाघर होते हुए पालकी यात्रा देर शाम वापस मंदिर परिसर पहुंची, जहां रात 8 बजे शयन आरती के साथ इसका समापन हुआ। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल तैनात रहा। आयोजकों ने बताया कि यह परंपरा पिछले 14 वर्षों से निरंतर जारी है।

मंदसौर के विश्वप्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भोर में 5 बजे मंदिर के पट खुलते ही मंगला आरती संपन्न हुई, जिसके बाद दर्शन और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान पशुपतिनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक और मनोकामना अभिषेक किया।

मंदिर के पुजारी कैलाश भट्ट ने बताया कि इस विशेष अवसर पर बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर में विशेष पूजा और महाआरती का आयोजन हुआ, वहीं शाम को संध्या आरती के साथ भजन-कीर्तन का दौर चला।

अत्यधिक भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति ने गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित रखा, जिससे श्रद्धालुओं ने बाहर से ही कतारबद्ध होकर सुगम दर्शन किए। भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए परिसर में वाटरप्रूफ टेंट, लाइटिंग, मेडिकल टीम और कारपेटिंग जैसी पुख्ता व्यवस्थाएं की गईं।

## न्यूज-कॉलम

### महिला ने घर की छत पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नीमच।** सिंगोली थाना क्षेत्र के ग्राम धारड़ी में रविवार को 20 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतका की पहचान सिमरन पति शोएब मंसूरी के रूप में हुई है। घटना दोपहर करीब 4 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सिमरन ने घर की छत पर लगे खूंटी से कपड़े का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सिंगोली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। सोमवार को शव एंबुलेंस के माध्यम से नीमच जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां पोस्टमार्टम सहित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विवाहिता ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे मंदसौर के पेंशनर्स

**मंदसौर।** प्रांतीय आह्वान पर पेंशनर एसोसिएशन, म.प्र. विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन और सहयोगी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आज 18 अगस्त को मंदसौर कलेक्टर को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम प्रेषित किया जाएगा। पेंशनर संघ की मुख्य मांगों में जुलाई 2019 से केंद्रीय तिथि के अनुसार महंगाई राहत का नियमित भुगतान, 90 माह के बकाया एरियर का निपटारा, उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार 32 माह का एरियर 6 प्रतिशत ब्याज सहित देना और सातवें वेतन आयोग के पूर्व के पेंशनरों का काल्पनिक वेतन निर्धारण शामिल है। इसके अलावा मुफ्त इलाज की व्यवस्था, पेंशन सारांशीकरण अवधि घटाकर 11 वर्ष 9 माह करने और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग भी की जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों सतीश नागर, डी. के. जैन, खूबचंद शर्मा ने पेंशनरों से उपस्थित रहने की है।

### मंगलवार को आयोजित होगी जनसुनवाई

**रतलाम ।** शासन निदेर्शानुसार जनसुनवाई को नागरिकों के अधिक निकट एवं सुलभ बनाने तथा समस्याओं का सक्षम स्तर पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किये जाने हेतु विकेन्द्रीकृत जनसुनवाई व्यवस्था के तहत सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 11 बजे से दोपहर 1 बजे नगर निगम सभागृह में जनसुनवाई आयोजित की जायेगी जिसमें नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं संवेदनशील निराकरण तथा प्रशासन एवं नागरिकों के मध्य सीधा संवाद किया जायेगा।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**
**ई-नीलामी सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं:** PARKING-RTM -013. **अनुबंध का प्रकार:** पार्किंग स्टेण्ड, **लॉट नं.: PARKING-RTM INDB MX-94-26-1 (Indore PF No. 5/6 Side Unified Parking), अनुबंध की अवधि:** 3 वर्ष। ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **31.08.2026** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।
AK/4/1/208
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**
**ई-नीलामी सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं. **PARKING-RTM-014** अनुबंध का प्रकार - पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. -**PARKING-RTM-DWX-RW-95-26-1 (Dewas Main Side Auto)**, अनुबंध की अवधि-3 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **02.09.2026** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।
Apex/209
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**
**ई-निविदा सूचना**
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते है। **निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2026-27/18 दिनांक 14.08.2026 कार्य का नाम:** TRD Work in connection with CTR and various Engineering work in NAD-BPL & UJN-IND section. **अनुमानित लागत:** Rs. 26,76,800/- **बयाना राशी:** Rs. 53,500/- **समापन अवधि:** 12 Months **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 07.09.2026 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in **नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने।
Apex/210
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## सेवा, सुशासन और विकास के चार वर्ष पूर्ण
# महापौर का त्रिमूर्ति नगर के नागरिकों ने किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

सेवा, सुशासन और विकास के चार वर्ष पूर्ण होने पर त्रिदेव सद्भावना सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में त्रिमूर्ति नगर स्थित डिवाइन मर्सी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में त्रिमूर्ति नगर वासियों ने महापौर प्रहलाद पटेल व वार्ड पार्षद श्रीमती निशा सोमानी को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।



कार्यक्रम में महापौर प्रहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित किया गया विशेष अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद श्रीमती निशा पवन सोमानी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, सह जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाटीदार, एल्डरमेन नारायण सांकला तथा चर्च के फादर विजय कटारा उपस्थित रहे।

समारोह की शुरूआत अतिथियों के आत्मीय स्वागत से हुई। कॉलोनी अध्यक्ष ब्रजेश झा, सचिव रविंद्र सिंह जादौन, आशुतोष पुरोहित, विनोद शर्मा, बसंत कुमार जैन, श्रीमती भगवती शर्मा, संतोष पाटीदार एवं धर्मेंद्र सिंह सोलंकी सहित समिति के सदस्यों एवं नागरिकों ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर त्रिमूर्ति नगरवासियों की ओर से महापौर प्रहलाद पटेल एवं वार्ड पार्षद श्रीमती निशा पवन सोमानी को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नागरिकों ने महापौर के चार वर्ष के कार्यकाल में रतलाम शहर के विकास, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।अपने उद्बोधन में महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि रतलाम का विकास केवल नगर निगम के प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने में सक्रिय सहयोग करने तथा स्वच्छता को अपनी दैनिक जिम्मेदारी का हिस्सा बनाए।



# विद्यार्थियों में तनाव और नकारात्मकता दूर करने की पहल- शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

विद्यार्थियों में बढ़ती मानसिक तनाव, आत्महत्या की प्रवृत्ति और नकारात्मकता को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया है। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में इस दिशा में महत्वपूर्ण नीतियां तय की गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यार्थियों में सकारात्मकता का संचार करने और संवेदनशील कारकों को चिन्हित करने के लिए शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम है। इसके लिए जल्द ही कलेक्ट्रेट में एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें मनोवैज्ञानिक और मनोरोग विशेषज्ञ (साइकेट्रिस्ट) शिक्षकों को काउंसलिंग का प्रशिक्षण देंगे।कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार समिति की गतिविधियों की स्पष्ट रूपरेखा तैयार की जा रही है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अंकिता पंड्या, ट्राईबल संयोजक अंगूर बाला भगोरा सहित विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य उपस्थित रहे और उन्होंने अपने सुझाव साझा किए।

## न्यूज कालम



### होनहार बालिका की उच्च शिक्षा के लिए राजपूत समाज ने जुटाई राशी

**मंदसौर।** राजपूत समाज ने एक बार फिर एकजुटता और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए ग्राम छाजू खेड़ा की मेधावी बालिका नंदिनी की उच्च शिक्षा के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। इंदौर के प्रतिष्ठित हेपजे कॉलेज में चयन होने के बाद नंदिनी आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई का खर्च उठाने में असमर्थ थी।मामला संज्ञान में आने पर समाज के उपाध्यक्ष रिपुदमन सिंह चंद्रावत ने सोशल मीडिया के माध्यम से समाजजनों से सहयोग की अपील की। इस भावुक अपील पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए समाजजनों ने देखते ही देखते 90 हजार रुपये की राशि एकत्रित कर ली।यह सहायता राशि पूर्व विधायक और समाज के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में बालिका नंदिनी को सौंपी गई। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, दिग्विजय सिसोदिया, दौलत सिंह चौहान सहित समाजजनों ने नंदिनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शारदा पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय शारदा पब्लिक स्कूल, पिपलिया मंडी में परंपरानुसार इस वर्ष भी 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नगर परिषद पिपलिया मंडी के उपाध्यक्ष श्री भारत सिंह जी सोनगराके आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या मेंअभिभावक, नागरिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय संस्था के संचालक श्री ओमप्रकाश गहलोत ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, नागरिकों, विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### सरपंच श्रीमती निखलेश कुंवर शक्तावत ने जलोदिया में ध्वजारोहण किया

**पिपलिया मंडी।** 15 अगस्त को जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंदेड़ी की सरपंच श्रीमती निखलेश कुंवर शक्तावत ने जलोदिया गांव में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर ध्वजारोहण करते हुए समस्त ग्राम वासियों के साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर गरीबों के मसीहा,युवाओं के दिलों की आवाज तथा असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष तथा सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने कार्यक्रम को संबोधित किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### सहस्त्र धाराओं से अभिषेक हुआ चमत्कारी मनोकामना महादेव का

**नीमच।** बैकुंठ धाम स्थित 168 वर्ष प्राचीन मनोकामना महादेव मंदिर पर, तीसरे सावन सोमवार के पावन अवसर पर, प्रातः कॉल 5 बजे से दोपहर १ बजे तक भोले बाबा का जलाभिषेक किया गया, तत्पश्चात सुंदर झांकी के रूप में केले के पत्तों की सजावट और केले से भोलेनाथ जी का श्रृंगार किया गया।

# नपा नीमच सीएमओ व तीन अधिकारी-कर्मचारी स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित

**नीमच।** स्थानीय हायर सेकेंडरी क्रमांक २ में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा श्रेष्ठ कार्य के लिए नगर पालिका नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया सहित तीन अधिकारी कर्मचारियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका परिषद नीमच की सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया को सीएम हेल्पलाइन एवं शासन की योजनाओं के त्वरित निराकरण के उत्कृष्ट कार्य हेतु, कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा को कार्यालय अधीक्षक के पदीय दायित्व के साथ साथ स्टोर शाखा, परिषद बैठकों का संचालन व रिकॉर्ड संधारण में उत्कृष्ट कार्य एवं श्री कमल अहीर को जनगणना में उत्कृष्ट कार्य हेतु कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 10 किलो 150 ग्राम अफीम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच



पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशन में नीमच पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्व लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्रीमति हेमलता अग्रवाल व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक सौरभ शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमचकेंट टीम को 51 लाख रुपएं मुल्य की 10 किलो 150 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम सहीत आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। :- 16 अगस्त को उनि जाकिर हुसैन मंसुरी थाना नीमचकेंट को उनके विश्वसनीय मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सुमेर राम पिता अन्नाराम विश्नोई निवासी जोधपुर राजस्थान का अपने साथ अवैध मादक पदार्थ अफीम लेकर राजस्थान तरफ जाने वाली बस के इंतजार में खडा है। जो उनि जाकिर हुसैन मंसुरी द्वारा मुखबीर सूचना पर एन.डी.पी.एस. एक्ट के नियमों का पालन कर आरोपी सुमेर राम पिता अन्नाराम विश्नोई, निवासी झंवर, जिला जोधपुर राजस्थान के कब्जे वाले कपडे के बेग में से कुल चार थैलियों में भरा 10.150 किलोग्राम मादक पदार्थ अफीम जप्त किया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह – आजादी का पर्व, वीरों को नमन किया

**पिपलिया मंडी।** देशभक्ति, उत्साह और गौरव से सराबोर वातावरण में कबीर इंटरनेशनल स्कूल, पिपलिया मंडी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. कमलेश पमनानी, डायरेक्टर डॉ. रश्मि पमनानी, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल जी परमार, प्रिंसिपल श्रीमती रत्न प्रभा रणावत एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती प्रीति कपूर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। राष्ट्रध्वज के सम्मान में सभी ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। पूरा विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से गूंज उठा। समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# कृषि क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**मंदसौर।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में केंद्रीय कृषि फार्म, सूरतगढ़ के स्थापना दिवस के अवसर पर च्कृषि क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरज विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रेरणा मित्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के दौर में कृषि केवल पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि एग्री-टेक, खाद्य प्रसंस्करण और जैविक खेती जैसे क्षेत्रों में उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रीमती पुष्पा वर्मा ने प्राकृतिक खेती, शून्य बजट खेती, जीवामृत और वर्मी कम्पोस्ट के फायदों पर प्रकाश डाला। वहीं, प्रोफेसर वी. सुधाकर राव ने पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और कृषि विपणन में स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी। इस दौरान 1956 में स्थापित सूरतगढ़ यंत्रीकृत कृषि फार्म के ऐतिहासिक महत्व और बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने की तकनीकों का उदाहरण भी विद्यार्थियों के सामने रखा गया।

स्वतंत्रता दिवस की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं.
राजेश सेठिया अध्यक्ष
महेश मालवीय उपाध्यक्ष
गिरीश शर्मा मुख्य् नगरपालिका अधि.
एवं समस्त पार्षदगंज नगर पंचायत गरोठ जिला मंदसौर

# स्मृति दिवस पर साहित्य परिषद की गोष्ठी सम्पन्न

**नीमच।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला नीमच द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित कवि एवं विचार गोष्ठी का प्रारंभ राधेश्याम शर्मा की कविता से हुआ। उन्होंने सहादत हसन मंटो की कहानी टोबा टेकसिंह , खुशवंतसिंह के उपन्यास पंजाब मेल , अमृता प्रीतम के उपन्यास पिंजर का उल्लेख करते हुए विभाजन के शिकार हुए लोगों की वेदना और दर्द को उकेरा। गोष्ठी के प्रारंभ में संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि विभाजन के समय एक ओर देश स्वतंत्रता की खुशियां मना रहा था वहीं लाखों लोग विभाजन का दंश झेलते हुए दुखी होकर रो रहे थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-18**
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मीना पति राजेश जैन क्रेता- प्रतिमा पति जितेन्द्र बंसल वार्ड 63 पता- 18-जी हर्षदीप टावर इन्दिरा काम्पलेक्स नवलखा इन्दौर पिन- 1001310418 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-18**
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मीना पति राजेश जैन क्रेता- प्रतिमा पति जितेन्द्र बंसल वार्ड 63 पता- 17-बी हर्षदीप टावर इन्दिरा काम्पलेक्स नवलखा इन्दौर पिन- 1003092695 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा सम्पत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक- श्रीमती अर्चना पति श्री प्रहलाद राठी वार्ड न. 79 पता- 479 जी सिलिकान सिटी पिन- 1001183599 झोन क्रमांक-21 विक्रय पत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन 18.08.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी वित्त, संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक-21 के सहायक राजस्व अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक-21 नगर पालिक निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-7**
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- जवाहर पिता श्रीनिवास कुलकर्णी व अन्य क्रेता- अरजिन्द कुमार पिता बेचनसिंह व अन्य वार्ड क्रं. 29 पता- 544 स्कीम नं. 54 इन्दौर पिन- 1000965183 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-7**
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सूरजबाई पति किशोरीलाल क्रेता- श्रीमती उपासना पति सुमित शर्मा वार्ड क्रं. 34 पता- 905 स्कीम नं. 114 इन्दौर पिन- 1000990657 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**




## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**सुसनेर।** अमरकोट जोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में श्यामपुरा निवासी बालचंद (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुसनेर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। उक्त जानकारी 108 पैरामेडिकल डॉ. शहजाद खान ने दी।

## समाजसेवी भेरूसिंह लोधी का निधन

**मक्सी।** समाजसेवी भेरूसिंह लोधी (दोन्ता वाले) का रविवार को दुःखद निधन हो गया। चंदसिंह लोधी (लोधी समाज जिला अध्यक्ष) के छोटे भाई एवं ईश्वर सिंह लोधी के बड़े भाई, अमित लोधी एवं अनिल लोधी के पूज्य पिताजी, विनोद लोधी एवं दीपक लोधी के काका तथा राहुल लोधी एवं राजेश्वर लोधी के बड़े पापा थे। उनकी अंतिम यात्रा रविवार प्रातः 10 बजे उनके निज निवास स्थान दोन्ता जागीर से निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, वरिष्ठ नागरिक एवं परिचित शामिल हुए। मुक्तिधाम पहुंचने पर उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी।



## पुष्पद नर्सरी पर शान से लहराया तिरंगा

**सुसनेर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोयत रोड स्थित पुष्पद नर्सरी पर ध्वजारोहण किया गया। नर्सरी संचालक दिनेश माली ने विधिवत तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के दौरान परिसर में देशभक्ति का माहौल नजर आया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## नागपंचमी पर्व पर भक्त जन दर्शन के लिए उमड़े


**खाचरोद।** नगर के प्राचीन मंदिर श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर सावन सोमवार को नागपंचमी पर्व पर भक्तजन पूजन अर्चन व अभिषेक के लिए प्रातः से ताता लग गया। भक्तों द्वारा नागपंचमी पर तेजाजी के मंदिर पर दर्शन पर अपने परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। तेजाजी मंदिर पर सेवक सुरेश कांकर, सत्यनारायण माली, रामलाल माली, नंदकिशोर नागर, नरसिंह मंडावलिया द्वारा दर्शन व्यवस्था की गई। सोमवार की व्रत रख कर महादेव का पूजन अभिषेक भी किया गया। संध्या को भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार कर आरती व प्रसाद वितरण किया।

## कांग्रेस अजा विभाग जिलाध्यक्ष बौद्ध का प्रथम आगमन पर स्वागत



**खाचरोद।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष दिनेश बौद्ध खाचरोद ब्लॉक अध्यक्ष नागदा ब्लॉक अध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति के विधानसभा प्रभारी का खाचरोद प्रथम नगर आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत कांग्रेस के वरिष्ठ जन युवाओं ने किया स्वागत सम्मान में उपस्थित मेरे मार्गदर्शन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल मुकाती गणेश राठौड़ बापू लाल डाबी गोपाल मकवाना भारत यादव विनोद फरासिया दिनेश महेश्वरी निरंजन शर्मा दीपक सेन निसार भाई अंसारी अब्दुल सत्तार मंसूरी राहुल परमार बंटी वरवनिया कैलाश धाकड़ ने कांग्रेस के पदाधिकारीगण का स्वागत सम्मान कर बधाई शुभकामनाएं दीं। साथ ही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत करने की अपील की।

# शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति के नारों से गूंजा अंचल







दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस नगर में हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, सामाजिक एवं सार्वजनिक स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही नगर में देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और राष्ट्रध्वज को सलामी दी। श्रीराम मंदिर धर्मशाला में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं मिडिल स्कूल परिसर में जनपद अध्यक्ष पिंकी राजपाल सिसोदिया ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, राणा विक्रम सिंह सहित भाजपा के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसी क्रम में विधायक कार्यालय पर विधायक भैरोसिंह बापू ने ध्वजारोहण किया। राणा नटवर सिंह चौक पर ब्लॉक अध्यक्ष सज्जनलाल मेघवाल ने तिरंगा फहराया। शहीद पार्क में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री हनु सोनी ने ध्वजारोहण किया। वहीं अंबेडकर पार्क में एनएसयूआई नगर अध्यक्ष प्रसून गोयल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी ने ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### ब्यावरा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लायंस क्लब एवं वैश्य महासम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में ए.बी. रोड पर गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण के साथ हुआ। उपस्थित सदस्यों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान का गायन किया। पूरा परिसर देशभक्ति के नारों एवं राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सावन मास एवं हरियाली तीज की परंपरा को जीवंत करते हुए झूलों की व्यवस्था की गई, जिसका महिलाओं ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व ही नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर भी है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। आयोजन ने राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और पारिवारिक सौहार्द का सुंदर संदेश दिया।

### महिदपुर

सेंट जोसफ कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिदपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने प्राचार्य सोबी थॉमस सर एवं उप प्राचार्य अनीश थॉमस सर के साथ ध्वजारोहण किया। प्रार्थना गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ किया गया। कक्षा आठवीं की छात्रा पिहू पोरवाल ने ग्रीन हाउस की ओर से स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने उद्बोधन द्वारा छात्रों को सदैव सहयोग, त्याग एवं प्रगतिशील विकसित भारत बनाने में अपना योगदान देने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके पश्चात नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी छात्रों को हेड बॉय रजत पंवार द्वारा शपथ दिलवाई। विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस एवं उप प्राचार्य अनिश थॉमस ने सभी छात्रों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। अंत में ग्रीन हाउस की ओर से कक्षा नवीं की छात्रा उर्वशी चौहान ने धन्यवाद भाषण प्रस्तुत किया। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बड़नगर

80वें स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को बड़नगर देशभक्ति के रंग में डूबा रहा। शासकीय-अशासकीय कार्यालयों से लेकर विद्यालयों, अस्पतालों और नगर के प्रमुख चौराहों पर हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। एक दिन पूर्व शुक्रवार को नगर में भव्य वाहन तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जिसने पूरे माहौल को देशमय कर दिया।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को नगर से भव्य वाहन तिरंगा यात्रा विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या के अगुवाई में निकाली गई। सैकड़ों दुपहिया वाहनों पर तिरंगा लगाकर युवा, जनप्रतिनिधि और आमजन शामिल हुए। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और जगह-जगह भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में चार चांद लगा दिए।

गांधी चौक पर आयोजित मुख्य समारोह में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या ने ध्वजारोहण किया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। उन्होंने देश की एकता-अखंडता बनाए रखने और बड़नगर के विकास में सहभागिता का आह्वान किया। नगर के विभिन्न स्थानों पर हुए ध्वजारोहण गणमान्य लोगों ने किया।

### जगोटी

स्वाधीनता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों में परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन पंचायत भवन में सैकड़ों ग्रामीणों व स्कूली बच्चों की उपस्थिति में सरपंच राहुल मुकाती ने ध्वजारोहण किया। पंचायत सचिव पप्पू शर्मा ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया, यहां उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित की गई।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगोटी में शाला प्रबंधन समिति सदस्य रजनीश तिवारी ने ध्वजारोहण किया, अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य गंगाराम बमनावत ने विद्यार्थियों को स्वाधीनता आंदोलन के बारे में जानकारी देते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे। शासकीय आयुर्वेद औषधालय में चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रिया पान्टेल व डा टीना सेंगर की उपस्थिति में सरपंच ने भारत माता व भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर स्वाधीनता दिवस मनाया। सरस्वती शिशु मंदिर, प्रांशी राज नेशनल पब्लिक स्कूल, विनायक एकाडमी, शासकीय कन्या व बालक माध्यमिक विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने स्वाधीनता दिवस पर गांव में प्रभात फेरी निकालते हुए राष्ट्रीय नारे लगाए। विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ मिठाई वितरित की गई।

### सोनी परिवार की तीन पीढ़ियों ने अलग-अलग स्थानों पर किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों में सुसनेर में एक खास संयोग भी चर्चा का विषय रहा। सोनी परिवार की तीन पीढ़ियों ने नगर में अलग-अलग स्थानों पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ध्वजारोहण किया, जबकि उनके पुत्र एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने श्रीराम मंदिर धर्मशाला में तिरंगा फहराया। वहीं प्रदीप सोनी के पुत्र एवं एबीवीपी नगर मंत्री हनु सोनी ने शहीद पार्क में ध्वजारोहण किया। एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों द्वारा एक ही दिन नगर के अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर राष्ट्रध्वज फहराना स्वतंत्रता दिवस के आयोजन का विशेष आकर्षण रहा।

### खाचरौद

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खाचरौद द्वारा पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर के नेतृत्व में शुक्रवारिया बाजार में झंडावंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया तथा स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

ध्वजारोहण के अवसर पर पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी आजादी के पश्चात लोकतंत्र की स्थापना करके संविधान में प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान ओर स्वतंत्रता प्रदान की है। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# खुशियों के ओटले पर 50 महिलाओं को बांटे छाते, जन्मदिन पर डॉ. वर्मा ने की सेवा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



शहर में विगत कई वर्षों से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटला पर सेवा और मानवता की मिसाल देखने को मिली। घोड़ा पछाड़ गांव निवासी डॉ. रवि वर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंद 50 महिलाओं को नए छाते वितरित किए। इस दौरान बच्चों को फल एवं चॉकलेट भी बांटी गई।

खुशियों का ओटला ब्यावरा की ऐसी सामाजिक धरोहर है, जो वर्ष 2015 से जरूरतमंद एवं गरीब वर्ग की सहायता के लिए निरंतर सेवा कार्य कर रही है ओटला संचालक डॉ. सुरजीत सिंह अजमानी ने बताया कि डॉ. रवि वर्मा पिछले चार वर्षों से लगातार अपना जन्मदिन खुशियों के ओटले पर आकर जरूरतमंदों के बीच मनाते आ रहे हैं। इस बार बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने जरूरतमंद महिलाओं के लिए छातों का वितरण करने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर डॉ. रवि वर्मा के साथ उनकी धर्मपत्नी एवं मित्र भी मौजूद रहे। डॉ. रवि वर्मा ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हम महंगे होटलों में जाकर जन्मदिन मनाने और पैसा खर्च करने के बजाय जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर उनकी खुशियों में शामिल हों और उनके जीवन में थोड़ी राहत व खुशी लाने का प्रयास करें। डॉ. सुरजीत सिंह अजमानी ने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व है कि वह जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि यदि समाज का सक्षम वर्ग अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों का सहयोग करे तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने लोगों से शहर को स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान खुशियों का ओटला के सदस्यगण, वॉलेंटियर, महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे। संस्था की ओर से डॉ. रवि वर्मा एवं उनके परिवार का इस सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## अंजुमन इस्लाम कमेटी ने निकाली तिरंगा यात्रा

# कौमी एकता की दिखी मिसाल इंसानियत का पैगाम लेकर निकली रैली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर में स्वतंत्रता दिवस पर शाही जामा मस्जिद के मदरसे के परिसर का नजारा कौमी एकता और देशप्रेम का संदेश देता नजर आया। शहर की सबसे बड़ी शाही जामा मस्जिद में संचालित मदरसा तैय्यब लिलबानात में अंजुमन इस्लाम कमेटी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया। शहर सदर एमए अलीम बाबा ने तिरंगा फहराकर सलामी दी। इसके बाद दीनी तालीम ग्रहण कर रही छात्राओं ने राष्ट्रगान जन-गण-मन गाया। कमेटी के सदर एमए अलीम बाबा ने बताया कि मदरसे में हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बच्चों में देशप्रेम और भाईचारे का संदेश दिया जाता है।

कार्यक्रम से पहले अंजुमन इस्लाम कमेटी की ओर से इंसानियत पैगाम रैली निकाली गई। मदरसे के छात्र-छात्राएं रैली में शामिल हुए। रैली गांधी चौक से शुरू होकर टेंशन चौराहा, अंबे माता मंदिर चौराहा, जामा मस्जिद चौराहा, मडाई हाट, सदर बाजार और पत्ती बाजार होते हुए गांधी चौक पहुंची। यहां रैली का समापन हुआ। रैली के दौरान बच्चों ने इंसानियत, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। स्वतंत्रता दिवस पर शहर की सडकों से गुजरती रैली ने कौमी एकता की मिसाल पेश की। बच्चों को केले और मिठाइयां बांटी गईं। विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सदर रफीक सेठ, डॉ. रफीक शेख, अनीस मामू, कारी अब्दुल रशीद, हाफिज सलाम, मौलाना आशिक, काहीद सेफी, जाहिद पटवा, तौफीक कुरैशी, कमरूद्दीन कुरैशी, आशिक मेव मौजूद रहे।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कर्मचारियों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित

**टोकखुर्द।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोकखुर्द मे पदस्थ संगणक सलीम शेख, बीईई गोवर्धनसिंह पारसनिया का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि दोनों कर्मचारियों के परिवारजन थे। अध्यक्षता सीबीएमओ डॉक्टर माया कल्याणी ने की। विशेष अतिथि के रूप में डॉ संदीप कौशल, अजहरूद्दीन शेख, योगेश डोरिया, राजेश नागर, प्रीति जैन आदि थे। सर्वप्रथम शेख एवं पारसनिया को प्रशस्ति पत्र व पुष्पमालाओ से स्वागत किया गया। सीबीएमओ डॉक्टर कल्याणी ने उनकी सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए ईमानदारी व कर्तव्य के साथ किए गए कार्यों की प्रशंसा की। अतिथि डॉक्टर शेख, डॉ कौशल, सुपरवाइजर विक्रमसिंह नागर, दिनेश कारपेंटर, हरीश सोलंकी, गुलरेज शेख, राकेश चौहान आदि ने उनके साथ किए गए कार्यों से अवगत कराया। शेख एवं पारसनिया सर ने भी अपने उद्बोधन मे कहां की क्रमशः अपनी 30 एवं 40 वर्षों की सेवा सभी के सहयोग से कार्य में सफलता प्राप्त की। वैसे तो शेख सर 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए हैं। और पारसनिया सर 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इन दोनों के बीच का समय स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के शुभ अवसर पर दोनों की एक साथ विदाई समारोह सबकी मंशा अनुसार रखा गया। इस अवसर पर विभाग के सभी मैदानी कर्मचारीगण उपस्थित हुए। संचालन रायसिंह मालवीय ने किया। आभार अशोक कामदार ने माना।

# एमपीएस एकेडमी ने सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक




दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

एमपीएस एकेडमी की कबड्डी टीम ने सीबीएसई क्लस्टर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन श्री सांदीपनि इंटर-नेशनल स्कूल, चंद्रावतीगंज में किया गया। एमपीएस एकेडमी की टीम ने प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत गरिमा विद्या विहार, इंदौर और श्रमोदय आवासीय विद्यालय, भोपाल के विरुद्ध जीत के साथ की। दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम ने अपने पूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके बाद प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम ने मातुश्री अहिल्यादेवी पब्लिक स्कूल, इंदौर को पराजित कर अगले चरण में प्रवेश किया। वहीं क्वार्टर फाइनल में सेंट पॉल स्कूल, भोपाल के विरुद्ध जीत दर्ज करते हुए टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। सेमीफाइनल मुकाबले में एमपीएस एकेडमी का सामना संस्कार एके-डमी, पचोर से हुआ। पूरे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। टीम में शिवराज सिंह सोलंकी, युवराज सिंह, भविष्य शर्मा, आयुष, नितेश, अमन पारोलिया, शिवराज सिंह एवं कृष्णा प्रजापत शामिल रहे।

# इकलेरा में जमीन विवाद को लेकर गोली चली, एक की मौत, दो घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले के तलेन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इकलेरा में पुराने जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया जिसके चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें गहन उपचार हेतु शुजालपुर रेफर किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार तलेन के पास ग्राम इकलेरा में पुरानी जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के चलते फौज से रिटायर्ड एक्समेन दिलीप पिता आत्माराम प्रजापति ने 12 बोर लाइसेंसी बंदूक से 3 लोगों पर गोली चला दी, गोली लगने से दिलीप मोहबे की मृत्यु हो गई जबकि सतीश जाटव और मुकेश जाटव गंभीर रूप से घायल हो गए, दोनों घायलों को उपचार हेतु शुजालपुर रेफर किया गया, मुख्य आरोपी दिलीप पिता आत्माराम प्रजापति और उसका साथी बड़ा भाई सुरेश पिता आत्माराम दोनों 12 बोर बंदूक लेकर मोटर साइकल से भाग रहे थे पुलिस ने अपराध क्रमांक 127/26 धारा 296 बी, 103 ए, 109 (1) एससी, एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्जकर जांच में जुट गई। पुलिस ने 12 बोर बंदूक सहित दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## नपा सीएमओ दीपक रानवे की माता शांतिबाई का निधन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

समाजसेवी स्वर्गीय पीरूलाल रानवे की धर्मपत्नी एवं नगर पालिका सारंगपुर एवं नपं पचोर सीएमओ दीपक रानवे की माताजी शांतिबाई रानवे का रविवार सुबह दुखद निधन हो गया। उनके देवलोकगमन से सारंगपुर शहर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्वर्गीय शांतिबाई धार्मिक विचारों वाली, सरल एवं अत्यंत स्नेही स्वभाव की महिला थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर के गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों व समाजजनों ने शोक व्यक्त किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर गौ-पूजन, गौ-आहार एवं ध्वजारोहण कर बांटी मिठाइयां

**बड़नगर।** 80 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गोपाल गौशाला में संस्था भारत विकास परिषद द्वारा ध्वजारोहण, गौ-पूजन एवं गौ-आहार कराया गया। मुख्य अतिथि गोपाल गौशाला अध्यक्ष डॉ. वासुदेव काबरा एवं परम गौ भक्त विनोद बम ने आजादी के इतिहास में लाल-बाल-पाल अर्थात लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक और विपिंद चंद्रपाल सहित अनेक महान क्रांतिकारी नेताओं को नमन करते हुए उपस्थित सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नितेश गोधा धर्म उत्साही ने स्वागत भाषण में स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह आजादी हमें यूं ही नहीं मिली इस आजादी को प्राप्त करने के लिए अनेक वीर शहीदों ने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। साथ ही माधुरी शर्मा, शैलेश ओरा एवं डॉ.आशीष तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गौ-पूजन एवं गौ-आहार कराया गया। इस अवसर पर डॉ.अंशुल गुप्ता, राजकुमार छाजेड़, विष्णु पोरवाल, महेंद्र पोरवाल, ललित गुप्ता, कुशल आंचलिया, मनोज बाकलीवाल, अंकित खाबिया, अमूल्य जैन, आकाश बोहरा, पुनीत छाजेड़, तृप्ति पाटीदार, वैशाली गोधा, अमीशा आंचलिया,रानी पोरवाल,शिखा तिवारी, रीता छाजेड़, मोनिका छाजेड़ उपस्थित रहे।







अक्सर आपने घर के बड़ों को ये कहते सुना होगा कि इलायची वाला दूध हर किसी को पीना चाहिए। इसके असल फायदे अगर आपको नहीं पता हैं तो जानिए...

# कई परेशानियों में रामबाण है इलायची वाला दूध



**दूध** को हमेशा से एक संपूर्ण आहार माना गया है, और जब इसमें इलायची जैसी औषधीय जड़ी-बूटी मिलाई जाती है तो इसके फायदे और भी बढ़ जाते हैं। इलायची वाला दूध न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि यह शरीर को अंदर से मजबूत बनाने में भी मदद करता है। घरों में बड़े-बुजुर्ग अक्सर इसे पीने की सलाह देते हैं, खासकर रात के समय, ताकि नींद अच्छी आए और शरीर को आराम मिल सके। आयुर्वेद में भी इलायची को एक महत्वपूर्ण औषधि माना गया है, जो पाचन सुधारने, तनाव कम करने और शरीर को डिटॉक्स करने में सहायक होती है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जब लोग तनाव और थकान से जूझ रहे हैं, ऐसे में इलायची वाला दूध एक आसान और प्राकृतिक उपाय के रूप में देखा जा सकता है। इस लेख में हम इसके प्रमुख स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानेंगे।



## पाचन तंत्र को मजबूत बनाए

इलायची में मौजूद प्राकृतिक तेल और एंटीऑक्सीडेंट्स पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। यह गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में सहायक हो सकता है।

## तनाव और चिंता में राहत

इलायची की खुशबू और इसके औषधीय गुण मानसिक तनाव को कम करने में मदद करते हैं। रात में इलायची वाला दूध पीने से नींद बेहतर आती है और दिमाग शांत रहता है।

## इम्यूनिटी को मजबूत करे

दूध और इलायची दोनों में मौजूद पोषक तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से बेहतर तरीके से लड़ पाता है।

## सांसों की बदबू से छुटकारा

इलायची में मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण मुंह की बदबू को कम करने में मदद कर सकते हैं, जिससे ओरल हेल्थ बेहतर रहती है।



## शरीर को डिटॉक्स करने में मददगार

इलायची वाला दूध शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद कर सकता है, जिससे स्किन हेल्थ और एनर्जी लेवल में सुधार होता है।

## हड्डियों को मजबूत बनाए



दूध में मौजूद कैल्शियम और इलायची के पोषक तत्व मिलकर हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं और जोड़ों के दर्द में भी राहत दे सकते हैं।

## त्वचा को बनाए हेल्दी

इलायची वाला दूध शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है, जिससे त्वचा साफ और ग्लोइंग बनी रहती है।

## वजन कंट्रोल में मदद

अगर बिना चीनी या कम चीनी के लिया जाए तो यह मेटाबॉलिज्म को सपोर्ट करता है और वजन नियंत्रित रखने में मदद कर सकता है।

## हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद

इलायची में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं, जिससे दिल की सेहत को सपोर्ट मिलता है।

## अच्छी नींद में मददगार

रात को सोने से पहले इलायची वाला दूध पीने से दिमाग रिलैक्स होता है और नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। यह अनिद्रा की समस्या में भी राहत दे सकता है।

# ब्लैक कॉफी सबसे अच्छी प्री-वर्कआउट ड्रिंक है?

ब्लैक कॉफी पीने का चलन वर्तमान में बहुत ज्यादा बढ़ गया है। लेट नाइट ऑफिस का काम करना हो, स्ट्रेस कम करना हो या फिर वेट लॉस, ब्लैक कॉफी कई लोगों की डाइट का हिस्सा बन चुकी है। अगर आप भी वजन कम करने या वर्कआउट के दौरान अच्छी परफॉर्मेंश देना पसंद करते हैं, तो आपने भी कई बार सुना होगा कि ब्लैक कॉफी बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक है। जिम जाने वाले लोगों से लेकर कई फिटनेस एक्सपर्ट तक, एक्सरसाइज या वर्कआउट करने से पहले ब्लैक कॉफी पीना पसंद करते हैं। लेकिन, क्या वास्तव में वर्कआउट से पहले ब्लैक कॉफी पीने से फैट बर्न करने में मदद मिल सकती है।



ब्लैक कॉफी वर्कआउट से पहले पी जाने वाली एक कम कैलोरी वाली ड्रिंक है। इसमें मौजूद कैफीन के कारण एनर्जी, फोकस और एक्सरसाइज अच्छी तरह करने में मदद मिल सकती है। ब्लैक कॉफी फैट बर्निंग प्रक्रिया को बेहतर बना सकती है, लेकिन इसे वजन कम करने का उपाय नहीं माना जा सकता है। अगर आप संतुलित आहार और नियमित एक्सरसाइज नहीं करते हैं तो यह आपकी फिटनेस जर्नी में रुकावट बन सकता है। इसलिए, ब्लैक कॉफी पीने के साथ हेल्दी डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज करना भी जरूरी है।






सुथार ने 4, जडेजा ने 3 विकेट लिए; खराब रोशनी से तीसरे दिन स्टंप्स

# श्रीलंका पहली पारी 284 पर ऑलआउट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गॉल टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई। इसके साथ ही भारत को पहली पारी में 178 रन की बढ़त मिल गई। भारत ने पहली पारी में 462 रन बनाए थे। खराब रोशनी के चलते दिन का खेल समय से पहले खत्म कर दिया गया।

श्रीलंका से सोनल दिनूषा ने 100 रन की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। निरोशन डिकवेला ने 80 रन बनाए। दोनों ने छठे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की।

भारत की ओर से मानव सुथार ने 4 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को 3 विकेट मिले। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 350 विकेट भी पूरे किए। कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। देवदत्त पडिक्कल ने 167 रन की पारी खेली। केएल राहुल ने 82 और ध्रुव जुरेल ने 51 रन बनाए।




गॉल में मौसम खराब होने के कारण तीसरे दिन का खेल समय से पहले खत्म कर दिया गया। आसमान में घने बादल छाने और तेज हवा के साथ बारिश की आशंका के बाद अंपायर्स ने स्टंप्स घोषित कर दिए। चौथे दिन खेल सुबह 9:45 बजे शुरू होगा।

श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर ऑलआउट हो गई। मानव सुथार ने लाहिरू कुमारा को 10 रन पर स्टंपिंग कराकर श्रीलंका की पारी समाप्त की। कुमारा ने शॉट खेलने के लिए क्रीज से बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन गेंद को मिस कर गए। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कोई गलती नहीं की और गिल्लियां बिखेर दीं। यह सुथार का पारी में चौथा विकेट रहा।

श्रीलंका को 77.5 ओवर में आठवां झटका लगा। मानव सुथार ने प्रभात जयसूर्या को 10 रन पर आउट कर दिया। जयसूर्या ने स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर हवा में चली गई। डीप स्क्वायर लेग पर ध्रुव जुरेल ने आगे दौड़ते हुए कैच पकड़ा।

# भारत हॉकी वर्ल्डकप में इंग्लैंड से छठा मैच हारा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत को मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के विरुद्ध 4-2 की हार झेलनी पड़ी है। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस टूर्नामेंट में छठा मैच हारी है। उसे पिछले 32 साल से जीत का इंतजार है। एम्सटेलवीन के वैगेनर स्टेडियम में भारतीय टीम की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह और दिलप्रीत सिंह ने गोल किए। लेकिन, ये गोल जीत के लिए काफी नहीं थे। इंग्लैंड की ओर से बंडुराक ने पेनल्टी पर 2 गोल स्कोर किए। हेनरी क्रॉफ्ट और स्टुअर्ट रशमेयर ने एक-एक गोल किए। अगला मैच 19 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ होगा। इंडिया ने पहले मैच में वेल्स को 3-1 से हराया था। इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 4-1 से हराया था।

**भारत:** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत सिंह, अभिषेक, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, दिलप्रीत सिंह, मंदीप सिंह, सुमित, नीलकंठ शर्मा, लालगे आदित्य अर्जुन, शशिकुमार मोहिथ होन्नेनहल्ली, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुखजीत सिंह, यशदीप सिवाच, संजय, सूरज करकेरा।

## जडेजा के टेस्ट में 350 विकेट पूरे, टॉप-4 ऑलराउंडर में शामिल

**नई दिल्ली।** जडेजा टेस्ट में 4 हजार रन और 350 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के चौथे खिलाड़ी बने। वे ऐसा करने वाले कपिल देव के बाद सिर्फ दूसरे भारतीय हैं। वहीं मानव सुथार ने मैच की अपनी पहली ही गेंद पर दिनेश चांडीमल को आउट किया। जडेजा टेस्ट 4,000 से ज्यादा रन बनाने और 350 से ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के केवल चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले इंग्लैंड बॉथम, भारत के कपिल देव और न्यूजीलैंड के विटोरी यह कारनामा कर चुके हैं। जडेजा के कुल 351 विकेट हो गए हैं। सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के तीसरे लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं।

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

## नैनो न्यूज

- **गिल का शानदार कैच** – गॉल टेस्ट में कप्तान शुभमन गिल ने कमिंदु मेंडिस का एक हाथ से शानदार कैच लेकर सभी को चौंका दिया।
- **श्रीलंका पर भारत का दबाव** – भारत के 462 रन के जवाब में श्रीलंका तीसरे दिन लंच तक 99/5 पर पहुंच गया। भारत मजबूत स्थिति में है।
- **पडिक्कल का शतक** – देवदत्त पडिक्कल ने श्रीलंका के खिलाफ 167 रन की शानदार पारी खेलकर टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा।
- **महिला हॉकी में चीन से ड्रॉ** – विश्व कप के शुरूआती मुकाबले में भारत ने ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 2-2 से बराबरी पर रोका।
- **इंग्लैंड से भिड़ेगा भारत** – पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत आज इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगा। भारत की नजर 1994 के बाद पहली विश्व कप जीत पर है।
- **बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप शुरू** – दिल्ली में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप शुरू हो गई। पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग से भारत को उम्मीदें हैं।
- **सिंधु की नजर पदक पर** – भारत में 17 साल बाद हो रही विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में पीवी सिंधु भारतीय चुनौती की प्रमुख खिलाड़ी हैं।
- **ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश से झटका** – बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर ऐतिहासिक टेस्ट जीत दर्ज की।

बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में 3 गेम में मात दी, पीवी सिंधु भी जीतीं

# भारत के आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड चैंपियन को हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के युवा बैडमिंटन स्टार आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के पहले राउंड में वर्ल्ड चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यू ची को हरा दिया।

नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में सोमवार से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में दुनिया में 22वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने मेंस सिंगल्स का यह मुकाबला 21-14, 13-21, 21-19 से जीता। आयुष शेट्टी ने 2023 में वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी पहचान बनाई। उन्हें सबसे बड़ी कामयाबी 2025 यूएस ओपन में मिली। उन्होंने फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराकर अपना पहला इहक्र वर्ल्ड टूर खिताब जीता। उन्होंने 2026 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल किया था। भारत की पीवी सिंधु ने भी जीत से शुरूआत की। सिंधु ने विमेंस सिंगल्स के पहले राउंड में आयरलैंड की सोफिया नोबल को 29 मिनट में 21-7, 21-11 से हराया। दूसरे राउंड में सिंधु का मैच कनाडा की वेन यू झांग से होगा।




वर्ल्ड नंबर-9 सिंधु ने पहले गेम में 8-0 की बढ़त बना ली। फिर 21 साल की सोफिया को वापसी का मौका नहीं दिया।

दूसरे गेम में 141वीं रैंकिंग वाली नोबल ने बेहतर प्रदर्शन किया। ब्रेक तक सिंधु से सिर्फ 3 अंक पीछे थीं। फिर सिंधु ने अगले 13 में से 10 अंक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### पेटलावद में अवैध संबंधों के शक में किसान की हत्या

**झाबुआ।** पेटलावद पुलिस ने अटल बस्ती में हुए किसान हरिराम हत्याकांड का खुलासा किया। मामले में मुख्य आरोपी देवा उर्फ देवीलाल सिंगाड समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकाला और उन्हें न्यायालय में पेश किया। घटना 2 अगस्त की रात की है। अटल बस्ती निवासी भुलीबाई (42) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, उसके परिचित हरिराम पिता गोमाजी गेहलोत निवासी धुलेट, जिला धार के साथ देवा सिंगाड और अन्य लोगों ने गाली-गलौज कर मारपीट की थी। हमले में हरिराम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### अधूरी नाली से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**धार।** धार शहर के मगजपूरा स्थित वार्ड क्रमांक 9 में नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा नाली निर्माण कार्य कई दिनों से अधूरा पड़ा है। निर्माण पूरा न होने के कारण नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, नाली निर्माण का काम शुरू तो किया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद इसे अधूरा छोड़ दिया गया। इस वजह से लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी जमा होने से पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं।

### 35 छात्राएं रात में हॉस्टल से निकलकर थाने पहुंची

**धार।** धार जिले के निसरपुर स्थित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर में छात्रावास की व्यवस्थाओं को लेकर हंगामा हो गया। करीब 35 छात्राएं रविवार रात लगभग 10 बजे खिड़की से निकलकर कुक्षी थाने की ओर पैदल रवाना हो गईं। रात में छात्राओं को सड़क पर देख स्थानीय लोगों ने उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और रास्ते में उनके साथ रहे। छात्राओं ने छात्रावास की क्षमता, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर शिकायतें की हैं। उनका कहना है कि छात्रावास की क्षमता करीब 50 बेड की है और वहां 140 छात्राओं को रखा गया है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि उन्हें निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन और नाश्ता नहीं मिल रहा है।

केसवी बालिका छात्रावास जर्जर

### वार्डन पर दुर्व्यवहार का आरोप एसडीएम को दिया ज्ञापन



**धार।** धार के गंधवानी विकासखंड स्थित केसवी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने जर्जर भवन की समस्या को लेकर प्रशासन से नया छात्रावास भवन बनाने की मांग की है। छात्राओं का आरोप है कि वर्तमान भवन बेहद खराब स्थिति में है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। छात्राओं ने वार्डन पर कथित दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग भी की। इस संबंध में छात्राओं ने धार कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एसडीएम राजकुमार हलदर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्राओं ने बताया कि केसवी स्थित बालिका छात्रावास का वर्तमान भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। भवन की स्थिति के कारण छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नया छात्रावास भवन बनाए जाने की मांग की। छात्राओं ने छात्रावास की वार्डन पर कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की गहन जांच कराने और आरोप सही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन मिलने के बाद एसडीएम राजकुमार हलदर ने संबंधित अधिकारी को तत्काल छात्रावास का निरीक्षण करने और छात्राओं की शिकायतों की जांच करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर

## नैनो न्यूज

- **प्रॉपर्टी कारोबार में फिर तेजी-** इंदौर में अप्रैल-जुलाई के दौरान 58,549 संपत्ति दस्तावेज पंजीकृत हुए, पिछले वर्ष से 8.5 प्रतिशत अधिक कारोबार दर्ज हुआ।
- **पंजीयन आय में सौ करोड़ बढ़ोतरी-** संपत्ति पंजीयन से सरकार को अप्रैल-जुलाई में 820.41 करोड़ रुपए मिले, पिछले वर्ष की तुलना में आय 14 प्रतिशत बढ़ी।
- **जुलाई में भी प्रॉपर्टी मांग-** जुलाई में इंदौर में 17,664 दस्तावेज पंजीकृत हुए, पिछले वर्ष के मुकाबले 823 अधिक पंजीयन हुए, जिससे बाजार में तेजी दिखी।
- **सराफा बाजार में सोना महंगा-** 17 अगस्त को सोने के भाव में तेजी रही। 24 कैरेट सोना देशभर में करीब 1.55 लाख रुपए प्रति दस ग्राम पहुंचा।
- **चांदी के भाव में भी उछाल-** सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी 17 अगस्त को तेजी दर्ज हुई। त्योहारी मांग के बीच सराफा कारोबारियों की गतिविधियां बढ़ीं।
- **इंदौर में विदेशी सोना जब्त-** डीआरआई ने इंदौर में तीन किलो विदेशी सोना जब्त किया। सोना तस्करी नेटवर्क से जुड़े संभावित खरीदारों की तलाश जारी है।

40 लीटर पानी और 4 लीटर फोम की क्षमता, तंग गलियों में साबित होगी कारगर

# आग को अब 64 लाख की लागत से बनी 4 फायर बाइक बुझाएगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में आगजनी की घटनाओं पर अब फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ियों के साथ फायर बाइक भी तेजी से मोर्चा संभालेंगी। नगर निगम के अग्निशमन बेड़े में 4 अत्याधुनिक फायर बाइक शामिल की गई हैं।

करीब 16 लाख रुपए कीमत वाली प्रत्येक बाइक पर लगभग 64 लाख रुपए खर्च हुए हैं। इन्हें खास तौर पर इस तरह मॉडिफाई किया गया है कि संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में भी आसानी से पहुंचकर आग पर काबू पाया जा सके। इन बाइकों को शहर के अलग-अलग हिस्सों में तैनात किया जाएगा। रविवार को ही मुख्यमंत्री ने इन्हें हरी झंडी दिखाई थी। निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के मुताबिक, आकस्मिक अग्नि दुर्घटनाओं में बड़े फायर वाहनों के पहुंचने में लगने वाले समय को कम करने के लिए इनका इस्तेमाल किया जाएगा।

**भीड़भाड़ वाले इलाकों में ज्यादा उपयोगी-** शहर के कई हिस्सों में सड़कें और गलियां इतनी संकरी हैं कि बड़े फायर वाहन आसानी से घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाते। खासकर छप्पन दुकान, सराफा बाजार और अन्य व्यस्त बाजार क्षेत्रों में आग लगने पर शुरूआती मिनटों में कार्रवाई बेहद महत्वपूर्ण होती है। ऐसे स्थानों पर फायर बाइक तेजी से पहुंचकर आग को शुरूआती स्तर पर नियंत्रित करने में मदद करेगी।

### 40 लीटर पानी, 4 लीटर फोम की क्षमता

फायर बाइक में 40 लीटर तक पानी और 4 लीटर फोम रखने की सुविधा है। खास बात यह है कि जरूरत पड़ने पर आसपास मौजूद बोरिंग, कुएं, बावड़ी, नदी-नाले, तालाब या अन्य जलस्त्रोतों से भी पानी लेकर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। डेवलपर बी.एल.टोंगल और इंजीनियर शैलेंद्र नागर के मुताबिक, पानी की उपलब्धता बनी रहे तो मशीन को लंबे समय तक लगातार चलाया जा सकता है। बीएस टोंगल के मुताबिक, बाइक में हाई प्रेशर वाटर मिस्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। पानी बेहद छोटे कणों के रूप में निकलने के कारण कम मात्रा में पानी का इस्तेमाल कर आग को तेजी से नियंत्रित करने का दावा किया गया है। इससे आग को शुरूआती स्तर पर तेजी से नियंत्रित किया जा सकता है।

15 अगस्त का लॉन्ग वीकेंड भी बीता

# शनिवार से शुरू होगी पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

15 अगस्त का लॉन्ग वीकेंड गुजर गया, लेकिन बारिश के मौसम में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहने वाली पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन अभी तक पटरी पर नहीं लौट सकी है। पातालपानी का झरना इन दिनों पूरे वेग से बह रहा है, पहाड़ हरियाली से ढके हैं और घाटियों में बादलों का डेरा है। ऐसे मौसम में पर्यटक हेरिटेज ट्रेन के शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। रेलवे भी ट्रेन संचालन से पहले अंतिम तैयारियों में जुटा है।



हेरिटेज ट्रेन का पूरा रैक मेंटेनेंस के बाद बीकानेर से इंदौर पहुंच चुका है। रविवार सुबह रैक लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पहुंचा। अब इसे महू के रास्ते पातालपानी ले जाया जाएगा। वहां क्रेन की मदद से कोचों को ट्रैक पर उतारकर इंजन के साथ जोड़ा और अलाइन किया जाएगा। इसके बाद रेलवे ट्रायल रन करेगा। पिछले साल हेरिटेज ट्रेन 26 जुलाई से 16 नवंबर 2025 तक संचालित हुई थी। इसके मुकाबले इस साल अगस्त का आधा महीना बीतने के बाद भी यात्री सेवा शुरू नहीं हो पाई है।

### ट्रायल में इन व्यवस्थाओं की होगी जांच

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रायल रन के दौरान रैक, ट्रैक, संचालन व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। ट्रायल में सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप मिलने पर यात्री संचालन की अनुमति दी जाएगी। रेलवे की मौजूदा तैयारी अगले सप्ताह शनिवार से हेरिटेज ट्रेन शुरू करने की है। इस बार ट्रेन शुरू होने में देरी की मुख्य वजह रैक का मेंटेनेंस बताया जा रहा है। आमतौर पर मानसून के दौरान पातालपानी-कालाकुंड की यात्रा पर्यटकों की पसंद रहती है।

## बाणगंगा में रेस्टोरेंट कर्मचारी की हत्या

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बाणगंगा इलाके में रेस्टोरेंट कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव रेलवे पटरी के पास मिला। पुलिस के मुताबिक, रेस्टोरेंट के हिसाब को लेकर हुए विवाद के बाद मालिक के बेटे राहुल ने कर्मचारी श्रीराम राजपूत (55) पर चाकू से हमला किया था। रात में रेलवे क्रॉसिंग से आने-जाने वाले लोगों ने पटरी के पास शव पड़ा देखा। शव को कुत्ते नोच रहे थे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। टीआई सियाराम गुर्जर के मुताबिक, पुलिस को रेलवे पटरी के पास शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। श्रीराम के चेहरे पर चाकू के निशान मिले हैं। पुलिस ने रेस्टोरेंट के कर्मचारियों से पूछताछ की तो पता चला कि शाम को हिसाब कम होने की बात पर श्रीराम और राहुल के बीच कहासुनी हुई थी।




2 करोड़ के प्लॉट पर धोखाधड़ी

## 60 लाख रुपए बयाना लेकर नहीं लौटाए पिता की मौत के बाद बेटे पर केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

विजयनगर पुलिस ने करीब 2 करोड़ रुपए के एक भूखंड के सौदे में 60 लाख रुपए की बयाना राशि वापस नहीं करने के मामले में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक व्यापारी ने भूखंड के सौदे के लिए करीब 60 लाख रुपए दिए थे। सौदा करने वाले व्यक्ति की मौत के बाद उसके बेटे ने सौदा निरस्त होने पर 2 प्रतिशत ब्याज के साथ बयाना राशि लौटाने की बात कही, लेकिन बाद में वह अपने वादे से मुकर गया।

विजयनगर पुलिस ने सुनील चौकसे की शिकायत पर पंकज पुत्र भेरूलाल पोरवाल, निवासी उषानगर एक्सटेंशन के खिलाफ सोमवार को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पंकज के पिता भेरूलाल ने इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना के एक प्लॉट का सुनील चौकसे से सौदा किया था। अक्टूबर 2024 में इसके लिए अनुबंध किया गया था। सौदे के तहत 60 लाख रुपए बयाना राशि के रूप में दिए गए थे। इनमें 50 लाख रुपए चेक से और 10 लाख रुपए नकद दिए गए। बाकी राशि रजिस्ट्री के समय देने की बात तय हुई थी। इसके लिए लक्ष्मण नगर गृह निर्माण संस्था का फॉर्म भी भरवाया गया था। अनुबंध के करीब चार महीने बाद भेरूलाल का निधन हो गया। इसके बाद भूखंड की रजिस्ट्री और बाकी भुगतान को लेकर मामला अटक गया। पंकज लगातार रजिस्ट्री और भूखंड आवंटन को लेकर टालमटोल करता रहा। इसके बाद मार्च 2026 में पंकज ने दोबारा नया अनुबंध किया। इसमें तय हुआ कि तीन महीने में भूखंड का आवंटन नहीं होने पर 60 लाख रुपए की बयाना राशि 2 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस कर दी जाएगी। हालांकि, तीन महीने की अवधि बीतने के बाद भी न तो भूखंड का आवंटन कराया गया और न ही सुनील चौकसे की 60 लाख रुपए की राशि वापस की गई।

धामनोद से डेढ़ लाख में हथियार लाने का खुलासा

## चार पिस्टल, रिवॉल्वर और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तेजाजी नगर पुलिस ने पिस्टल, रिवॉल्वर और कारतूस के साथ महू निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चार पिस्टल/रिवॉल्वर और चार कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हथियारों की खरीद-फरोख्त और उन्हें आगे पहुंचाने वाले नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

डीसीपी नरेंद्र रावत की टीम ने महू के शांति नगर निवासी मिथलेश लश्करी को नायता मुंडला क्षेत्र से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक आरोपी बाइक से इलाके में आया था। तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार और कारतूस मिले। पुलिस ने उसकी बाइक भी बरामद कर ली है। पूछताछ में मिथलेश ने पुलिस को बताया कि वह करीब डेढ़ लाख रुपए में हथियार धार के धामनोद से लेकर आया था। अब पुलिस यह पता लगा रही है कि वह हथियार किसे देने जा रहा था और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। पुलिस को आशंका है कि मिथलेश कमीशन लेकर हथियारों की डिलीवरी करता है। हालांकि, शुरूआती पूछताछ में उसने किसी अन्य व्यक्ति के नाम का खुलासा नहीं किया है। पुलिस उसके मोबाइल और संपर्कों की भी जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मिथलेश के खिलाफ बाणगंगा थाने में मारपीट और अपहरण का मामला भी दर्ज है।




### होटल रेटिंग के नाम पर 5.34 लाख की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

हीरानगर थाना क्षेत्र में एक आईटी इंजीनियर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। आरोपियों ने होटल और रेस्टोरेंट को रेटिंग देने के नाम पर भरोसे में लिया और तीन दिनों में उसके बैंक खाते से 5 लाख 34 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। शिकायत के बाद हीरानगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सोमवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लवकुश विहार निवासी लव जैन एक आईटी कंपनी में काम करते हैं।

### दहेज केस में साध्वी को बनाया आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

दहेज प्रताड़ना का एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें विवाह के करीब चार दशक पहले सांसारिक जीवन छोड़कर साध्वी बन चुकी महिला को भी आरोपी बना दिया गया। खास बात यह रही कि साध्वी का परिवार से लंबे समय से कोई संपर्क नहीं था और वह शिकायतकर्ता महिला की शादी में भी शामिल नहीं हुई थी। इसके बावजूद एरोड्रम पुलिस ने उसे दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी बनाते हुए चालान पेश कर दिया।










मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन

# झाबुआ में गंदगी के बीच बना 33.4 किग्रा पनीर जब्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ झाबुआ

झाबुआ जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मेघनगर और थान्दला में संदिग्ध खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की। निरीक्षण में मेघनगर के अगराल के बालाजी मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट से 33.400 ड्ड पनीर जब्त किया गया। इसका किमत लगभग 9,686 रुपए बताई जा रही है। पनीर का सेंपल जांच के लिए भोपाल की राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेशभर में एनालॉग पनीर जैसे संदिग्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के बाद, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने ताबड़तोड़ निरीक्षण शुरू कर दिए हैं।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने मेघनगर के अगराल स्थित बालाजी मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान प्लांट में गंदगी के बीच पनीर बनाया जा रहा था। टीम के मुताबिक पनीर बनाने के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और अनुसूची-4 में तय स्वच्छता और सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। नियमों का पालन नहीं मिलने पर प्लांट संचालक को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। उसे तय मानकों के मुताबिक व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए।



### खराब क्वालिटी के शक में 33.4 किलो पनीर जब्त

पनीर की क्वालिटी पर शक होने के कारण टीम ने 33.4 किलो पनीर जब्त किया। बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 9,686 रुपए बताई जा रही है। प्लांट संचालक के मुताबिक, यह पनीर करीब 290 रुपए प्रति किलो बिकता है। टीम ने पनीर का सेंपल लेकर इसे जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा। लैब रिपोर्ट आने के बाद ही पनीर की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी स्थिति साफ होगी।










मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com